# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : सोमवार, 29 जून, 2026 | वर्ष -01 | अंक-133 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### बिहार के 18 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**पटना।** मौसम विभाग ने आज रविवार को राज्य के सभी 38 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। इसके तहत 18 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है. वहीं शेष 20 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आज राज्य के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ तेज बारिश हो सकती है. जिन 18 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### रविवार की सुबह जापान में आया 6.1 तीव्रता का भूकंप

**जापान।** जापान में रविवार सुबह-सुबह भूकंप के झटके लगे हैं। यहां रविवार सुबह 6.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। हालांकि, इस भूकंप के बाद सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है और न ही किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की कोई खबर है। लेकिन मौसम विभाग ने अगले सप्ताह और भी तेज आफ्टरशॉक्स (झटकों) की आशंका जताते हुए निवासियों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है।

### दरभंगा में मोहर्रम को लेकर बवाल

**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा जिले के कमतौल थाना क्षेत्र के बरिऔल चौक पर रविवार रात मोहर्रम के अवसर पर ताजिया विसर्जन एवं पहलाम के बाद उपद्रव और मारपीट की घटना से इलाके में तनाव फैल गया। उपद्रवियों ने कई घरों, दुकानों और मंदिर परिसर में हमला कर तोड़फोड़ की। घटना में कम से कम छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोप है इस दौरान हिंदुओं के घरों को निशाना बनाया गया।

### कटरा में सड़क हादसे का शिकार हुए CISF के 9 जवान

**कटरा ।** कटरा में हुए एक सड़क हादसे में उक्त्रक्के नौ जवान घायल हो गए हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (GMC) जम्मू रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और बचाव अभियान चलाया।

### पीएम मोदी कैबिनेट में जल्द हो फेरबदल

**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में फेरबदल की चर्चा तेज हो गई है। सत्तारूढ़ दल के शीर्ष स्तर से संकेत मिल रहा है कि यह फेरबदल संभवतः संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले किया जा सकता है। संसद का मानसून सत्र आम तौर पर जुलाई के तीसरे सप्ताह में शुरू होता है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में पार्टी की नई टीम की घोषणा के साथ ही किया जाएगा। माना जा रहा है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व पदाधिकारियों की सूची को अंतिम रूप दे चुका है और "नितिन नवीन की टीम" का एलान जल्द होने की संभावना है।

# हर महीने के अंतिम रविवार को 'पंचायत विकास दिवस' होगा आयोजित : सम्राट

## सीएम सम्राट ने मुंगेर में पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को मुंगेर जिला के टेटिया बम्बर प्रखंड के टेटिया ग्राम पंचायत में पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पीएम मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात को भी सुना। मुख्यमंत्री ने पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि अब राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पंचायत विकास दिवस आयोजित किया जाएगा।

इससे वर्ष में 12 अवसर ऐसे मिलेंगे, जब पंचायत प्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं ग्रामीण एक साथ बैठकर पंचायत विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे और स्थानीय समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर का आयोजन महीने के पहले मंगलवार और तीसरे मंगलवार को किया जाता है। इसमें आप आवेदन देते हैं और आपके काम जो सरकार के स्तर पर लंबित होते हैं, उसका निष्पादन 30 दिन में किया जाता है। लगभग साढ़े तीन लाख से अधिक आवेदनों को बिहार सरकार ने निष्पादित किया। उसी तर्ज पर यह दूसरा शिविर है। ये पंचायतों के विकास की चिंता करेगा। जिस प्रकार सहयोग शिविरों के माध्यम से लाखों लंबित आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन किया गया है, उसी प्रकार पंचायत विकास दिवस ग्रामीण विकास का प्रभावी मंच बनेगा।

सीएम ने कहा कि पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य पंचायतों को गरीबी मुक्त, स्वच्छ, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, जल प्रबंधन, सिंचाई, पेयजल, स्वच्छता, हरित विकास, सामाजिक न्याय एवं सामाजिक सुरक्षा जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा और कार्य योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने सांसद, विधायक, जिला परिषद, पंचायत समिति, मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य एवं पंच सहित सभी जनप्रतिनिधियों से ग्राम सभाओं के माध्यम से जनभागीदारी सुनिश्चित करने का



आह्वान किया। सीएम ने कहा कि पंचायत विकास दिवस के प्रथम आयोजन की थीम महिला हितैषी पंचायत रखी गई है। कहा कि सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सभी प्रखंडों में मॉडल स्कूल तथा

**मुख्य बिंदु**

- हर माह के अंतिम रविवार को पंचायत विकास से जुड़ी योजनाओं पर होगा विमर्श
- पंचायतों को गरीबी मुक्त, स्वच्छ, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना उद्देश्य

211 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है। हमने सभी प्रखंडों में मॉडल स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में गरीबों के लिए आवास, बुनियादी सुविधाओं एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। उन्होंने एक फिर स्पष्ट कहा कि अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और कानून का राज हर हाल में कायम रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए भी लगातार कार्य कर रही है।

कार्यक्रम को गन्ना उद्योग मंत्री सह मुंगेर जिला के प्रभारी मंत्री संजय कुमार, सांसद अरुण कुमार भारती और पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विधायक कुमार प्रणय, नचिकेता मंडल, विधान पार्षद लाल मोहन गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य वरीय अधिकारी समेत बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## पटना साइंस कॉलेज परिसर में स्थापित होगा यूनिवर्सिटी ऑफ फिजिक्स एंड साइंसेज

### सीएम ने पटना साइंस कॉलेज का किया भ्रमण, व्यवस्थाओं की ली जानकारी

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को पटना साइंस कॉलेज का निरीक्षण किया तथा परिसर का विस्तृत अवलोकन करते हुए इसके समग्र विकास के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि पटना साइंस कॉलेज परिसर में यूनिवर्सिटी ऑफ फिजिक्स एंड साइंसेज की स्थापना की जाएगी।

यह विश्वविद्यालय भौतिकी एवं विज्ञान के क्षेत्र में उच्चस्तरीय शिक्षा, नवाचार तथा अत्याधुनिक अनुसंधान का उत्कृष्ट करेगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों एवं शोधकताओं को विश्वस्तरीय शैक्षणिक एवं अनुसंधान सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना साइंस कॉलेज की एक गौरवशाली शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक परंपरा रही है। राज्य सरकार का उद्देश्य इस ऐतिहासिक संस्थान को पुनः विज्ञान के अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी संस्थान के रूप में विकसित करना है ताकि इसका पुराना गौरव पुनर्स्थापित हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुये विश्वविद्यालय की स्थापना एवं परिसर के समग्र विकास के लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आधुनिक प्रयोगशालाओं, अनुसंधान केन्द्रों, उन्नत शैक्षणिक



अधोसंरचना तथा अंतर्राष्ट्रीय मानकों के सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे बिहार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई स्थापित कर सके। उन्होंने कहा कि साइंस कॉलेज की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जायेगा। छात्रावास एवं प्ले ग्राउंड्स की व्यवस्था को और बेहतर किया जाएगा।इसके लिये शीघ्र टीम भेजी जायेगी। सीएम ने कहा कि पटना साइंस कॉलेज परिसर में स्थापित होनेवाला यूनिवर्सिटी ऑफ फिजिक्स एंड साइंसेज न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के विद्यार्थियों एवं शोधकताओं के लिए ज्ञान, अनुसंधान और वैज्ञानिक उत्कृष्टता का प्रमुख केन्द्र बनेगा।

आर्म्स वेरिफिकेशन में खुलासा

# खान सर ने अवैध हथियार से चलवाई थी गोली

**पटना (एनएसबी)।** पटना पुलिस की जांच में फैजल खान (खान सर) के दोनों बॉडीगाड्र्स के हथियारों के वेरिफिकेशन के दौरान अहम जानकारियां सामने आई हैं। इस दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जिस हथियार से गोली चलवाई गई थी, वह तालेबर सिंह (34), निवासी कासगंज (उत्तर प्रदेश) का है, लेकिन उसके नाम पर जारी हथियार लाइसेंस का परमिट पूरे भारत के लिए मान्य नहीं पाया गया। आरोप है कि उतर प्रदेश से बिहार में हथियार लेकर आने, हथियार लेकर सुरक्षा ड्यूटी करने के लिए तालेबर सिंह के पास वैध अनुमति नहीं थी। फिर भी वह बिहार में बॉडीगार्ड की नौकरी कर रहा था। पुलिस ने फायरिंग में इस्तेमाल किए गए हथियारों और उनके लाइसेंस की जांच के बाद कई बिंदुओं को अपडेटेड केस डायरी में शामिल किया है।

**दूसरे बॉडीगार्ड के हथियार पर भी जांच :** इसी तरीके से दूसरे बॉडीगार्ड प्रदीप कुमार का हथियार मैनपुरी यूपी का है। इस हथियार के वेरिफिकेशन के दौरान पता चला है कि ऑल ओवर इंडिया परमिट तो है, लेकिन ये प्रदीप के पिता की हत्या के बाद सेल्फ डिफेंस के लिए प्रोवाइड किया गया था, जिसका गलत इस्तेमाल इसने सिक्योरिटी एजेंसी के साथ मिलकर निजी फायदे के लिए किया। यह आर्म्स लाइसेंस के मानकों के अनुरूप नहीं है।



**एक बॉडीगार्ड के पास परमिट नहीं, दूसरे के पास सेल्फ डिफेंस का लाइसेंस**

### अवैध हथियार लेकर घूमते रहे खान सर

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जांच में यह भी सामने आया है कि बिहार में हथियार के साथ नौकरी करने की जानकारी स्थानीय प्रशासन, आर्म्स मजिस्ट्रेट या संबंधित थाने को नहीं दी गई थी, जो कानूनन अपराध है। बिना आवश्यक अनुमति के हथियार लेकर बिहार में काम करना कानून के दायरे में जांच का विषय है। वहीं खान सर ने तालेबर सिंह को बॉडी गार्ड के तौर पर हायर किया, उन्होंने भी कभी इसका पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराया। अपने साथ अवैध हथियार लेकर घूमते रहे और कथित तौर पर दहशत फैलाने के इरादे से फायरिंग भी करवा दी।

## महाराष्ट्र में समृद्धि हाइवे पर दो वाहनों की टक्कर में 5 की मौत

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले स्थित समृद्धि हाइवे पर रविवार को सुबह दो वाहनों की टक्कर में एक परिवार के पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की छानबीन हाइवे पुलिस कर रही है। घटना की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने आज बताया कि चंद्रपुर शहर के बाबूपेठ इलाके में डी.एड. कॉलेज के पास रहने वाला जीवने परिवार रविवार को एक वैगनआर कार में एक फेमिली फंक्शन के लिए अकोला के लिए निकला था। जैसे ही उनकी कार धामनगांव तहसील में समृद्धि हाइवे पर चैनल नंबर 106 के पास पहुंची, तो कार अनियंत्रित होकर सडक किनारे खड़े कंटेनर को टक्कर मार दी। इस घटना में कार में सवार सभी लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में आरती जीवने (40), भास्कर जीवने (57), महादेव जीवने (42), लता जीवने (43) और त्रिशा जीवने (12) (सभी डी.एड. कॉलेज, बाबूपेठ, चंद्रपुर निवासी) शामिल हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही हाइवे पुलिस, स्थानीय पुलिस, एम्बुलेंस और आपातकालीन बचाव दल मौके पर पहुंचा। इसके बाद बचाव दल ने कार में फंसे शवों को बड़ी मशक्कत से बाहर निकाला। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया।

## तेजस्वी के आवास में 1 जुलाई को शिफ्ट होंगे लालू-राबड़ी

**पटना (एनएसबी)।** पूर्व सीएम राबड़ी देवी फिलहाल 10 सर्कुलर रोड वाला बंगले में रह रही हैं। इसे खाली करने की मियाद सोमवार यानी 29 जून को खत्म हो रही है। सरकार की तरफ से राबड़ी देवी को 39 हार्डिंग रोड स्थित आवास अलॉट हुआ है। लेकिन यह कहा जा रहा है कि राबड़ी देवी फिलहाल वहां शिफ्ट नहीं करेंगी। लालू और राबड़ी अपने बेटे और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आवास में 1 जुलाई को शिफ्ट करेंगे। तेजस्वी को बतौर नेता प्रतिपक्ष 1 पोलो रोड स्थित आवास मिला हुआ है। पूरा परिवार फिलहाल इसी आवास में रहेगा।



**आज राबड़ी आवास खाली करने का अंतिम दिन**

**नए आवास में 70 फीसदी ही हुआ काम :** राबड़ी देवी को 39 हार्डिंग रोड स्थित आवास अलॉट हुआ है। लेकिन वहां अभी 70 फीसदी ही काम हुआ है। काम को तेजी से पूरा करने के लिए 50 से अधिक मजदूर लगाए गए हैं।

## पुंछ में पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार

**पुंछ (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (LoC) पर भारतीय सेना ने रविवार को पाकिस्तान के एक घुसपैठिए को गिरफ्तार किया। अधिकारियों के अनुसार, इस महीने जिले में पकड़ा गया यह तीसरा पाकिस्तानी घुसपैठिया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान 31 साल के रईस खान के रूप में हुई है। जो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) का निवासी है। अधिकारियों ने बताया कि वह बालाकोट सेक्टर से छ्ङ्गठ पार कर भारतीय सीमा में दाखिल हुआ था, जिसके तुरंत बाद सेना ने उसे हिरासत में ले लिया।

## छपरा में बम धमाका, किराना दुकान के उड़े परखच्चे, एक की हुई मौत

**छपरा (एनएसबी)।** सारण जिले के मकेर थाना क्षेत्र स्थित नौकाढा बांध पर रविवार को हुए भीषण बम विस्फोट से इलाके में सनसनी फैल गई. अपराधियों ने ह्यचंदेल किराना स्टोरह्व को निशाना बनाते हुए बम विस्फोट किया, जिससे दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. विस्फोट में सन्देहास्पद परिस्थितियों में 30 वर्षीय सचिन कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अखिलेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है. फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है.घटना की सूचना मिलते ही मकेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी. मामले की गंभीरता को देखते हुए सारण रेंज के डीआईजी नीलेश कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे. इसके साथ ही बम निरोधक दस्ता और एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने में लगी है. धमाका इतना तेज था कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है. पुलिस घटना के कारण का पता लगाने और इसमें शामिल अपराधियों की पहचान में जुटी है।

**एक गंभीर रूप से घायल**



## फ्रांस में नागरिक विमान दुर्घटनाग्रस्त, 11 की मौत

**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रांस के उत्तर-पूर्वी शहर टॉम्बलेन में रविवार को एक नागरिक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार 11 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। वहीं सऊदी अरब में भी एक हेलिकॉप्टर हादसे की खबर है। इसमें 14 लोगों की मौत हो गई है। टॉम्बलेन हादसे की बात करें तो अधिकारियों के अनुसार,विमान के पायलट सहित 10 यात्रियों की जान चली गई। मृतकों में पांच छात्र और पांच प्रशिक्षक शामिल हैं। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, यह विमान एक पैराशूट प्रशिक्षण स्कूल का था। यह हादसा रविवार सुबह करीब 11 बजे उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद नैंसी-एसी हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी : 8 आरोपियों के घर पुलिस की एक साथ छापेमारी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** राम मंदिर की दान पेटिका में हुई वित्तीय गड़बड़ी और हेरफेर के मामले में अयोध्या पुलिस ने रविवार को एक बहुत बड़ा एक्शन लिया है। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने इस स्कैम में नामजद सभी आठ आरोपियों के घरों पर एक साथ, एक ही समय पर छापेमारी की।

पुलिस की इस अचानक हुई कार्रवाई से आरोपियों के मोहल्लों में पूरी तरह हड़कंप मच गया। जांच टीमें मुख्य आरोपी अनुकल्प मिश्रा, अवनीश शुक्ला, मनीष यादव और टिन्नू यादव समेत बाकी सभी आरोपियों के घरों पर भारी दलबल के साथ पहुंच गईं। इस रेड के दौरान पुलिस का बंदोबस्त इतना टाइट था कि कोई भी बाहरी इंसान अंदर-बाहर नहीं आ जा सके। इसके लिए



आरोपियों के घरों के मेन गेट्स पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। पुलिस अधिकारियों ने घरों के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली और वहां मौजूद फैमिली मेंबर्स से तीखे सवालजवाब करते हुए उनके बयान दर्ज किए। सामने आई खबरों के मुताबिक, पुलिस अब तक इस पूरे मामले में आरोपियों के पास से करीब 80 लाख रुपये का कैश बरामद कर चुकी है।

## समुद्र से लेकर आसमान तक भारत है सुरक्षित : पीएम

### 'मन की बात' का 135वां एपिसोड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने चर्चित रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड में मन की बात की। इस कार्यक्रम में वह युवाओं को लेकर प्रेरणादायक बातें करते हैं। देश-दुनियां की उन घटनाओं का जिक्र करते हैं जिसका समाज के विकास में सरोकार रहा

**कहा-भारत तेजी से सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन रहा है**

है। मन की बात के 135वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'साल 2026 का आधा हिस्सा खत्म होने वाला है। इन 6 महीनों में हमने मन की बात में अपने देशवासियों की कई कामयाबियों पर बात की है। जून में भी देश ने कुछ ऐसी कामयाबियां हासिल की हैं जिनसे हर नागरिक को गर्व है.ये कामयाबियां देश की सुरक्षा और



आत्मनिर्भरता से जुड़ी हैं. हाल ही में मुझे कोलकाता में नेवी से जुड़े एक इवेंट में शामिल होने का मौका मिला. वहां आईएनएस (INS) दुनागिरी, आईएनएस (INS) संशोधक, और आईएनएस अग्रे को इंडियन नेवी के बेड़े में शामिल किया गया. इन जहाजों के डिजाइन से लेकर बनाने । तक, सब कुछ देसी है.'पीएम मोदी ने कहा, 'देश ने जून महीने में ही एविएशन सेक्टर में भी एक बड़ी कामयाबी हासिल की. सी-295 एयरक्राफ्ट मेड इन इंडिया है, सी-295 एयरक्राफ्ट ने अपनी पहली उड़ान पूरी कर ली है और ऐसे 40 एयरक्राफ्ट यहीं भारत में बनाए जा रहे हैं. इससे एमएसएमई और एयरोस्पेस सेक्टर को नई रफ्तार मिल रही है, रोजगार के मौके बढ़ रहे हैं और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प मजबूत हो रहा है.'उन्होंने कहा, 'इस महीने डीआरडीओ ने एक स्वदेशी लॉन्ग-रेंज लैंड-अटैक क्रूज मिसाइल का भी सफल टेस्ट किया. इसे डीआरडीओ लैब्स और भारतीय इंडस्ट्री पार्टनर्स ने मिलकर बनाया है. दूसरे शब्दों में समुद्र से लेकर आसमान तक, हमारा भारत तेजी से सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन रहा है.'प्रधानमंत्री ने कहा, 'जून में एक और इवेंट हुआ जिसमें पूरी दुनिया ने भारत की कोशिशों के साथ हाथ मिलाया और वह इवेंट था इंटरनेशनल योगा डे । इस बार, दुनिया भर में 2,500 से ज्यादा जगहों पर अलग-अलग योगा इवेंट हुए। हमारे देश में करोड़ों लोगों ने कई जगहों पर योगा प्रोग्राम में हिस्सा लिया। भारत ने इस इवेंट में कुल 114 मेडल जीते, जिसमें 102 गोल्ड मेडल शामिल हैं। भारत इस चैंपियनशिप में मेडल टैली में टॉप पर रहा.'पीएम मोदी ने कहा, 'पूजा-पाठ खत्म होने के बाद मिट्टी की मूर्तियां अपने आप पानी में घुल जाती हैं. इससे हमारी नदियों, तालाबों और पर्यावरण को बचाने में मदद मिलती है. इससे हम अपनी आस्था बनाए रख पाते हैं और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी पूरी कर पाते हैं।

## खबरें : एक नजर में

### एक किलो सोने का ईट लेकर भागने में तीन गिरफ्तार

**पटना/ एनएसबी।** पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र से एक किलो सोने का ईट लेकर भागने के मामले में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी डीएसपी विधि व्यवस्था के एम प्रसाद ने दी। पुलिस के मुताबिक -24 जून को आवेदक सचिन कुमार गुप्ता उम्र करीब 44 वर्ष पिता श्री उदय कुमार गुप्ता पता व्हाईट पीलर लाल बहादुर शास्त्रीनगर थाना शास्त्रीगनर जिला पटना गिन्नी ज्वेलर्स बोरिंग रोड के मालिक द्वारा थाना पर एक लिखित आवेदन दिया गया कि पिछले एक सप्ताह से इनकें ज्वेलर्स दुकान के स्टाफ सोनु कुमार के माध्यम से डक्टर मनोज कुमार एवं प्रकाश कुमार के साथ एक किलो सोने का ईट बेचने के लिए डेढ़ करोड़ रूपया नकद में डिल की बात चल रही थी जिस कम में पहले डक्टर मनोज कुमार के कांटी फैक्ट्री रोड, विजय नगर कंकरवाग स्थित मेडिकल दुकान स्थान तय हुआ, बाद में -23 जून को न्यू पाटलीपुत्रा कलोनी स्थित शिवलोक अपार्टमेंट में उक्त डिल की गई। डिल के दौरान डक्टर मनोज कुमार अपने साथियों के साथ मिलकर उक्त अपार्टमेंट में मेरा एक किलो सोने का ईट धोखे एवं छल पूर्वक भय दिखाकर लेकर भाग गया।
आवेदन के आधार पर पाटलीपुत्रा थाना डक्टर मनोज कुमार एवं अन्य तीन नामजद अभियुक्त एवं अज्ञात के विरूद्ध दर्ज की गई।
वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशन में मामला की गंभीरता को देखते हुए विशेष आसुचना इकाई 100 डायल टीम एवं मानवीय आसूचना के आधार पर त्वरीत गति से कांड का अनुसंधान प्रारंभकिया गया तथा कांड में संलिप्त तीन नामजद अभियुक्तों को गिरफतार कर न्यायिक हिरासत भेजा गया। अग्रतर अनुसंधान एवं छापामारी जारी है। पुलिस ने मनोज कुमार परसा बाजार रहिमपुर थाना परसा जिला पटना वर्तमान फ्लैट नं0-301 रामेश्वर इन्कलेव चाँदमारी थाना कंकड़बाग,अमन कुमार पाण्डेय टोला थाना मलाही जिला पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) वर्तमान दिनकर गोलम्बर थाना कदम कुँआ,बांके बिहारी न्यू पाटलीपुत्रा कलोनी शिवलोक अपार्टमेंट फ्लैट नं0-101 थाना पाटलीपुत्र को गिरफ्तार किया है।

# टेंडर घोटाले में दो निलंबित आईएएस का नाम चार्जशीट में क्यों नहीं : तेजस्वी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** टेंडर घोटाले को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी सरकार पर प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि बिहार के जो बतोलबाज मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने 607 करोड़ रुपए इमरजेंसी फंड की निकासी की है। बिहार के हर बार बड़ा घोटाला होता है।

छोटे लोगों को फंसा दिया जाता है। मास्टरमाइंड तक जांच एजेंसी नहीं पहुंच पाती है। टेंडर घोटाला हो, या सृजन घोटाला बड़े लोग नहीं पकड़े गए। आज भले ही नए मुख्यमंत्री आ गए हो, लेकिन कब्जा डीके टैक्स का ही है।

तेजस्वी ने राजद कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कई दिनों से रिशु श्री का मामला चल रहा है, बड़े-बड़े अधिकारी की संलिप्तता है। इस मामले में जिन दो आईएएस को सस्पेंड किया गया, उनका नाम चार्जशीट से क्यों हटाया गया।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सम्राट चौधरी तो अंगूठा छाप मुख्यमंत्री हैं। बड़ा बंगला चाहिए, बड़ी सिक्योरिटी चाहिए। ऐसा मुख्यमंत्री जो 1 रुपए में 99 साल की लीज पर जमीन दे दी। बताइए क्या यह ठीक है।
उन्होंने कहा किष्सभी अधिकारी जानते हैं कि सम्राट कितनी चीजें जानते हैं, कितने योग्य हैं। नीतीश कुमार तो भ्रष्टाचार के भीष्म पितामह


राजद कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते तेजस्वी।

निकले। सीएम कितने गंभीर हैं, सबको पता है। बिहार के चंद अधिकारी जो सिंडिकेट चला रहे हैं, वे सभी विश्व के सबसे भ्रष्ट अधिकारी हैं। इन लोगों को अवार्ड मिलना चाहिए। रिशु श्री छोटी सी झलकी है।

तेजस्वी ने कहा, हम तो मुद्दा उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि एसवीयू ने 4000 पन्नों की चार्जशीट में सिर्फ 7 मुख्य आरोपियों को नामजद किया है और कहा है कि अन्य के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं हैं। यह बाकी बचे रसूखदार अधिकारियों और नेताओं को "क्लीन चिट" देने की जल्दबाजी नहीं है तो क्या है संयोग कहिए या प्रयोग, सभी बड़े घोटालों में दबाव पड़ने पर अगर किसी प्रशासनिक अधिकारी की दिखावटी गिरफ्तारी करनी-करानी है या उसे बलि का बकरा बनाना है तो वह दलित-पिछड़े और मुस्लिम समुदाय का ही अधिकारी क्यों होता है।
सृजन घोटाले में भी वही हुआ, प्रश्न पत्र घोटाले में भी वही हुआ, और अब इस रिशु श्री घोटाले में भी वही हुआ तब भी अनुसूचित जाति वर्ग के सुधीर कुमार, संजीव हंस, योगेश सागर इत्यादि को ही अभियुक्त बनाकर जेल भेजा जाता है।

### मद्य निषेध सिपाही एवं कारा कारापाल परीक्षा में 12 गिरफ्तार तथा 17 अभ्यर्थियों पर मामला दर्ज

**पटना/ एनएसबी।** केन्द्रीय चयन पर्षद की विज्ञापन संख्या 03/ 2025 मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, में मद्य निषेध सिपाही, कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय, गृह विभाग (कारा) में कक्षपाल एवं परिवहन विभाग में चलंत दस्ता सिपाही के 4,236, विज्ञापन संख्या 01/2026 बिहार पुलिस विशेष शाखा में सिपाही (सामान्य बंद संवर्ग) के 83 एवं विज्ञापन संख्या 02/2026 के अन्तर्गत बिहार पुलिस दूरसंचार (वितंतु) एवं तकनीकी अराजपत्रित संवर्ग में सिपाही (प्रचालक) के 993 पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गई । अभी तक प्राप्त सूचना के अनुसार आज कदाचार के आरोप में 17 अभ्यर्थी संलिप्त पाये गये हैं, जिनमें से 12 को गिरफ्तार किया गया तथा 17 अभ्यर्थियों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।
लिखित परीक्षाओं को सफल बनाने हेतु पर्षद द्वारा कई व्यवस्थाएँ यथा सीसीटीवी, जैमर, परीक्षा केन्द्रों का रेंडमाइजेशन परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों कारेंडमाइजेशन , परीक्षा केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी पदाधिकारियों का रेंडमाइजेशन एवं प्रश्न-पत्रों के साथ पेन उपलब्ध कराने की व्यवस्था आदि। इन सभी का व्यापक एवं सकारात्मक प्रभाव देखने में आया।

लिखित परीक्षाओं को सफल बनाने में सभी जिला पदाधिकारी-सह-परीक्षा संयोजक एवं पुलिस अधीक्षक-सह-सहायक परीक्षा संयोजकों का सराहनीय योगदान रहा, वे सभी तत्पर एवं क्रियाशील रहकर लिखित परीक्षा के सफल संचालन को सुनिश्चित करने हेतु अपने नेतृत्व में जिला स्तर पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्थाएँ करार्थी और लिखित परीक्षा को सफल बनाया।

### शिवहर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी ने राजद का दामन थामा

**पटना / एनएसबी।** राजद प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री अलोक कुमार मेहता और राजद के प्रदेश प्रधान महासचिव सह विधायक रणविजय साहू ने अपने हाथों से शिवहर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी पुरुषोत्तम साह को राजद की सदस्यता दिलाई गई। सदस्यता ग्रहण उपरांत पूर्व मंत्री अलोक कुमार मेहता और पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने पुरुषोत्तम साह को राजद का प्रतीक चिन्ह हरा गमछा, टोपी और लालू यादव पर लिखी गई गोपालगंज टू रायसीना नामक पुस्तक भेंट कर सम्मानित और स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अलोक कुमार मेहता और रणविजय साहू कहा कि शिवहर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी पुरुषोत्तम साह के पार्टी में शामिल होने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर राजद के प्रदेश महासचिव ई अशोक यादव, प्रवक्ता अरुण कुमार यादव,भाई अरुण कुमार, राजेश पाल, निरंजन कुमार, नीतू दास सहित कई नेता उपस्थित थे।

# सरकार और जनता के बीच सीधे संवाद का सशक्त माध्यम है पंचायत विकास शिविर : डा. प्रमोद कुमार

### महिला हितैषी ग्राम पंचायत के संकल्प के साथ मनाया गया पंचायत विकास दिवस, नशामुक्ति एवं जनसमस्याओं के समाधान पर दिया गया विशेष बल

**कटिहार/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले की सभी पंचायतों में प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले 'पंचायत विकास दिवस' तथा प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को आयोजित 'सहयोग शिविर' के माध्यम से मद्यनिषेध नीति एवं अन्य नशों के दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में कटिहार जिले के प्रभारी मंत्री, बिहार सरकार के भूतत्व एवं खनन तथा कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री डा. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कटिहार प्रखंड अंतर्गत गरभेली पंचायत सरकार भवन में आयोजित पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 'महिला हितैषी ग्राम पंचायत' थीम पर आधारित यह कार्यक्रम सरकार और जनता के बीच सीधे संवाद का सशक्त माध्यम है। इसके जरिए आमजन प्रत्येक माह अपनी उपलब्धियों एवं समस्याओं से सरकार के प्रतिनिधियों को अवगत करा सकेंगे तथा उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, जनधन योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना तथा महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने वाली विभिन्न योजनाएं शामिल हैं, जिनके माध्यम से महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि वर्ष 2016 में महिलाओं की मांग और हितों को ध्यान में रखते हुए बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू की गई,


कटिहार जिले के प्रभारी मंत्री, बिहार सरकार के भूतत्व एवं खनन तथा कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री डा. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कटिहार प्रखंड अंतर्गत गरभेली पंचायत सरकार भवन में आयोजित पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम को संबोधित किया।

जिसका सबसे अधिक लाभ माताओं एवं बहनों को मिला है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी के कारण आज महिलाएं स्वयं को अधिक सुरक्षित महसूस कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को आयोजित होने वाले सहयोग शिविरों के माध्यम से भी आमजन की समस्याओं का निरंतर समाधान किया जा रहा है। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड को प्रभारी मंत्री, कटिहार विधायक, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं आमजनों द्वारा ध्यानपूर्वक सुना गया।

इस अवसर पर कटिहार विधायक तारकेश्वर प्रसाद, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज राय, गरभेली पंचायत के मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सरैया गांव में पैरवी की सामुदायिक बैठक, बच्चों के अधिकार और बाल संरक्षण पर दिया गया जोर

**तिलौथू (रोहतास) / पटना (दैनिक नवसंदेश)।** रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड अंतर्गत सरैया गांव में पैरवी के बैनर तले एक सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में महिलाओं, किशोरियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीणों ने भाग लिया। भीषण धूप और तेज गर्मी के बावजूद लोगों, विशेषकर महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि रही।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध जन चिकित्सक डा. निर्मल कुमार सिंह ने कहा कि वे पैरवी के कई कार्यक्रमों में शामिल हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि पैरवी पिछले दो वर्षो से जेल में बंद जरूरतमंद लोगों तथा विधि के जोखिम में फंसे बच्चों को निःशुल्क जमानत दिलाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। समाज के कमजोर वर्गो के लिए इस प्रकार की पहल अत्यंत सराहनीय है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित इसी गांव के पुलिस उपाधीक्षक गुलाम सरवर ने कहा कि उनके गांव में पैरवी जैसे संगठन द्वारा लोगों को जागरूक करने का कार्य अत्यंत प्रसन्नता की बात है। उन्होंने बच्चों को हिंसा, शोषण और यातना से सुरक्षित रखने, उनके अधिकारों की रक्षा करने तथा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी पर विस्तार से प्रकाश डाला।


रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड अंतर्गत सरैया गांव में पैरवी के बैनर तले एक सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया।

पंचायत के मुखिया संजय चौधरी ने गांव की बाल संरक्षण समिति को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे का विद्यालय जाना सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी बच्चे से बाल श्रम न कराया जाए।

कार्यक्रम का संचालन उपमुखिया अमित गुप्ता ने किया। उन्होंने पंचायत एवं गांव के बच्चों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए सामुदायिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। मानवाधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने सरकार की परवरिश एवं स्पन्सरशिप योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से अधिक से अधिक पात्र बच्चों को इन योजनाओं का लाभ दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बच्चे देश की अमूल्य धरोहर हैं और उनके सुरक्षित एवं सम्मानजनक बचपन की जिम्मेदारी पूरे समाज की है।

जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारी विनोद कुमार ने युवाओं को रोजगारपरक बनने और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं परिवर्तन विकास संस्था की ऊषा सिंह ने महिला नेतृत्व को मजबूत बनाने और निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर अपने विचार रखे।

बैठक में अरुण उपाध्याय, तारिक अनवर, जमुना जी, मदन कुमार, पत्रकार सत्या कुमार, कई वार्ड सदस्य, जीविका समूह की महिलाएं, आंगनबाड़ी सेविकाएं तथा अल्पसंख्यक वर्ग की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति बाल संरक्षण एवं सामाजिक नेतृत्व में उनकी बढ़ती भागीदारी का सकारात्मक संकेत रही।

अंत में पैरवी की ओर से सभी अतिथियों एवं सहयोगियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को लेकर महिलाओं और किशोरी नेतृत्व समूहों में विशेष उत्साह देखा गया।

# बिना पंजीकृत चिकित्सक के वैध प्रिस्क्रिप्शन के नहीं मिलेंगी एंटीबायोटिक दवाएं, दवा बिक्री का रिकार्ड रखना होगा अनिवार्य : रजत राज

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** देश में तेजी से बढ़ रहे एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस अर्थात एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति बढ़ते प्रतिरोध को नियंत्रित करने के उद्देश्य से भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मंत्रालय ने 22 जून 2026 को ड्रग रूल्स , 2026 की अधिसूचना जारी कर ड्रग रूल्स, 1945 के शेड्यूल्ड 2 में व्यापक संशोधन किया है। यह संशोधन 1 जुलाई 2027 से लागू होगा, जबकि सभी एंटीमाइक्रोबियल (एंटीबायोटिक) दवाओं से संबंधित प्रावधान 1 जुलाई 2028 से प्रभावी होंगे।


रजत राज।

ऑल इंडिया फार्मासिस्ट फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव रजत राज ने बताया कि अब तक शेड्यूल्ड 2 के अंतर्गत केवल कुछ चुनिंदा दवाएं शामिल थीं, लेकिन संशोधित नियमों के तहत सभी एंटीबायोटिक दवाएं, सभी टीके , सभी कैंसर-रोधी दवाएं तथा एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत आने वाली दवाएं भी इस श्रेणी में शामिल कर दी गई हैं। इसके बाद इन दवाओं की बिक्री केवल पंजीत चिकित्सक के वैध प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर ही की जा सकेगी। साथ ही, दवा विक्रेताओं को इन दवाओं की बिक्री का पूरा विवरण शेड्यूल्ड 2 रजिस्टर में सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा, जिससे दवाओं की निगरानी अधिक प्रभावी और पारदर्शी हो सकेगी। रजत राज ने कहा कि भारत में बिना चिकित्सकीय सलाह के एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन, स्वयं दवा लेना तथा दवा का पूरा निर्धारित कोर्स पूरा नहीं करना एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस का प्रमुख कारण है। एंटीबायोटिक दवाओं के अनुचित या अत्यधिक उपयोग से बैक्टीरिया इन दवाओं के प्रति प्रतिरोधी हो जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप गंभीर संक्रमणों के उपचार में भी ये दवाएं प्रभावी नहीं रह जातीं।

# विकसित भारत समृद्ध बिहार के संकल्प को साकार करने हेतु पंचायतों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए हम सभी है संकल्पित : केदार गुप्ता

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य के पर्यटन मंत्री सह सिवान जिले के प्रभारी मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने सिवान जिला के रामगढ़ मेहंदार में आयोजित पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इस कार्यक्रम का मंत्री केदार गुप्ता ने विधिवत शुभारंभ दिप प्रज्वलित कर किया। मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता के इस कार्यक्रम में पहुंचने पर जिले के अधिकारियों व अन्य अतिथियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री केदार गुप्ता ने पंचायतों के सतत विकास, जनभागीदारी को सशक्त बनाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुँचाने के संकल्प को साझा किया साथ ही पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास को नई गति देने हेतु अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह के साथ मंत्री केदार गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को भी सुना तथा उनके द्वारा विकसित भारत, जनभागीदारी, सामाजिक जागरूकता एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विचारों से प्रेरणा प्राप्त की। मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत समृद्ध बिहार के संकल्प को साकार करने हेतु पंचायतों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए हम सभी संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि इस भव्य कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों का उत्साह, सहभागिता एवं विकास के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अत्यंत प्रेरणादायक रहा। इस कार्यक्रम के अवसर पर विधायक करणजीत सिंह , जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय, मुखिया चंदा भारती समेत अन्य अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों समेत गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।


सिवान जिला के रामगढ़ मेहंदार में आयोजित पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता हुए शामिल, उपस्थित जनसमूह को किया संबोधित।

## खबरें खास-खास

# पुण्यतिथि पर याद किए गए लघुकथा आंदोलन के प्रणेता सतीशराज पुष्करणा

### स्मृति पर्व में लघुकथा पाठ व पुस्तक चर्चा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के संस्थापक डा. सतीशराज पुष्करणा की छठी पुण्यतिथि पर आयोजित स्मृति पर्व में लघुकथाकारों ने हिंदी लघुकथा आंदोलन में उनके अविस्मरणीय योगदान की विस्तृत चर्चा करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का उद्घाटन पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो अबु बकर रिजवी, बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा, नई धारा के संपादक प्रो शिवनारायण, अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के अध्यक्ष डा राम दुलार सिंह पराया एवं महासचिव डा ध्रुव कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।



पुण्यतिथि पर याद किए गए लघुकथा आंदोलन के प्रणेता सतीशराज पुष्करणा।

इस अवसर पर ऋचा वर्मा, पूनम कतरियार, प्रभात कुमार धवन, विभा रानी श्रीवास्तव, मिन्नी मिश्रा, अनिल रश्मि, अनीता मिश्रा, प्रभात धवन, रामयतन यादव, सीरा प्रसाद, सिद्धेश्वर, सुमन कुमार, सुधांशु चक्रवर्ती, श्रेया कुमारी, आलोक चोपड़ा, अतुल राय, नूतन सिंहा, ए आर हाशमी, अपराजिता रंजना, तनुजा सिंह, ममता सिंह, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, आशा रघुदेव, अनुराग, पंकज प्रियम, दीपक वर्णवाल, पीहू कुमारी, नीलू अग्रवाल ने अपनी लघुकथाओं का पाठ किया। सम्राट समीर ने संचालन किया धन्यवाद ज्ञापन अनिल रश्मि ने किया। मौके पर बापू टॉवर के उप निदेशक ललित कुमार सिंह, रणधीर कुमार मिश्र, सुनील झा, कल्याणी कुसुम सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# बिहार विधान सभा अध्यक्ष ने जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने अपने जम्मू एवं कश्मीर प्रवास के क्रम में उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से लोक भवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों के बीच आत्मीय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। वार्ता के दौरान जम्मू एवं कश्मीर में हो रहे विकास कार्यो, आधारभूत संरचना के विस्तार, पर्यटन को बढ़ावा देने तथा जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। बैठक में आगामी 3 जुलाई से प्रारंभ होने वाली श्री अमरनाथ यात्रा की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने यात्रा की व्यवस्थाओं, श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधाओं तथा प्रशासन द्वारा किए जा रहे व्यापक प्रबंधों की जानकारी दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष भी यात्रा सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न होगी। अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने जम्मू एवं कश्मीर में विकास की गति तथा तीर्थयात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा देश की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक एकता का सशक्त प्रतीक है। मुझे पूरा विश्वास है कि सभी के समन्वित प्रयास से इस यात्रा का सफल आयोजन होगा।


बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने अपने जम्मू एवं कश्मीर प्रवास के क्रम में उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से लोक भवन में शिष्टाचार मुलाकात की।

# स्थायी समिति ने नियम-19 को किया विलोपित, अध्यक्ष पद के लिए पुनः प्रत्याशी हो सकेंगे अनिल सुलभ

### वर्तमान-सत्र की अंतिम बैठक में पारित हुए सात प्रस्ताव, जुलाई में आरंभ होगी अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन की स्वामिनी-समिति स्थायी समिति ने, विगत 29 मार्च में हुई स्थायी समिति में, सम्मेलन-नियमावली के नियम-19 के विलोपन के लिए गए निर्णय की पुष्टि कर दी है। रविवार को संपन्न इस सभा में सर्वसम्मति से इसकी संपुष्टि की गयी। इस निर्णय से सम्मेलन के वर्तमान अध्यक्ष डा अनिल सुलभ अध्यक्ष पद के लिए पुनः प्रत्याशी हो सकते हैं।

अगस्त में समाप्त हो रहे, पाँच वर्ष के इस वर्तमान-सत्र की यह स्थायी समिति की अंतिम बैठक थी। इस बैठक में सात प्रस्तावों को सर्व-सम्मति से पारित किया गया, जिनमें मतदाता निरूपण समिति द्वारा अद्यतन की गयी सम्मेलन की मतदाता-सूची का अनुमोदन, निर्वाचन-पदाधिकारी से आगामी-सत्र के लिए सम्मेलन-अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु प्रक्रिया आरम्भ करने का आग्रह, वित्तीय-वर्ष -- का अंकेक्षण, स्थायी समिति के विगत पाँच वर्षो के कार्यकाल पर चर्चा सम्मिलित है।

राष्ट्र-गान से आरम्भ हुई इस बैठक में सदस्यों का अभिनन्दन करते हुए सम्मेलन-अध्यक्ष ने वर्तमान-कार्यकाल में सम्मेलन को प्राप्त हुई विशिष्ट उपलब्धियों का उल्लेख किया और स्पष्ट किया कि किस प्रकार सम्मेलन के उद्यम से इसकी प्रतिष्ठा संपूर्ण भारतवर्ष में और देश की सीमाओं को तोड़कर अंतर्राष्ट्रीय-स्तर पर हुई है।

बैठक में स्थायी समिति के वरिष्ठ सदस्य और पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो रास बिहारी सिंह, सम्मेलन के वरीय उपाध्यक्ष जियालाल आर्य, उपाध्यक्ष बिहार सरकार के पूर्व विशेष सचिव डा उपेंद्रनाथ पाण्डेय, बिहार संगीत नाटक अकादमी के पूर्व अध्यक्ष और सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, पूर्व प्राचार्या डा कल्याणी कुसुम सिंह, मुजफ्फरपुर जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के प्रधानमंत्री उदय नारायण सिंह, सारण जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष ब्रजेंद्र कुमार सिन्हा, बक्सर जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष महेश्वर ओझा महेश, आरा जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो बलिराज ठाकुर, पश्चिमी चंपारण जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के प्रधानमंत्री आनन्द किशोर मिश्र, लखीसराय जिला सम्मेलन के अध्यक्ष अरविंद कुमार भारती, उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार आजाद, सम्मेलन के अर्थमंत्री कुमार अनुपम, प्रचारमंत्री विभारानी श्रीवास्तव, लोकभाषा मंत्री डा पुष्पा जमुआर, संगठन मंत्री डा शालिनी पाण्डेय, पुस्तकालयमंत्री ई अशोक कुमार, प्रबंधमंत्री कृष्ण रंजन सिंह, भवन-अभिरक्षक प्रवीर पंकज, वरिष्ठ सदस्य प्रो वजभूषण शर्मा, वरिष्ठ कवि आरपी घायल, शिवानन्द गिरि, डा संजय माँझी, डा इंदु पाण्डेय, डा विद्या चौधरी आदि माननीय सदस्यों ने विभिन्न प्रस्तावों पर अपने विचार रखे। डा दिनेश कुमार दिवाकर, डा पूनम आनन्द, रामेश्वर नाथ विहान, आराधना प्रसाद, डा ऋचा वर्मा, श्रीकांत व्यास, जय प्रकाश पुजारी, डा मनोज गोवर्धनपुरी, प्रो उषा सिंह, सरिता कुमारी, शशि भूषण कुमार, आनन्द मोहन झा, प्रो अरुण कुमार सिन्हा, डा सत्या नारायण उपाध्याय, संजय शुक्ल, सिद्धेश्वर, ओम् प्रकाश पाण्डेय, अंबरीष कांत, राजेश भट्ट, शमा कौसर श्शमाश, डा विद्या चौधरी, इंदु भूषण सहाय, डा नीतू सिंह, डा एम के मधु, डा रेणु मिश्र, डा सुमेधा पाठक, उर्मिला नारायण, अश्मजा प्रदर्शनी, ज्ञानेश्वर शर्मा, डा प्रतिभा रानी, शम्भु अमिताभ, सुनील कुमार दूबे,सुनील कुमार, डा पंकज पाण्डेय, नीरव समदर्शी, ई बाँके बिहारी साव, मनोज कुमार झा, लता प्रासर, शिवानन्द गिरि, अरुण कुमार श्रीवास्तव,बिंदेश्वर प्रसाद गुप्ता, जगदीश्वर प्रसाद सिंह, डा कुंदन लोहानी, अरुण कुमार निराला, मीरा प्रकाश, सुधांशु कुमार चक्रवर्ती, रामयतन यादव, नागेंद्र कुमार केशरी, उत्तरा सिंह, ज्योति मिश्र, प्रेमलता सिंह, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, नमिता लोहानी, डा पुरुषोत्तम कुमार, चंदा मिश्र, डा विपिन दूबे, निर्मला सिंह, डा इन्दु पाण्डेय, डा इपिन दूबे, शशिकांत तिवारी, आशा रघुदेव, धनंजय जयपुरी, सुरेश विद्यार्थी, श्याम मनोहर मिश्र, अभय सिन्हा, सुधीर मधुकर, सुरेश विद्यार्थी, डा अमरनाथ प्रसाद, आचार्य अनिमेश, नीता सहाय, पुनीता कुमारी समेत विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों के साथ सैकड़ों सदस्य उपस्थित हुए। स्मृति-रक्षा हेतु, सभा के अंत में सामूहिक-चित्र लिए गए। राष्ट्र-गान के साथ सभा की कार्यवाही संपन्न हुई।



बैठक में सदस्यों का अभिनन्दन करते हुए सम्मेलन-अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने वर्तमान-कार्यकाल में सम्मेलन को प्राप्त हुई विशिष्ट उपलब्धियों का उल्लेख किया।

## संक्षिप्त खबरें

### एक बेटे की मौत, दूसरा जिंदगी की जंग लड़ रहा; पांच दिनों से मां की आंखों से नहीं थम रहे आंसू

**अलीनगर(एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के मोतीपुर गांव में पानी की बोतल के पैसे को लेकर हुए चाकूबाजी कांड के पांच दिन बाद भी पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है। एक बेटे की मौत और दूसरे के गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में भर्ती रहने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सबसे अधिक दर्द उस मां का है, जिसने अपनी आंखों के सामने दोनों बेटों को खून से लथपथ देखा। परिजनों के अनुसार घटना के बाद से मां ने ठीक से खाना-पीना तक छोड़ दिया है और बेटे की याद में लगातार बिलख रही है। गौरतलब है कि 25 जून को मोतीपुर गांव में पानी की बोतल के पैसे को लेकर हुए विवाद में चाचा प्रमोद साहू और उनके पुत्र पर दो सगे भाइयों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला करने का आरोप है। हमले में 16 वर्षीय गोलू साहू की अस्पताल ले जाने के दौरान मौत हो गई, जबकि बड़े भाई चंदन साहू गंभीर रूप से घायल हैं और उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।मृतक के पिता अकलू साहू के परिवार में दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। गोलू अविवाहित था। पोस्टमार्टम के बाद जब उसका शव गांव पहुंचा तो पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम संस्कार के बाद से मोहल्ले में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्रामीण लगातार पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर सांत्वना दे रहे हैं, लेकिन बेटे को खो चुकी मां का दर्द कम होने का नाम नहीं ले रहा। ग्रामीणों के बीच इस बात की भी चर्चा है कि घटना के आरोपित पिता-पुत्र की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। लोग जल्द कार्रवाई कर आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

### प्रधानमंत्री का हर संदेश राष्ट्र निर्माण की देती है प्रेरणाः डॉ. धर्मशीला गुप्ता

**दरभंगा(एनएसबी)।** राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने रविवार को अपने दिल्ली स्थित आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 135वां एपिसोड सुना और कहा की प्रधानमंत्री का 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को जोड़ने और राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने की प्रेरणा देने जैसा है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी रक्षा उत्पादन, पर्यावरण संरक्षण, जनभागीदारी, वैज्ञानिक सोच और समाज सेवा जैसे विषयों पर देशवासियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने सी-295 विमान के स्वदेशी निर्माण का उल्लेख करते हुए देश की बढ़ती रक्षा क्षमता पर गर्व व्यक्त किया तथा युवाओं से नवाचार और आत्मनिर्भर भारत के अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

### डीएसपी बनीं सीमा कुमारी का समाजसेवी ने किया सम्मान

**भाजपा नेता पप्पू सिंह ने कहा बेटियों की सफलता से मिथिला और दरभंगा का बढ़ा गौरव**

**कुशेश्वरस्थान (दरभंगा)(एनएसबी)।** 70वीं बीपीएससी परीक्षा में 116वीं रैंक प्राप्त कर बिहार पुलिस सेवा डी एस पी पद पर चयनित हुई ब्रह्मपुरा कटवारा घाट निवासी कामेश्वर साहू की सुपुत्री सीमा कुमारी को उनके आवास पर पहुंचकर भाजपा संगठनात्मक जिला दरभंगा पूर्वी के जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह एवं प्रथम हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. राजेश झा ने मिथिला की पारंपरिक पाग एवं चादर से



सम्मानित किया तथा हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पप्पू सिंह ने कहा कि सीमा कुमारी की यह उपलब्धि केवल उनके परिवार की नहीं, बल्कि पूरे मिथिला और दरभंगा जिले के लिए गर्व का विषय है। उनकी सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि हमारी बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। वहीं, प्रथम हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. राजेश झा ने भी सीमा कुमारी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं को बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने की प्रेरणा देगी।

### आजादी के बाद पहली बार दिल्ली उच्च न्यायालय में अनुसूचित जाति के जगदीश चंद्र की नियुक्ति ऐतिहासिकः हरि सहनी



**दरभंगा(एनएसबी)।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति, बिहार विधान परिषद् के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री हरि सहनी ने दिल्ली उच्च न्यायालय में जगदीश चंद्र की उप महाधिवक्ता के रूप में नियुक्ति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बधाई एवं आभार व्यक्त किया है। अपने पत्र में श्री सहनी ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय के 75 वर्षों के इतिहास में पहली बार अनुसूचित जाति समाज से किसी व्यक्ति की इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति भारतीय लोकतंत्र, सामाजिक न्याय एवं संवैधानिक मूल्यों की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं युगांतकारी कदम है।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के नेतृत्व में योग्यता, क्षमता एवं सामाजिक समरसता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। यह नियुक्ति ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्व के संकल्प को साकार करने का एक सशक्त उदाहरण है तथा सामाजिक समावेशन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को भी दशार्ती है। श्री सहनी ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के निर्णय देश के वंचित एवं उपेक्षित वर्गों के युवाओं में नई ऊर्जा, प्रेरणा एवं आत्मविश्वास का संचार करेंगे तथा सामाजिक न्याय और समान अवसर की भावना को और सुदृढ़ बनाएंगे।

### रेड क्रॉस सोसाइटी पीड़ित मानव एवं समाज की सेवा में हमेशा से आगे :डॉ आर बी खेतान

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिला अंतर्गत केवटी प्रखंड के कोठिया पंचायत ,वार्ड नंबर 9 भाया पिंडारुच गांव में कुछ दिन पहले भीषण आग की चपेट से तीन घर जलकर खाक हो गए, जिसकी जानकारी रेड क्रॉस सोसाइटी दरभंगा शाखा को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी सह अध्यक्ष कौशल कुमार एवं आपदा प्रबंधन



उपसमाहर्ता सलीम अख्तर के दिशा निर्देश में रेड क्रॉस सोसाइटी दरभंगा की टीम कोषाध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार एवं संरक्षक नीरज खेरिया के अगुवाई में कोठिया पंचायत के लिए रवाना हो गई। ग्रामीण प्रमोद कुमार ने अग्नि पीड़ित परिवार से मिलवाया। उनकी पीड़ा देखकर सभी सदस्य गण मर्माहत हो गये । कुछ लोग झुलस भी गए थे, जिनका उपचार रेड क्रॉस सोसाइटी के राज्य प्रतिनिधि डॉ राम बाबू खेतान के द्वारा भी किया गया एवं उन्हें घरेलू उपकरण भी दिया गया। आग की लपटें इतनी तेज थी की आस पास के बड़े बड़े पेड़ को जला दिया ,तीन परिवार के घर जल के खाक हो गए थे।ऐसी विषम परिस्थितियों में रेड क्रॉस सोसाइटी दरभंगा के सदस्यों ने अपनी भूमिका बढ़- चढ़ के निभाया एवं पीड़ित परिवार के घाव पर मरहम लगाने का काम किया । संरक्षक आतम सर्राफ ने बताया कि सावधानी से रसोई में खाना बनाए एवं खाना बना कर तुरंत आग पूर्णरूपेण बुझा दे तो ऐसी आपदा से बच सकते है। कार्यक्रम में सक्रिय सदस्य राजा कुमार पासवान, दिनेश यादव, राहुल पासवान की भूमिका अग्रणी रही । विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने भी सभी सदस्यों को साधुवाद दिया और कार्य की प्रशंसा की।

### मजदूर के 10 वर्षीय पुत्र की तालाब में डूबने से मौत

**बहादुरपुर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के भगवती स्थान तालाब में डूबने से एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बताया जाता है कि रविवार की सुबह बच्चा तालाब में नहाने गया था जहां अधिक पानी में चले जाने के कारण वह डूब गया। मृतक की पहचान विकास कुमार कामत के 10 वर्षीय पुत्र अविनाश कुमार के रूप में हुई है। वह पांचवी कक्षा का छात्र था। हरिजन संजीव कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह 10 बजे मोहल्ले के चार-पांच बच्चे तालाब में स्नान कर रहे थे। इस दौरान अविनाश गहरे पानी में चला गया जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। बच्चों के चेक पुकार सुनकर स्थानीय लोग पहुंचे। मोहल्ले के लोगों ने आनंद-खनन में अविनाश को पानी से बाहर निकाल कर डीएमसीएच लेकर जहां डॉक्टरों ने अमृत घोषित कर दिया। अस्पताल से लेकर घर तक चीख पुकार होने लगी। बहादुरपुर की पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक दो बहनों में इकलौता भाई था। पिता मजदूरी करते हैं।

# हायाघाट प्रखंड के आनंदपुर सहोरा मध्य विद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम, मंत्रियों ने किया शुभारंभ

**पंचायत विकास दिवस के अवसर पर ग्राम स्वराज एवं सतत विकास लक्ष्यों पर दिया गया बल**

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा जिले के हायाघाट प्रखंड अंतर्गत आनंदपुर सोहरा मध्य विद्यालय में पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार सह प्रभारी मंत्री, दरभंगा कुमार शैलेंद्र, और मंत्री वन एवं पर्यावरण रामचंद्र प्रसाद, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये। कार्यक्रम के दौरान पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं में जनभागीदारी एवं ग्रामीण समुदाय की सक्रिय भूमिका पर विशेष चर्चा की गई। पंचायतों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई गई। उप विकास आयुक्त (डीडीसी) ने कहा कि पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में ग्रामीण समुदाय की सहभागिता बढ़ाते हुए सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करना



कार्यक्रम में मंत्री कुमार शैलेंद्र, मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद एवं अन्य ।

है। उन्होंने बताया कि इसके लिए कुल 17 लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, जिन्हें 9 प्रमुख थीमों में समाहित किया गया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से पंचायती राज संस्थाओं को अधिकार एवं दायित्व प्रदान किए गए हैं, ताकि स्थानीय स्तर पर विकास की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान ह्यमन की बातह्व कार्यक्रम का भी सामूहिक श्रवण किया गया, जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा नागरिकों के साथ किए गए संवाद को उपस्थित लोगों ने सुना और सराहा। मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार सह प्रभारी मंत्री, दरभंगा कुमार शैलेंद्र ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पूर्वाह्न 10 बजे से 12 बजे तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में ह्लपंचायत विकास दिवसह्व कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आज से प्रारंभ हुए पल्स पोलियो अभियान के तहत नवजात एवं छोटे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। आज के कार्यक्रम की थीम महिला विकास एवं हितैषी पंचायत निर्माण से जुड़ी है*। उन्होंने जीविका दीदी समूहों की महिलाओं को स्वरोजगार एवं सामाजिक भागीदारी से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी तथा सरकार की योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। वहीँ मंत्री रामचंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात के माध्यम से नागरिकों से किया जाने वाला संवाद प्रेरणादायक एवं सराहनीय है। उन्होंने पंचायत विकास दिवस के उद्देश्य, ग्रामीण विकास में इसकी भूमिका एवं पंचायतों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर उप निदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ. अरुण कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी हायाघाट, उप मुखिया प्रखंड प्रमुख, सम्मानित जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सूखा नशा के खिलाफ भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन चलाएगा जागरूकता अभियान

**लहेरियासराय में बैठक संपन्न, कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित**

**दरभंगा (एनएसबी)।** भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की जिला स्तरीय बैठक रविवार को एकमी घाट, लहेरियासराय स्थित राज रिसॉर्ट में जिलाध्यक्ष विजय कुमार कर्ण की अध्यक्षता में आहूत की गई।बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किए गए जिसमे सभी पदाधिकारियों सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य की गई। लगातार अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों/सदस्यों की सदस्यता निष्क्रिय करने पर विचार किया गया।दिव्यांग बच्चों के अधिकार दिव्यांग बच्चों को सुरक्षित जीवन जीने के उनके अधिकारों से अवगत कराकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने एवं सामान्य जीवन जीने हेतु प्रोत्साहित करने का



बैठक में संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य।

निर्णय लिया गया।नशा मुक्ति अभियान प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि आज के परिवेश में किशोरों एवं युवाओं में ड्रग्स/शुष्क नशे का प्रचलन आम हो गया है, जो सामाजिक ताने-बाने को दूषित कर रहा है। इसे रोकने हेतु जिला प्रशासन के सहयोग से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। मरीजों को सहायता सरकारी अस्पतालों में गरीब मरीजों के शोषण एवं प्रताड़ना के मामलों में संगठन के माध्यम से कानूनी एवं मानवीय सहयोग उपलब्ध कराने पर सहमति बनी।बैठक में उपस्थित प्रमुख पदाधिकारी प्रमंडल अध्यक्ष मनोज कुमार कर्ण, जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार यादव, जिला सचिव संजय कुमार, प्रखंड अध्यक्ष मनीगाछी संतोष कुमार क्रांति, प्रखंड सचिव शत्रुघ्न पासवान, मनीगाछी प्रखंड सचिव अर्जुन कामती , मनीगाछी प्रखंड उपाध्यक्ष सैयद मोहम्मद तकी अशरफ, सदस्य इंद्रजीत चौपाल, रोशन कुमार, रवि नारायण चौधरी, लालबाबू कुमार शर्मा, पवन यादव, शिव शंकर कुमार, अब्दुल वाहिद, किशोर कुमार मंडल सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दरभंगा में पाँच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा जिले में पाँच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का विधिवत शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी कुशेश्वरस्थान से किया गया। अभियान का उद्घाटन जिलाधिकारी कौशल कुमार द्वारा नवजात शिशु को पोलियोरोधी दवा की दो बूंद पिलाकर शुभारंभ किये ।इसके साथ ही जिलेभर में जन्म से पाँच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का विशेष अभियान शुरू। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं उनकी धर्मपत्नी ने नवजात बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई तथा अभियान की सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम का उत्साहवर्धन किये। जिले मे 7 लाख 54 हजार अधिक बच्चों को पल्स पॉलिसी लाने का लक्ष्य है। कार्यक्रम की सफलता के लिए 2028 टीमों का गठन किया गया है। अभियान स्थल के निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी शशांक राज ने कुशेश्वरस्थान क्षेत्र में संचालित अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों का के संबंध में जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि क्षेत्र में संचालित सभी अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों की तत्काल जांच की जाए तथा बिना वैध अनुमति संचालित



शुभारंभ करते जिलाधिकारी कौशल कुमार।

पाए जाने वाले केंद्रों को तत्काल सील करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई करें।। कार्यक्रम में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉक्टर अमरेंद्र कुमार मिश्रा,जिला सामुदायिक उत्प्रेरक रवि कुमार,जिला लेखा प्रबंधक बसंत कुमार झा प्रभारी एवं अन्य कर्मी सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## बिहार पुलिस परीक्षा के दौरान दरभंगा में विभिन्न परीक्षा केदो से सात गिरफ्तार

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार पुलिस में बिहार पुलिस दुर संचार (वितंतु) एवं तकनीकी और राजपत्रित सांवर में सिपाही वर्ग के 933 पद पर बहाली के लिए रविवार को विभिन्न परीक्षा केन्दों पर परीक्षा आयोजित की गई थी। शहर में विभिन्न परीक्षा केन्दों से सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लहेरियासराय थाना क्षेत्र के मारवाड़ी कॉलेज से परीक्षा दे रही युवती सहित बाहर से चोरी कर रहे दो भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। मारवाड़ी कॉलेज पर परीक्षा दे रही नवादा जिला के नादिरगंज थाना क्षेत्र के परमा गांव के रहने वाले वीरेंद्र सिंह की पुत्री मौसम कुमारी को ब्लूटूथ के साथ गिरफ्तार किया गया। उसके निशानदेही पर परीक्षा केंद्र के बाहर उसके बड़े भाई कुंदन कुमार एवं मुन्ना सिंह के पुत्र रजनीश कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि परीक्षा मौसम कुमारी दे रही थी जहां दोनों भाई बाहर से ब्लूटूथ के माध्यम से चोरी करवा रहे थे। ब्लूटूथ के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। आखिर भाइयों को कैसे पता चला मौसम कुमारी को कौन सा सेट मिला है। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। इधर नगर थाना क्षेत्र के मारवाड़ी हाई स्कूल से दो परीक्षार्थी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों के पास से ब्लूटूथ वॉकी टॉकी सहित आन उपकरण बरामद किए गए हैं। रोहतास जिला के दावत इटवा गांव के रहने वाले विजय कुमार पंडित के पुत्र विद्यासागर कुमार, रोहतास जिला के दावत थाना क्षेत्र के धवई गांव के रहने वाले भगवान सिंह के पुत्र पंकज कुमार जो परीक्षा हॉल में बैठकर परीक्षा दे रहे थे। दोनों छात्र ब्लूटूथ के माध्यम से परीक्षा दे रहे थे। वही रोहतास जिला के दावत थाना क्षेत्र के इटवा गांव के रहने वाले अवध बिहारी पंडित के पुत्र धीरज कुमार एवं दावत थाना क्षेत्र के धवई गांव के रहने वाले मदन सिंह के पुत्र विकास कुमार है। दोनों परीक्षा केंद्र के बाहर से परीक्षा दे रहे छात्र को वॉकी टॉकी सहित अन्य उपकरण से परीक्षा हॉल के अंदर प्रश्नोत्तर बता रहे थे। मारवाड़ी स्कूल के प्रिंसिपल के आवेदन पर चार लोगों को गिरफ़्तार मामला दर्ज किया गया है।

## मिथिला ने देश और दुनिया में धर्म ज्ञान संस्कार तथा बौद्धिक क्षमता का नेतृत्व किया हैः कुमार शैलेंद्र

**बिरौल (एनएसबी)।** बिहार सरकार के पथ निर्माण सह दरभंगा जिला के प्रभारी मंत्री कुमार शैलेंद्र का बिरौल प्रखंड के पररी सतीस्थान पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत तथा सम्मान किया।रविवार को प्रभारी मंत्री कुमार शैलेन्द्र के सम्मान में सती स्थान परिसर में दरभंगा के सांसद डा गोपाल जी ठाकुर की मौजूदगी में स्थानीय मंडल अध्यक्ष हीरा प्रसाद ठाकुर की अध्यक्षता में एक सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया गया ।



कार्यक्रम में मंत्री कुमार शैलेंद्र, सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर एवं अन्य।

स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने मंत्री श्री कुमार को पाग अंगवस्त्र से सम्मानित किया तथा कहा कि इनके मार्गदर्शन में दरभंगा जिले का सर्वांगीण विकास हो रहा है तथा आगे दरभंगा का विकास एक इतिहास कायम करेगा। प्रभारी मंत्री कुमार शैलेंद्र ने मिथिला क्षेत्र को देश स्तर पर धर्म और संस्कृति का प्रमुख केंद्रबिंदु बताते हुए कहा कि इतिहास साक्षी है कि प्राचीन समय से ही मिथिला ने देश और दुनिया में धर्म ज्ञान संस्कार तथा बौद्धिक क्षमता का नेतृत्व किया है सतीस्थान का यह धार्मिक आयोजन इसका जीवंत उदाहरण है। मौके पर पूर्व मंत्री हरि सहनी स्थानीय जिलाध्यक्ष विनय पासवान पश्चिम के जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी मन्ना स्थानीय सरपंच अच्युतानंद ठाकुर भाजपा नेता मदन यादव पिंटू झा रजनीश झा मुखिया सुमन सिंह लक्ष्मण झा प्रकाश चंद्र मिश्र पंकज सिंह निभा देवी बेचैन मांझी रंजीत मिश्रा रजनीश सुंदरम प्रवीण कुमार महाबीर सिंह आदि मौजूद थे ज्ञात हो की 19 जून से दरभंगा जिले के बिरौल प्रखंड के पररी सतीस्थान में चल रहे नौ दिवसीय नाम संकीर्तन नवाह यज्ञ का आज विधिवत हवन के साथ समापन हुआ। एक दर्जन वैदिक विद्वानों के साथ स्थानीय सांसद डा गोपाल जी ठाकुर भी हवन में विधिवत शामिल हुए तथा जय हे सती मैया जय हो दुखिया बाबा के नाम से मंत्र जाप करते हुए समिधा डाली।

## देशवासियों से सीधा संवाद करने का सशक्त माध्यम है मन की बात : पप्पू सिंह

**पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैंः अनुराधा सिंह**

**अलीनगर (एनएसबी)।** दरभंगा जिले के अलीनगर प्रखंड अंतर्गत नरमा नावानगर पंचायत सरकार भवन परिसर में रविवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड का मुखिया, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ सामूहिक श्रवण किया गया। इस अवसर पर पंचायत विकास दिवस का भी शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में भाजपा संगठनात्मक जिला दरभंगा पूर्वी के जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ 'पप्पू सिंह', पंचायत की मुखिया अनुराधा सिंह, भाजपा कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह 'पप्पू सिंह' ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों से सीधा संवाद स्थापित करने और जनभागीदारी को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। प्रधानमंत्री अपने विचारों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को राष्ट्र निर्माण में सहभागी



मन की बात कार्यक्रम में पप्पू सिंह, अनुराधा सिंह एवं अन्य ।

बनने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया की वर्तमान परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए देशवासियों से संयम और सतर्कता बरतने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने अनावश्यक रूप से सोना खरीदने से बचने, आवश्यकता न होने पर विदेश यात्राओं को कुछ समय के लिए स्थगित करने, कार पूलिंग अपनाने तथा पेट्रोल-डीजल की बचत करने की अपील की। इस अवसर पर पंचायत की मुखिया अनुराधा सिंह ने पंचायत विकास दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार सरकार द्वारा पंचायतों को सशक्त बनाने, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करने, महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण, स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा स्वच्छता से जुड़ी अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से पंचायतों का विकास और अधिक सशक्त हुआ है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता और समग्र विकास की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मौके पर उप मुखिया प्रमोद झा,सरपंच श्याम राम,उप सरपंच मिथिलेश सिंह,सचिव अभिषेक पांडे,जीविका रानी कुमारी,अमित सिंह,सकीना खातून, पंच मोहम्मद यूसुफ,पप्पू महतो आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एस एच 88 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत, आक्रोशित लोगों ने शव के साथ किया सड़क जाम

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पांड पंचायत के वार्ड संख्या 10 में रविवार की शाम सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान 60 वर्षीय वृद्ध प्यारे महतो के रूप में हुई।हादसा एसएच-88 पर उस समय हुआ, जब वृद्ध घर से मंदिर पूजा करने जा रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल वृद्ध की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पांड पंचायत वार्ड-10 निवासी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। वृद्ध की मौत से आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रखकर एसएच-88 को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी मुआवजे और अज्ञात वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन प्रभावित हो गया। सूचना मिलने पर दलसिंहसराय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। स्थानीय जनप्रतिनिधि प्रमोद कुमार ने बताया कि मृतक प्रतिदिन की तरह सुबह मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। वही मुखिया पति ने बताया की आए दिन सड़क पर दुर्घटना होती है। हमलोगो के द्वारा कई बार स्थानीय पदाधिकारी से सड़क पर ब्रेकर बनाने सहित स्पीड नियंत्रण को लेकर होर्डिंग लगाने की अपील की लेकिन समस्या आज भी वैसे ही है। इस संदर्भ में पुलिस ने बताया कि, मामले की जांच की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वहीं, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात वाहन की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।



प्रतीक्षालय पर जड़ा ताला, यात्रियों को हो रही परेशानी

### स्थानीय लोगों ने स्टेशन मास्टर पर सरकारी आवास के दुरुपयोग का लगाया आरोप

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** विद्यापतिधाम रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए प्रतीक्षालय (वेटिंग रूम) में ताला लगे रहने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्टेशन पर उपलब्ध प्रतीक्षालय अधिकांश समय बंद रहता है, जिसके कारण ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों को खुले प्लेटफॉर्म पर इंतजार करना पड़ता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी और बारिश के मौसम में भी प्रतीक्षालय नहीं खोला जाता, जिससे यात्रियों में नाराजगी बढ़ रही है। लोगों ने रेलवे प्रशासन से इस समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है। इसी बीच स्थानीय लोगों ने स्टेशन मास्टर पर सरकारी आवास के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि रेलवे का सरकारी आवास स्वयं उपयोग करने के बजाय कथित तौर पर एक कबाड़ी व्यवसायी को किराये पर दे दिया गया है। लोगों का आरोप है कि यदि इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है।हालांकि, इन आरोपों पर स्टेशन मास्टर का पक्ष समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सका। उनका पक्ष मिलने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा। क्षेत्रवासियों ने रेलवे के वरीय अधिकारियों से पूरे मामले की जांच कराने, यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय को नियमित रूप से खुलवाने तथा सरकारी संपत्ति के कथित दुरुपयोग के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि रेलवे यात्रियों की सुविधा सर्वोपरि होनी चाहिए और स्टेशन पर उपलब्ध सभी सुविधाएं आम यात्रियों के लिए सुचारु रूप से संचालित होनी चाहिए।



### निलेश हत्याकांड में फरार आरोपितों के घर पर पुलिस ने किया इश्तेहार चस्पा

**14 मार्च को छात्र की गोली मारकर हुई थी हत्या, आत्मसमर्पण नहीं करने पर होगी कुर्की-जब्ती की कार्रवाई**

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** बहुचर्चित छात्र निलेश कुमार झा हत्याकांड में पुलिस ने फरार आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में न्यायालय के आदेश पर रविवार को विद्यापतिनगर थाना पुलिस ने कांड संख्या-60/26 के फरार पांच नामजद अभियुक्तों के घर इश्तेहार चस्पा किया। जिसमे पुलिस ने सभी आरोपितों को निर्धारित अवधि के भीतर न्यायालय में आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी है। ऐसा नहीं करने पर उनके विरुद्ध कुर्की-जब्ती की कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। गौरतलब है कि गत 14 मार्च को मऊ धनेशपुर उत्तर पंचायत के वार्ड संख्या-5 निवासी पप्पू झा के पुत्र एवं छात्र निलेश कुमार झा की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1), 3(5) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत थाना कांड संख्या 60/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था। इसी क्रम में फरार चल रहे अभियुक्त शेरपुर निवासी बिपिन राय के पुत्र हरिओम कुमार व शिवम कुमार, इसी गांव निवासी संजीव कुमार चौधरी के पुत्र हिमांशु कुमार व प्रियांशु कुमार तथा बालकृष्णपुर मड़वा निवासी महेश्वर राय के पुत्र नीतीश कुमार उर्फ घोघन राय के घरों पर न्यायालय के आदेशानुसार इश्तेहार चिपकाया गया है। इस बाबत थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि इश्तेहार की तामीला न्यायालय के निर्देश पर की गई है। आरोपितों को समय रहते न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का अवसर दिया गया है। यदि इसके बावजूद वे फरार रहते हैं तो न्यायालय के आदेशानुसार उनके विरुद्ध कुर्की-जब्ती सहित आगे की कार्रवाई की जाएगी। हत्याकांड में शामिल सभी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।



### गांव के विकास का बना रोडमैप, पंचायत विकास दिवस पर गूंजी ग्रामीणों की आवाज

**सभी 14 पंचायतों में हुई विकास योजनाओं की समीक्षा, महिला हितैषी ग्राम पंचायत थीम पर हुआ मंथन**

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** पंचायतों को अधिक जवाबदेह, सहभागी और विकासोन्मुख बनाने के उद्देश्य से रविवार को विद्यापतिनगर प्रखंड की सभी 14 ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायतों की संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई, ग्रामीणों से विकास संबंधी सुझाव लिए गए तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण कराया गया। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पंचायत कर्मी, जीविका समूह की महिलाएं और ग्रामीण कार्यक्रम में शामिल हुए। बाजिदपुर पंचायत सरकार भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया मुकेश कुमार ने की। प्रखंड विकास पदाधिकारी महताब अंसारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी बंटी कुमारी ने पंचायत विकास दिवस की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम ग्राम पंचायतों की योजनाओं की समीक्षा, जनसहभागिता बढ़ाने तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों से प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं को पंचायत निर्णय पोर्टल पर अपलोड किया जाता है, ताकि उनका समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के दौरान पंचायत में संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई।



# निःसंतान दंपत्ति के लिए वरदान सिद्ध होगा स्मृति आईवीएफ एंड फर्टिलिटी सेंटर : उपमुख्यमंत्री

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** एक स्त्री केलिए सबसे गौरव का पल होता है जब वह मां बनती है। निःसंतानता किसी स्त्री के लिए सबसे बड़ी कष्टप्रद स्थिति है। लोग उस स्त्री के लिए क्या क्या बातें बनाते हैं, क्या क्या लांछन लगाते हैं यह सब जानते हैं। सृष्टि के अबाध संचालन के लिए आवश्यक है कि हर घर में किलकारी गूंजे। शहर के मोहनपुर स्थित स्मृति आईवीएफ के का उद्घाटन सह लोकार्पण करते हुए मुख्य अतिथि उपमुख्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने अपने संबोधन में उक्त बातें कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि शहर में निः संतान दंपत्ति के जीवन में संतान की खुशी भरने के संकल्प के साथ डॉ. स्मृति स्पर्श की यह पहल बेहद सराहनीय है। मुझे विश्वास है कि हमारे जिले में आधुनिक सुविधाओं से लैस यह संस्थान जिला ही नहीं आसपास के जिलों के निः संतान दंपत्ति के लिए भी वरदान सिद्ध होगा। जिले के लोगों को आईवीएफ और उन्नत प्रजनन उपचार के लिए दिल्ली, पटना या अन्य महानगरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। उन्हें वैज्ञानिक, सुरक्षित, पारदर्शी और संवेदनशील चिकित्सा सेवाएं अपने ही शहर में उपलब्ध होंगी। बताते चलें कि, जिलेवासियों के लिए रविवार का दिन स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि लेकर आया जब, शहर में



उद्घाटन करते उपमुख्य मंत्री व अन्य।



कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

**उपमुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन व लोकार्पण**

अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित स्मृति आईवीएफ एंड फर्टिलिटी सेंटर का बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने फीता काट कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री चौधरी ने कहा कि, डॉ. स्मृति स्पर्श बिहार की प्रतिष्ठित चिकित्सकों में शामिल हैं और उनकी समर्पित चिकित्सा सेवा और बांझपन एवं सहायक प्रजनन तकनीकों के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए हाल ही में राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया है। श्री चौधरी ने कहा कि आज भी समाज में जब बांझपन को अभिशाप माना जाता है, ऐसे में समस्तीपुर में इस आधुनिक आईवीएफ सेंटर की स्थापना एक सराहनीय पहल है। उद्घाटन के पश्चात शहर के एक सभागार में आयोजित लोकार्पण समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान अपने स्वागत संबोधन में सेंटर की संस्थापक एवं चिकित्सा निदेशक डॉ. स्मृति स्पर्श ने कहा कि स्मृति आईवीएफ एंड फर्टिलिटी सेंटर आधुनिक तकनीक, अनुभवी विशेषज्ञों और अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित उपचार प्रणाली से सुसज्जित है। यहां पुरुष एवं महिला दोनों के बांझपन की संपूर्ण जांच एवं उपचार, टेस्ट-ट्यूब बेबी (आईवीएफ), स्पर्म एवं एम्ब्रियो फ्रीजिंग, गर्भधारण पूर्व एवं गर्भावस्था परामर्श, व्यक्तिगत काउंसलिंग तथा वैज्ञानिक उपचार की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। समारोह के दौरान डॉ. स्पर्श ने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी सहित तमाम अगस्त अतिथियों को मैथिल परंपरानुसार शाल, पाग, पौधा एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर "नई सुबह मातृत्व की" पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया। इसी क्रम में मिथिला पेंटिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कुन्दन राय, उत्कृष्ट मंच संचालन के लिए प्रधानाध्यापक अनंत कुमार राय तथा संगीत शिक्षक मंगलेश कुमार को उपमुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही स्वागत गीत में शामिल आरुषि आर्या, रुचि कुमारी, सोनाली कुमारी, रानी कुमारी, नव्या कुमारी, अंजली कुमारी, विधांशु कुमारी, प्रीति कुमारी, नंदनी कुमारी, अंशु कुमारी को भी उपहार से सम्मानित किया गया। अंत में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन ने अतिथियों का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर स्थानीय विधायक अश्वमेध देवी, मोहिउद्दीन नगर विधायक राजेश कुमार सिंह, हसनपुर विधायक राजकुमार राय, विधान पार्षद डॉ. तरुण कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष खुश्बू कुमारी, धार्मिक न्यास परिषद के सदस्य सायन कुणाल, भाजपा कृषि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम सुमिरन सिंह, जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, पुलिस अधीक्षक अरविंद सिंह, उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुप्रभात कुमार, अनस रिजवान, डॉ. अमित कुमार मुन्ना, सहित कई चिकित्सक व बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मजबूत पंचायतें ही विकसित बिहार और विकसित भारत की आधारशिला : मंत्री

**कहा गांवों के विकास का रोडमैप तैयार, पंचायत विकास दिवस पर पंचायतों को सशक्त बनाने का लिया संकल्प**

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** लोकतंत्र की बुनियाद को और अधिक मजबूत बनाने तथा ग्रामीण विकास की नई दिशा तय करने के उद्देश्य से रविवार को ग्राम पंचायत राज सिमरिया भिण्डी में पंचायत विकास दिवस-2026 का भव्य आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित समारोह में पंचायतों को आत्मनिर्भर, जवाबदेह और विकासोन्मुख बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। इसके पूर्व बिहार सरकार के प्रभारी मंत्री दामोदर राउत, स्थानीय विधायक महेश्वर हजारी, जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा, पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज पदाधिकारी विष्णु देव मंडल, सदर अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार तथा पंचायत प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। तमाम अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर आत्मीय स्वागत और सम्मान के बाद स्वागत भाषण में ग्राम पंचायत राज सिमरिया भिण्डी के मुखिया ने पंचायत में संचालित विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और भविष्य की विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए पंचायत को आदर्श पंचायत बनाने का संकल्प दोहराया। तत्पश्चात जिला पंचायत राज पदाधिकारी विष्णु देव मंडल ने जिले के पंचायतों में संचालित योजनाओं की प्रगति, पारदर्शी क्रियान्वयन और जनभागीदारी की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह के दौरान "महिला हितैषी पंचायत" विषय पर आधारित प्रेरक वीडियो के माध्यम से महिलाओं की भागीदारी, नेतृत्व क्षमता और पंचायतों में उनकी प्रभावी भूमिका का संदेश दिया गया। इसी दौरान प्रभारी मंत्री ने 28 जून से 2 जुलाई तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया तथा अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

अपने संबोधन में जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा ने कहा कि, प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पहुँचाना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने पंचायतों को ग्रामीण विकास की सबसे सशक्त इकाई बताते हुए प्रशासन और आमजन के समन्वय को विकास की सफलता की कुंजी बताया। अपने संबोधन में स्थानीय विधायक महेश्वर हजारी ने कहा कि, विकसित गांव ही विकसित बिहार और विकसित भारत की मजबूत आधारशिला हैं। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से विकास योजनाओं को पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ धरातल पर उतारने का आह्वान किया। अंत में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री दामोदर राउत ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार पंचायतों को और अधिक सशक्त एवं संसाधन संपन्न बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, शिक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलता पंचायतों की सक्रिय भूमिका पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों को नई गति देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक कार्यक्रम "मन की बात" का सामूहिक श्रवण किया। अंत में 20 सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष राज कुमार सिंह एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में मंच संचालन शिक्षक सुभीत कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



मंचासीन मंत्री व अन्य।

# मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने किया हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई सौगात मिली जब बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने विद्यापतिनगर स्थित स्व. विमलबाबू मेमोरियल हॉस्पिटल का फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, चिकित्सक, समाजसेवी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सबसे पहले अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने अस्पताल का निरीक्षण कर उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली तथा अस्पताल प्रबंधन को जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इस अस्पताल के शुरू होने से विद्यापतिनगर एवं आसपास के हजारों लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा अपने क्षेत्र में ही मिल सकेगी, जिससे उन्हें इलाज के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित यह अस्पताल क्षेत्रवासियों के लिए काफी लाभदायक साबित होगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यहां मरीजों को बेहतर उपचार के साथ मानवीय संवेदनाओं का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। वहीं अस्पताल प्रबंधक मनीष यादव की ओर से बताया गया कि स्व. विमलबाबू मेमोरियल हॉस्पिटल में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के साथ अनुभवी चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। यहां सामान्य चिकित्सा, आपातकालीन सेवा, पैथोलॉजी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सहित विभिन्न रोगों के उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। आने वाले समय में अस्पताल में और भी विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं शुरू करने की योजना है। हॉस्पिटल के शुभारंभ से विद्यापतिनगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में खुशी का माहौल है। लोगों ने उम्मीद जताई कि अब बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने से समय और धन दोनों की बचत होगी तथा मरीजों को शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल सकेगा। इस अवसर पर सुशांत यादव, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष अमित जयसवाल, गणेश गिरि कवि, राजेश शर्मा, रामानंद गिरि, सुनील सिंह, मो.शबनम, मणिकांत सिंह, विपिन गिरि, अनिल सिंह, बमबम सोनी, कैलाश पासवान, वरुण सिंह सहित सैकड़ों लोगों उपस्थित रहे।



उद्घाटन करते उपमुख्य मंत्री व अन्य।

# पूसा में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन सहभागी प्रसार मॉडल पर जोर

**पूसा (एनएसबी)।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा और इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ एक्सटेंशन एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में 27 जून से विद्यापति सभागार में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन देश भर से आये कृषि वैज्ञानिकों ने एक सौ से अधिक अनुसंधान पत्र प्रस्तुत किये। कृषि-खाद्य प्रणालियों में महिलाओं की भूमिका को पुनर्परिभाषित करना : सतत कृषि विकास के लिए रणनीति विस्तार आधारित इस सम्मेलन में देश भर के कृषि वैज्ञानिक, नीति निमार्ता और प्रगतिशील किसान भाग ले रहे हैं।

सम्मेलन के दूसरे दिन रविवार को लिंग संवेदी कृषि प्रसार एवं सलाहकार सेवायें विषयक तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. सतीश कुमार सिंह और सह-अध्यक्ष डॉ. राजीव बलीराम काले ने किया। इस सत्र में चालीस से अधिक पेपर प्रस्तुत किया गया।डॉ. अधिकराव धनाजी जाधव ने रेशम की खेती से ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण का सहभागी मॉडल पर अपना पत्र प्रस्तुत किया। श्रम घटाने पर सुश्री विनीता कश्यप ने जबकि सुश्री वर्षा कुमारी ने मक्का प्लांटर और टमाटर में निराई पद्धतियों का एर्गोनॉमिक मूल्यांकन पर अपने विचार प्रस्तुत किये। श्री कपिल कुमार ने समावेशी प्रसार के लिए सहभागी वीडियो टूल पर डिजिटल ग्रीन मॉडल के अनुभव के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

महिलाएं, नवाचार और तकनीक पर केंद्रित तकनीकी सत्र-3 की अध्यक्षता डॉ. वी.वी. सदामते और कैप्टन डॉ. एल.बी. कलंत्री ने किया। इस दौरान सुश्री राधा ठाकुर ने ॡहाशिये से मुख्यधारा तक महिलाओं की एजेंसीॡऔर डॉ. एस.एस. डोली ने ॡस्टार्टअप्स से महिला सशक्तिकरणॡ पर अपने विचार रखे। वहीं डॉ. आर.बी. भरसावड़कर ने सिंचाई में एआई और डॉ. अमित कुमार ने आइ ओ टी आधारित मिट्टी नमी निगरानी पर शोध साझा किया। इससे पहले 27 जून को उद्घाटन सत्र के बाद तकनीकी सत्र-1 का विषय ॡसतत कृषि-खाद्य प्रणालियों में परिवर्तन वाहक के रूप में महिलाएंॡ थी जिसकी अध्यक्षता डॉ. एम.एम. अधिकारी और सह-अध्यक्षता डॉ. संगीता देव ने की। बैंगलोर कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. के. नारायण गौड़ा ने ॡकृषि में महिलाओं का योगदानॡऔर नेपाल के पूर्व कृषि सचिव डॉ. योगेंद्र कुमार कार्की ने ॡसतत कृषि के लिए महिलाओं की भूमिकाॡ पर पत्र प्रस्तुत किया। डॉ. एम.एल. मीना ने मुजफ्फरपुर में जलवायु अनुकूलन की बाधाओं और डॉ. निधि ने बिहार में पशुधन-डेयरी में महिलाओं की निर्णय क्षमता पर शोध साझा किया। महिला एग्री-स्टार्टअप, मिलेट जैव विविधता और ग्लेडियोलस खेती से आजीविका पर भी 15 से अधिक पत्र प्रस्तुत हुए।

कांफ्रेंस के आयोजन सचिव व निदेशक, स्कूल ऑफ एग्री-बिजनेस एंड रूरल मैनेजमेंट डॉ. राम दत्त, ने कहा, कि यह सम्मेलन सिर्फ शोध पत्रों का संकलन नहीं, बल्कि जमीनी समाधान का मंच है। हमें हर केवीके में महिला किसान सहायता डेस्क बनानी होगी और प्रसार कार्यकताओं को जेंडर संवेदी प्रशिक्षण देना होगा। विश्वविद्यालय कुलपति डॉ पी एस पांडेय के नेतृत्व में महिला उद्यमिता को स्टार्टअप इन्क्यूबेशन और बाजार लिंकेज से जोड़ रहा है। सहभागी वीडियो, श्रम घटाने वाले यंत्र और डिजिटल टूल को महिला समूहों के माध्यम से बड़े पैमाने पर ले जाना ही लक्ष्य है। सम्मेलन के दौरान 48 पोस्टर प्रदर्शित हुए। सोमवार को तीसरे दिन नीति गोलमेज के साथ सम्मेलन का समापन होगा। आयोजकों के अनुसार यहां से निकली सिफारिशें कृषि मंत्रालय को भेजी जाएंगी ताकि महिला केंद्रित प्रसार नीति को मजबूती मिले।



सम्मान के पल।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की दर्दनाक में मौत

**मधुबनी(एनएसबी)।** बासोपट्टी थाना अंतर्गत मानसी - ईजोत जाने वाली मुख्य सड़क पर वाहन को साइट देने के क्रम में सड़क किनारे ट्रैक्टर पलट गई! ट्रैक्टर पलटने से चालक दब जाने के कारण घटनास्थल पर ही मौत हो गई! घटना की



जानकारी मिलते ही बासोपट्टी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी भेज दिया! जानकारी के अनुसार मृतक बेनीपट्टी प्रखंड के नगवास गांव निवासी शिवनाथ ठाकुर के 48 वर्षीय पुत्र सत्यनारायण ठाकुर की पहचान की गई है! घटना की जानकारी जैसे ही गांव में पता चला तो परिवार में मातम सा माहौल बन गया! घटनास्थल पर सैकड़ो लोगों की भीड़ जुट गए!

### ट्रैक्टर की ठोकर से महिला की मौत

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** अरेर थाना क्षेत्र के एरुआ साफी टोला के निकट अपने मायके बेनीपट्टी के अकौर दिघीया से फुफेरे भाई के साथ बाइक से बिस्फी के लावा टोला केरबार स्थित ससुराल जा रही रामजतन मुखिया की पत्नी जिबछी देवी की दर्दनाक मौत मिट्टी लदे ट्रैक्टर की ठोकर से दुर्घटनास्थल पर ही हो गई।

### पंचायत में मनाया गया पंचायत विकास दिवस

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के नाहस रुपौली उत्तरी, पंचायत राधेपुरा, सोहॉस, जफरा, परसौनी,जगवन,सिगिया,औसी सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत के पंचायत सरकार भवन के परिसर में रविवार को हमारी पंचायत हमारा स्वाभिमान मिलकर करें विकास का निर्माण के तहत पंचायत दिवस मनाया गया. सशक्त पंचायत, समृद्धि गांव, विकास बिहार जैसे स्लोगन से प्रभात फेरी भी निकल गई. मौके पर मजबूत पंचायत समृद्धि गांव, पंचायत एकजुट होकर बढाये विकास की रफ्तार जैसे नारे भी लगाए गए. मौके यर एसडीएम सारंग पाणि पांडेय,बीडीओ बसंत कुमार सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष सतीश प्रसाद मेहता,सरपंच संघ अध्यक्ष रहमत आलम, मुखिया बशिष्ठ नारायण झा,मिथिलेश कुमार झा उर्फ बबलू,सूरज यादव, उद्गार यादव, अविनाश कुमार पासवान सहित कई लोग उपस्थित हुए. एसडीएम ने कहा कि पंचायत में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई है. भविष्य के विकास योजनाओं के रूपरेखा तैयार किया गया है. वहीं स्थानीय जरूरत के अनुरूप कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा कि गई है. पंचायत विकास दिवस के सफल आयोजन मैं महिला हितैषी उनकी सुरक्षा सामाजिक भागीदारी एवं संचालित योजनाओं का विशेष चर्चा किया गया

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान प्रारंभ

**बिस्फी (एनएसबी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिस्फी के द्वारा रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अब्दुल बासित दने किया. इस अवसर पर डॉ. शिव कुमार झा, डब्लूएचओ मॉनिटर नंदकिशोर , सुनील कुमार चौधरी सभी चिकित्सक,जीएनएम,एएनएम एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित थे. सभी टीमों को निर्देश दिया गया कि अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी.इस साल बिस्फी प्रखंड में लगभग 35 से 40 हजार बच्चों को पोलियो की जीवनरक्षक दो बूंद पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.इस लक्ष्य को समय पर पूरा करने के लिए 140 पोलियो टीमों एवं 2 ट्रांजिट टीमों को तैनात किया गया है. प्रतिदिन कम से कम 5 हजार बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है.प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अब्दुल बासित ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों से पूरी निष्ठा, समर्पण एवं टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि "पोलियो मुक्त भारत को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है. एक भी बच्चा छूटे नहीं, यही हमारा संकल्प है.

### बेलाही चौक पर जनसहयोग से हनुमान मंदिर निर्माण कार्य शुरू

**लदनियां (एनएसबी)।** प्रखंड के बेलाही चौक स्थित महादेव मंदिर के बगल में जनसहयोग से हनुमान मंदिर बन रहा है। निर्माण कार्य में हनुमान भक्तों की ओर से निर्माण सामग्रियां मुहैया कराई जा रही है। सहयोग कताओं में रामबालक सिंह, रुपेश कुमार, दिनेश मंडल, सुशील मंडल, युक्ति मंडल, फूल मंडल, रामसागर सदाय समेत दर्जनभर भर लोगों के नाम शामिल हैं। महादेव मंदिर के पुजारी महात्मा राजेन्द्र सिंह ने दाताओं के प्रति आभार प्रकट किया है। कहा कि हनुमान जी में लोगों की बढ़ती आस्था के कारण यह निर्माण कार्य सहज ही संभव हो सका है।

मारपीट कर मोबाइल, बाइक और पांच हजार रुपये छीनने का आरोप,प्राथमिकी दर्ज

खजौली (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के कोठिया ग्राम निवासी मो. लाल ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर मारपीट कर मोबाइल, बाइक एवं पांच हजार रुपये नकद छीन लेने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने बताया कि 25 जून 2026 को वे राजनगर थाना क्षेत्र के बेलहवार गांव से अपने गांव कोठिया लौट रहे थे। इसी दौरान दोस्तपुर गांव स्थित मो. कलामुद्दीन की चाय दुकान पर चाय पीने के लिए रुके। आरोप है कि उसी समय उनका साला मो. ईशा एवं मो. मासूक सहित करीब 10 अन्य लोग लाठी-डंडे से लैस होकर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर सभी ने मारपीट शुरू कर दी और उनका मोबाइल, मोटरसाइकिल तथा जेब में रखा पांच हजार रुपये नकद छीन लिया। मारपीट में वे बेहोश होकर गिर पड़े। आरोप है कि जख्मी हालत में उन्हें दोस्तपुर-शिविपट्टी मुख्य सड़क किनारे फेंक दिया गया। रात में गश्ती के दौरान चौकीदार ने उन्हें सड़क किनारे बेहोशी की हालत में देखा और इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजनों द्वारा उन्हें इलाज के लिए ले जाया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष सपन कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बिस्फी के पूर्व उप प्रमुख मो. मुस्तफा केनिधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई

**बिस्फी, (एनएसबी)।** बिस्फी प्रखंड के शिबौल गांव निवासी एवं पूर्व उप प्रमुख 80 वर्षीय मो. मुस्तफा का लंबी बीमारी के बाद रविवार को उनके पैतृक आवास पर निधन हो गया। उनके निधन पर सांसद प्रतिनिधि सह पैक्स अध्यक्ष विष्णुदेव सिंह यादव ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मो. मुस्तफा का निधन सामाजिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। स्वर्गीय मुस्तफा ने अपने सार्वजनिक जीवन में समाज के सभी वर्गों के हित में उल्लेखनीय योगदान दिया, जिसे सदैव याद रखा जाएगा। उनके योगदान को क्षेत्र के लोग लंबे समय तक स्मरण करते रहेंगे। वहीं राजद के राज्यसभा में राजद के राज्यसभा सांसद डॉ. फैयाज अहमद, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. शकील अहमद, स्थानीय विधायक आसिफ अहमद, डॉ. विजय चंद्र घोष, कांग्रेस नेता नसरूल्लाह हसन, मो. रेहान, डॉ. नोमान, जितेंद्र उर्फ मुन्ना यादव तथा मो. गालिब ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**मधुबनी (एनएसबी)।** झंझारपुर कमला रेलवे ब्रिज के निकट ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई । मृतक की पहचान भैरवस्थान थाना क्षेत्र के नरूआर गांव गढ़िया टोल निवासी एक मुस्लिम व्यक्ति के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

### तीन सौ बोतल नेपाली शराब के साथ बाइक एवं चालक गिरफ्तार

**लदनियां (एनएसबी)।** थाना के एस आई पुलिस चौधरी ने थाना अध्यक्ष को प्राप्त गुप्त सूचना के सत्यापन के दौरान गुरुवार को दिवा गस्ती के क्रम में गिधवास गांव में अवस्थित पोखरा के पास तीन सौ बोतल नेपाली देसी शराब के साथ एक बाइक सवार को पकड़ा।इस बाबत थाना अध्यक्ष ने एस आई पुलिस चौधरी के शिकायती आवेदन के अलोक कांड संख्या - 265/026 अंकित कर आरोपी को न्यायिक हिरासत मधुबनी भेज दिया है।

# मधुबनी की सभी पंचायतों में मनाया गया पंचायत विकास दिवस, महिला हितैषी ग्राम पंचायत पर रहा विशेष जोर : मंत्री लेशी सिंह





कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री,



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं,

## प्रभारी मंत्री लेशी सिंह ने झंझारपुर के महीनाथपुर पंचायत में लिया भाग, विकास योजनाओं की समीक्षा एवं जनभागीदारी पर दिया बल

**मधुबनी/एनएसबी।** बिहार सरकार के निदेशनुसार प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले "पंचायत विकास दिवस" के तहत रविवार को मधुबनी जिले की सभी ग्राम पंचायतों में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। झंझारपुर प्रखंड की महीनाथपुर पंचायत में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिले की प्रभारी मंत्री सह भवन निर्माण विभाग की मंत्री लेशी सिंह शामिल हुईं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, ग्राम सभा सदस्यों, पंचायत प्रतिनिधियों, जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। जिले के सभी वरीय अधिकारियों ने भी विभिन्न पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता की।

प्रभारी मंत्री लेशी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायतें लोकतंत्र की आधारशिला हैं और गांवों के विकास से ही राज्य एवं देश का समग्र विकास संभव है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह पंचायत विकास दिवस आयोजित करने का उद्देश्य पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा, जनभागीदारी को बढ़ावा देना तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 के तहत पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाया गया है। वार्ड स्तरीय निगरानी समितियों एवं स्थायी समितियों के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सामाजिक न्याय एवं आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं की प्रभावी निगरानी की जा रही है। इस बार की थीम "महिला हितैषी ग्राम पंचायत" रही। मंत्री ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण से ही परिवार, समाज और पंचायत मजबूत होंगे। स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने, महिला उद्यमिता, कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवाओं तथा निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स (ढअक) एवं ई-ग्राम स्वराज जैसे डिजिटल माध्यम पंचायतों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को मजबूत कर रहे हैं। मधुबनी जिले में जल संरक्षण, स्वच्छता, मखाना एवं मत्स्य आधारित आजीविका, डिजिटल पंचायत और महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप नई योजनाओं के चयन और क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श हुआ। स्थानीयकृत सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप पंचायतों के समग्र विकास की कार्ययोजना भी तैयार की गई। उत्कृष्ट पंचायतों के विकास कार्यों का वीडियो प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" का सामूहिक प्रसारण भी किया गया, जिसे ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सुना।

पंचायत विकास दिवस के दौरान स्थानीयकृत सतत विकास के नौ प्रमुख लक्ष्यों—गरीबी मुक्त एवं आजीविका उन्नत पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा युक्त पंचायत, सामाजिक न्याय एवं सामाजिक सुरक्षा युक्त पंचायत, सुशासन युक्त पंचायत तथा महिला हितैषी पंचायत—पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की नुक्कड़ नाटक टीम ने गीत-संगीत के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश देते हुए लोगों को जागरूक किया।

# नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की बैठक में विकास योजनाओं पर लगी मुहर : मेयर अरुण राय

## अनुकंपा नियुक्ति, मल्टीप्लेक्स निर्माण, डी-वॉटरिंग मशीन और एबीसी सेंटर के प्रस्ताव स्वीकृत

**मधुबनी(एनएसबी)।** मधुबनी नगर निगम कार्यालय में शनिवार को मेयर अरुण राय की अध्यक्षता में सशक्त स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर आयुक्त उमेश भारती, उपमेयर, समिति सदस्य कविता झा, जमील अंसारी, बद्री नारायण राय, सुनीता पूर्वे, प्रभावती देवी, विभा देवी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों ने पहली बार बैठक में भाग लेते हुए नगर विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया।



बैठक करते मेयर और अधिकारी।

बैठक में कुल नौ एजेंडों पर चर्चा हुई, जिनमें अधिकांश प्रस्तावों को समिति की स्वीकृति प्रदान की गई। सबसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव नगर निगम के उच्च वर्गीय लिपिक स्वर्गीय अकील अहमद के सेवाकाल में निधन के उपरांत उनके आश्रित मोहम्मद फौजैल अहमद को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति देने का था। समिति ने मतदान के माध्यम से प्रस्ताव को पारित कर नियुक्ति पर अपनी मुहर लगा दी। बैठक में टाउन क्लब परिसर में अर्बन चैलेंज फंड के तहत मल्टीप्लेक्स निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा नव-निर्मित पार्क के सौंदर्यीकरण, पार्क के समीप सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए स्थल विकसित करने तथा भूतल निर्माण से संबंधित योजनाओं को भी स्वीकृति मिली। बरसात के मौसम में जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम द्वारा डी-वॉटरिंग मशीन किराये पर लेने के प्रस्ताव को भी समिति ने मंजूरी दी, ताकि शहर की जलनिकासी व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जा सके।

बैठक में नगर विकास विभाग एवं माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के आलोक में आवारा कुत्तों के आश्रय स्थल (एबीसी सेंटर) की स्थापना, आवश्यक कर्मियों की नियुक्ति तथा प्रशासनिक स्वीकृति के लिए लगभग 1 करोड़ 57 लाख रुपये की अनुमानित लागत वाले प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही नगर निगम के सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आवश्यकतानुसार ठेलों के आकलन एवं क्रय के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दी गई। बैठक के बाद मेयर अरुण राय ने कहा कि नगर निगम शहर के समग्र विकास, स्वच्छता, जलनिकासी व्यवस्था, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

# राष्ट्रीय कार्यक्रम एनआईडी, प्लस पोलियो चक्र जून-2026 का विधिवत शुभारंभ किया

**खजौली (एनएसबी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खजौली में राष्ट्रीय कार्यक्रम एनआईडी, प्लस पोलियो चक्र जून-2026 का रविवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ बीडीओ लवली कुमारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतेंद्र नारायण, रोगी कल्याण समिति सदस्य सुमित कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रुप से रीवा नाम की एक बच्ची को दो बून्द पोलियो की दवा पिलाकर किया गया। इस अवसर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि इस पांच दिवसीय पोलियो उन्मूलन चक्र के दौरान प्रखंड के सभी 14 पंचायत के शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को दो बून्द पोलियो कर दवा पिलाई जाएगी। इस क्रम में ईंट भट्ठा, बंजारा बस्ती, मेला, हाट, बाजार, रेलवे स्टेशन, अंबेडकर चौक, मंगती चौक, सायफन चौक सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर ट्रांजिट टीम के द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। कहा कि इन पांच दिनों के अभियान में जो बच्चे छूट जाएंगे या कहीं बाहर से बच्चे अपने दादी, नानी या किसी अन्य संबंधी के घर आते हैं तो वैसे बच्चों को चार जुलाई 2026, शनिवार को बी टीम एक्टिविटी करवाकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस मौके पर डॉ. गणेश शंकर विद्यार्थी, डॉ. शाहिद इकबाल, जीएनएम सुशीला कुमारी, सीसीएच रानी कुमारी, बिपुल कुमार, नोडल राहुल कुंवर, चंदेश्वर महतो सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।



पोलियो पिलाते डॉक्टर ।

## मानवता की मिसाल : सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए आगे आई मधुबनी पुलिस की टीम, त्वरित कार्रवाई से बची जान

**मधुबनी(एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 27 जून को दोपहर समय करीब 02:40 बजे बाबूबरही थाना अंतर्गत भटगामा और पिपराघाट के बीच दो मोटरसाईकिलों की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई थी। इस हादसे में 04 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय बाबूबरही थाना क्षेत्र में कर्तव्य पथ पर सक्रिय मधुबनी सदर-2 की अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सुश्री कामिनी कौशल और अंचल पुलिस निरीक्षक, खजौली के पु०नि० सरवर आलम अपनी टीम के साथ उसी मार्ग से गुजर रहे थे।दुर्घटना को देखते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-2 द्वारा संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तुरंत अपने काफिले को रुकवाया तथा घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अंचल पुलिस निरीक्षक, खजौली द्वारा बिना समय गंवाए सभी पीड़ितों को अपने सरकारी वाहनों में बिठाया तथा तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बाबूबरही ले जाया गया। पुलिस टीम की इस त्वरित सजगता और सेवा भावना के कारण सभी घायलों को सही वक्त पर अस्पताल पहुंचाया जा सका, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका समुचित इलाज चल रहा है। जो वर्त्तमान में खतरे से बाहर हैं। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय नागरिकों ने पुलिस के इस मानवीय चेहरे और संकट के समय दिखाई गई सूझबूझ की दिल से सराहना की गई। चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि यदि थोड़ी भी देर होती तो स्थिति और बिगड़ सकती थी। वर्तमान में मानसून और बारिश के मौसम के कारण सड़कों पर फिसलन बढ़ गई है। वाहनों की गति नियंत्रित रखें, यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित सफर करें।

# चोरी के 03 मोटरसाईकिल के साथ 03 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** बेनीपट्टी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 20 जून की रात्रि समय करीब 09:30 बजे हरलाखी थानान्तर्गत दुर्गापट्टी में सीतेश कुमार सुमन, पे०- स्व० विमल प्रसाद सिंह, सा०-दुर्गापट्टी द्वारा अपनी मोटरसाइकिल अपने मछली फार्म के सामने खड़ा किया गया था। इसी दौरान 02 अज्ञात चोर मोटरसाइकिल लेकर भागने लगे। सीतेश कुमार द्वारा शोर मचाए जाने पर स्थानीय ग्रामीण इकट्ठा हो गए एवं दोनों संदिग्धों को खदेड़कर पकड़ लिया गया। तदोपरांत उक्त घटना की जानकारी हरलाखी थाना को दी गई। सूचना मिलते ही हरलाखी थाना की पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुँची एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्त को हिरासत में लिया। पूछताछ





जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

के क्रम में उन्होंने अपना नाम राकेश कुमार और मो० इसराफुल बताया तथा अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे कुल चार की संख्या में मोटरसाइकिल चोरी की नीयत से आए थे, और उनके दो अन्य सहयोगियों ने पूर्व में चोरी की गई एक अन्य मोटरसाइकिल को कमतौल की ओर भेजा है।तदोपरांत अभियुक्तों के स्वीकारोक्ति बयान एवं निशानदेही के आधार पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल छापेमारी की गई, जिसमें फुलहर में झाड़ी के पास से मोटरसाइकिल छिपाकर भागने का प्रयास कर रहे तीसरे अभियुक्त आशाराम राय को दबोच लिया गया, जबकि एक अन्य अभियुक्त भागने में सफल रहा। मौके से पुलिस ने चोरी की कुल तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा छापेमारी जारी है तथा पकड़े गए तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध हरलाखी थाना द्वारा सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है एवं अन्य विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

**किसी भी पंचायत का समग्र विकास तभी संभव है जब महिलाओं की प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित होंगी भागीदारी : कुमार गौरव**

# 373 ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस की हुई शुरूआत

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** ग्रामीण विकास को नई गति देने, ग्राम पंचायतों को अधिक जवाबदेह, सशक्त, पारदर्शी एवं जनसहभागी बनाने के उद्देश्य से रविवार को जिले की सभी 373 ग्राम पंचायतों के पंचायत सरकार भवनों में पंचायत विकास दिवस समारोह की शुरूआत की गई। राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में शुरू हुए इस कार्यक्रम के तहत ग्राम सभाओं का आयोजन कर पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा के साथ हीं भावी कार्ययोजना तैयार की गई तथा पंचायत की आय-व्यय एवं अवशेष राशि पर विस्तृत चर्चा की गई। ग्रामीणों को विकास प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाते हुए पंचायतों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही को और मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित

पंचायत विकास दिवस के अंतर्गत प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को ग्राम सभा आयोजित किए जाने की व्यवस्था की गई है। ताकि पंचायतों में संचालित योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा हो सके तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप नई योजनाओं का चयन जनसहभागिता के आधार पर किया जा सके। इस पहल से ग्रामीण स्वयं विकास कार्यों की निगरानी एवं प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कुढ़नी प्रखंड के सकरी सरैया पंचायत में आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी कुमार गौरव, उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, एसडीओ पश्चिमी आकांक्षा आनंद, पंचायत की मुखिया बेबी कुमारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप विकास आयुक्त ने किया।

इस वर्ष पंचायत विकास दिवस का विषय "महिला हितैषी पंचायत" निर्धारित किया गया। इसी क्रम में पंचायतों के विकास में महिलाओं की भूमिका, उनके सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक



दीप प्रज्वलित कर पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन करते जिलाधिकारी व अन्य अतिथिगण।

सशक्तिकरण तथा सुरक्षित एवं समावेशी वातावरण के निर्माण पर विस्तार से चर्चा की गई। महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, स्वरोजगार तथा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ाने के उपायों पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही महिलाओं को समान अवसर उपलब्ध कराने तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जीविका दीदियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए

**महिला हितैषी पंचायत की अवधारणा को मिला नया आयाम**

**कुढ़मी प्रखंड के सकरी सरैया पंचायत में जिलास्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल जिलाधिकारी ने दीप प्रज्ववलित कर किया समारोह का विधिवत उद्घाटन**

बताया कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आर्थिक स्वावलंबन के साथ-सामाजिक सम्मान एवं आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने अन्य महिलाओं से भी समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी कुमार गौरव ने कहा कि किसी भी पंचायत का समग्र विकास तभी संभव है जब महिलाओं की भागीदारी प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित हो।

उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से पंचायत के विकास कार्यों में महिलाओं को अधिकाधिक अवसर देने तथा निर्णय प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल सामाजिक आवश्यकता ही नहीं बल्कि ग्रामीण विकास की मजबूत आधारशिला भी है।

उन्होंने कहा कि पंचायत विकास दिवस ग्रामीण क्षेत्रों में सहभागी विकास की अवधारणा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बढ़ेगी, पंचायतों की जवाबदेही सुनिश्चित होगी तथा गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंच सकेगा। कार्यक्रम के दौरान कला जत्था द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत गीत-संगीत एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। कलाकारों ने नशा सेवन के दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए लोगों को नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। वही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए जिला पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त ने पंचायत सरकार भवन परिसर में पौधारोपण भी किया तथा अधिकाधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी सुरक्षा करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा प्रसारित "मन की बात" कार्यक्रम के 135वें संस्करण का भी लाइव प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने पूरे मनोयोग से सुना।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया बेबी कुमारी ने की। इस अवसर पर पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधि, ग्राम सभा के सदस्य, पंचायत सचिव, विकास मित्र, जीविका समूह की महिलाएं, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, आशा कार्यकर्ता तथा विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कांटी रेलवे स्टेशन पर खून से लथपथ मजदूर का मिला शव, शरीर पर चोट के मिले कई निशान

**मुजफ्फरपुर/काँटी(एनएसबी)।** कांटी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर स्टेशन मास्टर के कमरे से करीब सौ मीटर की दूरी पर रविवार की सुबह एक मजदूर का खून से लथपथ शव मिलने के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सुचना मिलते ही डायल 112 की टीम और रेल पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। साथ ही रेल पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर घटना के संबंध में जानकारी ली। जांच के दौरान मृतक की पहचान कांटी प्रखंड के कुसी हरपुर होरिल गांव निवासी स्वर्गीय उमाशंकर ठाकुर के पुत्र 30 वर्षीय विपुल कुमार उर्फ वीजन के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के परिवार वालों को घटना की सूचना देने के साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि विपुल कुमार गांव में रहकर मजदूरी करता था। वह कांटी रेलवे स्टेशन और आसपास के इलाकों में छोटे-मोटे काम करके अपना जीवन चलाता था। उसके माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। परिवार में अब केवल दो भाई थे, जो अलग-अलग जगहों पर मजदूरी कर अपना गुजारा करते थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि विपुल का एक भाई झारखंड के टाटा में रहकर मजदूरी करता है, जबकि विपुल खुद गांव में रहकर काम करता था। रेलवे स्टेशन जैसे व्यस्त इलाके में शव मिलने के बाद लोगों के बीच कई तरह की चर्चा शुरू हो गई है। कुछ लोग इसे हादसा मान रहे हैं, जबकि कुछ लोगों ने किसी अनहोनी की आशंका भी जताई है। हालांकि पुलिस किसी भी संभावना को नजरअंदाज नहीं कर रही है। पुलिस अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिससे मौत की असली वजह सामने आ सके। इस मामले में मुजफ्फरपुर रेल एसएसपी वीणा कुमारी ने बताया कि कांटी रेलवे स्टेशन परिसर से एक युवक का शव बरामद हुआ है। उन्होंने कहा कि मृतक के कान और मुंह से खून निकल रहा था। शुरूआती जांच में आशंका है कि शायद चलती ट्रेन से उतरने के दौरान युवक गिर गया हो और गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हुई हो। उन्होंने बताया कि रेल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकती है।


मामले की जांच को पहुंची रेल पुलिस की टीम व स्टेशन पर लगी भीड़।

### वर्तमान का नेतृत्व शिवाजी से प्रेरित होकर बना रहा स्वराज्य आत्मनिर्भर व स्वावलंबी भारत : रविशंकर

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव के अवसर पर रविवार को एल एस कॉलेज के मैदान मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुजफ्फरपुर महानगर के द्वारा पथ संचलन निकाला गया। यह पथ संचलन एल एस कॉलेज से प्रारंभ होकर छाता चौक, पॉलिटेकनिक कॉलेज, कलमबाग चौक होते हुए पुनः एल एस कॉलेज पहुंचा। इसके उपरांत हुए कार्यक्रम में उत्तर बिहार प्रांत प्रचारक रविशंकर सिंह बिसेन ने स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए कहा कि 352 वर्ष पूर्व 1674 ई मे शिवाजी ने हिन्दू साम्राज्य की स्थापना की थी। उस वक्त संपूर्ण भारत विदेशी अक्रांताओं से घिरा था उत्तर से दक्षिण तक औरंगजेब और अतिताइयों का कब्जा था। मुगलों के द्वारा हिन्दू मंदिर और शिक्षण संस्थान तोडे गये, नष्ट किए गए। गौ माता की हत्या और हमारी मां बहनो के घोर अपमान का हमें सामना करना पडा। उस वक्त जो तथाकथित राजा थे वो मुगलो की चाकरी कर रहे थे।लोगो को ज्ञात था कि दिल्ली का सुल्तान ही इश्वर है। लेकिन व्यक्ति के रूप मे ही इश्वर अवतरित होते है और उसके पीछे मातृशक्ति की ताकत होती है। स्वाभिमान के विद्रोह मे ऐसी संतान को जीजामाता शिवाजी के रूप में जन्म देती है। रविशंकर ने कहा कि जीजामाता की इच्छा विहार और विलास की नही, ब्लकि सिंह की सवारी करके 18 हाथों से राक्षसवृत्ति का संहार कर संपूर्ण भारतवर्ष मे जयघोष का था। 1630 मे दक्षिण मे बीजापुर संतलत और दिल्ली मे मुगल शासन था और इसी वर्ष जीजाबाई ने शिवाजी को जन्म दिया। जिसने 14 वर्ष की अल्प आयु मे अंगूठे का रक्त से रोहिपोश्वर महादेव का अभिषेक कर हिन्दवी स्वराज की स्थापना का संकल्प लिया। शिवाजी लोगो का निर्माण करते थे। ये कुशल संगठक और नेतृत्वकर्ता के साथ साथ समाज निर्माण के कुशल शिल्पकार थे, जिन्होंने जाति का भेदभाव खत्म करके सामाजिक समरसता को देखते हुए योग्यता के अनुसार जिम्मेदारी देंकर राष्ट्रभक्तो की फौज नही बल्कि राष्ट्र के दिवानों को खडा किया। शिवाजी ने अस्पृश्यता, छुआछुत का अंत, सती प्रथा का अंत के सूत्रधार थे। जिसका विरोध अपने परिवार से ही किया। उन्होंने धर्म से भटक कर इस्लाम धर्म अपनानेवालों को घर वापसी कराया और सम्मान अपने परिवार के लोगो से विवाह कराकर इज्जत दिलाने का काम किया। सम्रुद के रास्ते अंग्रेज, दच और फ्रेंच भारत आते थे, उसे रोकने के लिए नौसेना इन्होने तैयार की। आज का नेतृत्व शिवाजी से प्रेरित हो कर स्वराज्य, आत्मनिर्भर, स्वावलंबी भारत बना रहा है। कार्यक्रम में विभाग संघचालक चंद्रमोहन खन्ना चन्नी, महानगर सह संघचालक डॉ भानू शंकर श्रीवास्तव, श्यामसुंदर भीमसेरिया, भारत भूषण अग्रवाल, विवेक कुमार, हरिमोहन चौधरी, डॉ ममता रानी, प्रभात मालाकार, अनिल सिन्हा, दीपक पोद्दार सहित सैकडो स्वयंसेवक शामिल थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते आरएसएस के उतर बिहार प्रांत प्रचारक।

# एकलौते बेटे ने 85 वर्षीया विधवा मां को पीट कर मार डाला

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुसहरी थाना क्षेत्र के पहलादपुर वार्ड संख्या 9 स्थित एक घर 85 वर्षीय विधवा शांति देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। ग्रामीणों ने शांति देवी के इकलौते पुत्र मधुसूदन शाही, उसकी पत्नी और दोनों पोतों पर मारपीट कर हत्या करने का सीधा आरोप लगाया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में भारी हड़कंप मच गया और मृतक के दरवाजे पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

मृतका के घर के आसपास के लोगो का कहना है कि शांति देवी के पति की मौत कई वर्ष पूर्व हो चूका है। उनकी एक बेटी थी, उसकी भी कुछ समय पहले मृत्यु हो गई। इसके बाद से शांति देवी का एकलौता पुत्र मधुसूदन ही उनका एकमात्र सहारा बचा था। लेकिन बेटा और बहूत क्रूर और लालची निकले। ग्रामीणों का कहना है कि विधवा मां की देखभाल करने या खाना पानी देने के वजाय एकलौता बेटा और उसका परिवार विधवा को प्रताड़ित करते रहता था। बुजुर्ग महिला अलग-अलग घरों में झाड़ू-पोछा करके अपना जीवन यापन करती थीं, और उस मेहनत की कमाई को भी उनका बेटा-बहू छीन लिया करते थे। पैसे न देने और पारिवारिक विवाद में अक्सर पूरा परिवार मिलकर बुजुर्ग

**घरेलू विवाद को लेकर एकलौते कुपुत्र के इस करतूत को लेकर ग्रामीणों का भड़का आक्रोश**

महिला को प्रताड़ित करता और पीटता था। लोगो का कहना है कि रविवार की दोपहर भी पुराने मामले पैसे और भोजन के मामले को लेकर विधवा शांति देवी का अपने बेटे बहु से विवाद हुआ था।

ग्रामीणों का आरोप है कि इसी विवाद को लेकर विधवा के एकलौते पुत्र, बहु और दोनों पोते ने मिलकर विधवा की पिटाई की थी। इसके बाद लोगो ने उन्हें घर के बाहर जमीन पर तड़पते देखा था. कुछ महिलाये उनकी सेवा कर रही थी, इसी दौरान विधवा शान्ति देवी की मौत हो गई। बताया जाता है कि बुजुर्ग महिला की मौत के बाद भड़के आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतका की मौत के लिए उनके बेटे मधुसूदन सहित उसकी पत्नी और दोनों बेटे की पिटाई की तथा पुलिस को घटना की सुचना दे दी।


घटनास्थल पर पुलिस को घटना की जानकारी देते ग्रामीण।

ग्रामीणों ने पुलिस के समक्ष भी बुजुर्ग महिला के बेटे बहु और पोते पर उसकी पीट पीटकर मार देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। वहीं मौके पर दल बल के साथ पहुँचे मुसहरी थाना प्रभारी ने आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में डीएसपी ईस्ट टू मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारणों का पता चल सकेगा, जिसके आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं कुछ ग्रामीणों का कहना है कि मृतका शांति देवी का मौत से ठीक पहले का एक वीडियो बयान सोशल मीडिया पर चल रहा है। इस वीडियो में बुजुर्ग महिला गंभीर हालत में घर के बाहर तड़पती हुई दिख रही हैं और कुछ स्थानीय महिलाएं उनकी सेवा कर रही हैं। तड़पते हुए शांति देवी यह साफ कह रही हैं कि उनके बेटे मधुसूदन शाही, बहू और दोनों पोतों ने मिलकर उनकी बेरहमी से पिटाई की है। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग महिला के इस बयान के सोशल मिडिया पर वायरल होने क कुछ ही देर बाद बुजुर्ग महिला की मौत हो गई।

# रिटायर्ड शिक्षक के घर भीषण डकैती

**औराई(एनएसबी)।** औराई थाना क्षेत्र के राजखंड गांव वार्ड एक स्थित सेवानिवृत्त शिक्षक शंकर दयाल शाही के घर में सीढ़ी के रास्ते घुसे चार पांच अज्ञात सशस्त्र अपराधियों ने घर में सो रही शिक्षक की पत्नी 61 वर्षीया सुनीता देवी को जान से मार देने की धमकी देकर घर में हीं बंधक बनाकर घर में भीषण डकैती की घटना को अंजाम दिया। गृहस्वामी के अनुसार ट्रंक औऱ आलमारी का ताला तोड़कर अपराधी नगद सहित 30 लाख रुपए से अधिक की संपति लुटकर फरार हो गए।

गृहस्वामी के अनुसार वे बाहर सो रहे थे और उनकी पत्नी कमरे में सोई थी। मध्य रात्रि लगभग साढ़े बारह बजे घर की सीढ़ी के रास्ते घुसे सशस्त्र अपराधियों ने कमरे में सो रही सुनीता देवी के हाथ-पैर बांधकर चेहरे पर पट्टी लगा दी। उन्हें लगभग दो घंटे तक बंधक बनाए रखा और हथियार के बल पर जेवरात व रुपयों के बारे में जानकारी ली। इसके बाद अपराधियों ने कमरे में रखे गोदरेज और पेटी तोड़कर 200 ग्राम सोना, एक किलोग्राम चांदी, एक मोबाइल और अन्य कीमती सामान लूट लिया औऱ फरार हो गए। रिटायर शिक्षक शंकर दयाल शाही ने बताया कि अपराधियों ने उनकी पत्नी को संपति की जानकारी नहीं देने तथा शोर मचाने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। उन्होंने बताया कि लगभग दो घंटे तक घर में लूटपाट मचाने के बाद सभी अपराधी पत्नी के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर फरार हो गए। इसके बाद सुनीता देवी ने किसी तरह हाथ-पैर और चेहरे से पट्टी सरकाकर शोर मचाया। पत्नी की आवाज सुनकर जगे बाहर सो रहे शिक्षक शंकर दयाल शाही ने दरवाजा खोलकर जब कमरे की स्थिति देखी तो स्तब्ध रह गए और तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस गश्ती दल 17 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। साथ हीं आसपास के इलाके में खोजबीन की, लेकिन अपराधियों का कोई सुराग नहीं मिला। ज्ञात हो कि पीड़ित शिक्षक के एक पुत्र एयरफोर्स में अधिकारी हैं और परिवार के साथ बाहर रहते हैं, जबकि दूसरा पुत्र एलन इंस्टीट्यूट में प्रोफेसर है। पीड़ित शिक्षक ने बताया कि दोनों पुत्रों की पत्नियों के जेवर भी घर में ही रखे थे, जो अपराधी लूट ले गए। वही मामले की गंभीरता को देखते हुए कटरा इंस्पेक्टर मुकेश कुमार और औराई थानाध्यक्ष सुनील कुमार दलबदल के साथ घटनास्थल पहुंचे और छानबीन की।


डकैती के बाद घर में बिखरे सामान।

**कमरे में सो रही पत्नी को बंधक बनाकर नगद सहित 30 लाख की संपति लूट ले गए सशस्त्र अपराधी**

थानाध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में दिनभर इलाके में छानबीन की गई। लेकिन अपराधियों का कोई सुराग नहीं मिल सका। उन्होंने बताया कि जिला से फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है, जिसने जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंपी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि रविवार को एसटीएफ टीम और मोबाइल टावर डंपिंग स्पेशलिस्ट को बुलाया गया है, दोनों विशेष टीम मामले की विशेष स्तर पर जांच-पड़ताल कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। वही पीड़ित शिक्षक ने इस संबंध में आवेदन देकर सामान की बरामदगी और अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# मुजफ्फरपुर के मुशहरी थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद को लेकर 5 घंटे के अंतराल में हुईं दो हत्याओं से जिले में सनसनी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुसहरी थाना क्षेत्र के नवादा गांव में रविवार की सुबह घरेलू विवाद को लेकर छोटे भाई ने जांता से सिर पर हमला कर बड़े भाई की हत्या कर दी। इस घटना ने पुरे गांव को स्तब्ध कर दिया है। घटना की खबर मिलते ही मुसहरी थाना पुलिस फौरन मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए घटना की जांच के लिए साक्ष्य जुटाए। वही त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बड़े भाई संतोष महतो के हत्यारोपी अशोक महतो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा की गई शुरूआती पूछताछ में आरोपी अशोक महतो ने जो कहानी सुनाई, उसने इस हत्याकांड को और भी सनसनीखेज बना दिया है।

पुलिस के अनुसार अशोक महतो ने पूछताछ में बताया है कि उसकी पत्नी और उसके बड़े भाई संतोष महतो के बीच अवैध संबंध थे। इसी शक को लेकर दोनों भाइयों के बीच लंबे समय से तनातनी और तकरार चल रही थी। शनिवार की सुबह यह विवाद इस कदर भड़क गया कि गुस्से में अशोक महतो ने जांता से अपने बड़े भाई के सिर पर

**पत्नी से अवैध संबंध होने के शक में छोटे भाई ने बड़े भाई की ले ली जान, सिर पर जांता से हमला कर उतारा मौत के घाट**

**मौके से बड़े भाई के हत्यारोपी अशोक सहनी गिरफ्तार**

जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में संतोष महतो की मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में डीएसपी ईस्ट-2 मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी को अपनी पत्नी और बड़े भाई के बीच अवैध संबंध होने का शक था। इसी वजह से उसने हत्या जैसी संगीन वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और हत्या में इस्तेमाल किए गए जांता सहित जांच के लिए अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तह तक पहुंचने में जुटी है, ताकि यह साफ हो सके कि यह केवल शक का अंजाम था या इसके पीछे कोई और राज भी दफन है।

# अंतरराष्ट्रीय कवयित्री अंकिता सिन्हा की ओजपूर्ण काव्य प्रस्तुति के साथ 4 दिवसीय मुजफ्फरपुर पुस्तक मेला संपन्न

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** नगर के कलमबाग रोड स्थित आदर्श छात्रावास सभागार में 25 जून से शुरू हुआ चार दिवसीय मुजफ्फरपुर पुस्तक मेला रविवार 28 जून को अंतरराष्ट्रीय कवयित्री अंकिता सिन्हा की प्रभावशाली काव्य प्रस्तुति, बच्चों के पुरस्कार वितरण और साहित्यिक उल्लास के साथ संपन्न हो गया। समय इंडिया ट्रस्ट, नई दिल्ली, पुस्तक मेला समिति रजि, नई दिल्ली एवं प्रज्ञा रिसर्च एसोसिएशन (प्राण) रांची के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस पुस्तक मेले ने चार दिनों तक मुजफ्फरपुर को ज्ञान, साहित्य, संस्कृति और रचनात्मकता के रंगों से सराबोर रखा।

रविवार को आयोजित समापन समारोह की मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय कवयित्री अंकिता सिन्हा का स्वागत समय इंडिया (ट्रस्ट), नई दिल्ली के प्रबंध न्यासी चंद्र भूषण ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर किया। इसके बाद उन्होंने अपने एकल काव्य पाठ की शुरूआत की और वीर रस, प्रेम, श्रृंगार तथा समकालीन सामाजिक विसंगतियों पर आधारित अपनी सशक्त रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुत कविताओं ने यह सिद्ध कर दिया कि कविता केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज का आईना भी होती है। इस क्रम में कई विभिन्न काव्य रस की स्थानीय कवयित्रीयो ने भी अपनी प्रभावपूर्ण रचनाए पस्तुत कर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। पुस्तक मेले के दौरान आयोजित चित्रकला, कविता, कहानी सुनाओ, गायन एवं नृत्य प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को समापन समारोह में मुख्य अतिथि अंकिता सिन्हा ने प्रमाण-पत्र, पुस्तकें एवं आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।



पुस्तक मेला के समापन समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित हुए विभिन्न प्रतियोगिता के प्रतिभागी।

चार दिनों तक चले इस पुस्तक मेले में हजारों पुस्तक प्रेमियों ने विभिन्न प्रकाशनों की पुस्तकों का अवलोकन किया और अपनी पसंद की पुस्तकें खरीदीं। साहित्य, प्रतियोगी परीक्षाओं, धर्म, इतिहास, संस्कृति, बाल साहित्य, व्यक्तित्व विकास और समसामयिक विषयों की पुस्तकों की अच्छी बिक्री हुई। साथ ही कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लेखक संवाद और रचनात्मक प्रतियोगिताओं ने मेले को एक जीवंत सांस्कृतिक महोत्सव का स्वरूप प्रदान किया। समय इंडिया (ट्रस्ट) के प्रबंध न्यासी चंद्र भूषण ने कहा कि मुजफ्फरपुर के पाठकों का उत्साह इस बात का प्रमाण है कि पुस्तक संस्कृति आज भी समाज में जीवित है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, साहित्यकारों, प्रशासनिक अधिकारियों, सहयोगियों और पुस्तक प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में ज्ञान और सकारात्मक चिंतन का वातावरण तैयार करते हैं।

# सीतामढ़ी की सभी पंचायतों में मना 'पंचायत विकास दिवस'

**डुमरा प्रखंड के मिश्रौलीया पंचायत के कार्यक्रम में विशेष सचिव उच्च शिक्षा विभाग एवं मेथौरा पंचायत सरकार भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए जिलाधिकारी रिची पांडेय**

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सरकार के निर्देश के आलोक में प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले "पंचायत विकास दिवस" के अंतर्गत रविवार दिनांक 28 जून 2026 को सीतामढ़ी जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक विभिन्न कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस क्रम में डुमरा प्रखंड के मिश्रौलीया पंचायत के कार्यक्रम में विशेष सचिव उच्च शिक्षा विभाग पवन कुमार सिन्हा एवं मेथौरा पंचायत सरकार भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी रिची पांडेय ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, ग्राम सभा के सदस्यों, पंचायत प्रतिनिधियों, जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही। इस क्रम में जिले के तमाम वरीय अधिकारियों ने भी पंचायत में आयोजित पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम में भाग लिया।

अपने संबोधन में जिलाधिकारी रिची पांडेय ने कहा कि आज "पंचायत विकास दिवस" के अवसर पर आप सभी के बीच उपस्थित होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। पंचायतें हमारे लोकतंत्र की आधारशिला हैं। गांवों के विकास से ही राज्य एवं राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। बिहार सरकार द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पंचायत विकास दिवस आयोजित करने का उद्देश्य पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा, जनभागीदारी को बढ़ावा देना तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाया गया है। वार्ड स्तरीय निगरानी समितियों एवं स्थायी समितियों के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सामाजिक न्याय एवं आधारभूत संरचना जैसे क्षेत्रों में योजनाओं का प्रभावी संचालन एवं निगरानी की जा रही है। आज की थीम "महिला हितैषी ग्राम पंचायत" है। हमारा विश्वास है कि महिलाओं के सशक्तिकरण से ही परिवार, समाज और पंचायत सशक्त होंगे। स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देना, महिला उद्यमिता, कौशल विकास, स्वास्थ्य एवं निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स तथा ई-ग्राम स्वराज जैसे डिजिटल माध्यम पंचायतों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सुशासन को मजबूत कर रहे हैं।

सीतामढ़ी जिले में जल संरक्षण, स्वच्छता, मत्स्य आधारित आजीविका, डिजिटल पंचायत तथा महिला स्वयं सहायता समूहों को और सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। आइए, पंचायत विकास दिवस के अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि जनभागीदारी के माध्यम से सीतामढ़ी जिले की प्रत्येक पंचायत को स्वच्छ, स्वस्थ, आत्मनिर्भर, डिजिटल एवं महिला सशक्त पंचायत बनाएंगे।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" का सामूहिक प्रसारण भी किया गया, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिक जुड़े और प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। पंचायत विकास दिवस के अंतर्गत स्थानीयकृत सतत विकास के नौ प्रमुख लक्ष्य - गरीब मुक्त एवं आजीविका उन्नत पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढाँचा युक्त पंचायत, सामाजिक न्याय एवं सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत, सुशासन युक्त पंचायत तथा महिला हितैषी पंचायत -पर विशेष चर्चा की गई। आज के पंचायत विकास दिवस की थीम "महिला हितैषी ग्राम पंचायत" रही, जिसके अंतर्गत महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा, सहभागिता एवं नेतृत्व को बढ़ावा देने संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।


मेथौरा पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों के बीच जिलाधिकारी।


कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते जिलाधिकारी रिची पांडेय।



पंचायत विकास दिवस" कार्यक्रम को लेकर पंचायत सरकार भवन में जिलाधिकारी व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### सीतामढ़ी मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य का पूर्व विधायक डॉ. मिथिलेश कुमार ने किया निरीक्षण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं सीतामढ़ी के पूर्व नगर विधायक डॉ. मिथिलेश कुमार ने रविवार को मुरादपुर में निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निमार्णाधीन भवनों, आधारभूत संरचनाओं तथा विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन करते हुए कार्य की गुणवत्ता और निर्धारित समय सीमा के भीतर परियोजना को पूरा करने पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान डॉ. मिथिलेश कुमार ने कहा कि सीतामढ़ी में मेडिकल कॉलेज का निर्माण जिले के स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि साबित होगा। इसके शुरू होने से न केवल जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी, बल्कि मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में भी नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि अब गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए लोगों को अन्य बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर ही आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज बनने से आसपास के क्षेत्रों का भी समग्र विकास होगा। रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा तथा जिले की पहचान स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में और मजबूत होगी। इस अवसर पर डॉ. कुमार ने स्थानीय लोगों से भी बातचीत कर उनकी राय जानी तथा निर्माण कार्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा हो, इसके लिए लगातार निगरानी रखी जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुरादपुर पंचायत के मुखिया संजीव कुमार बाजीतपुरी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बैजू कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष नवीन कुशवाहा, पंचायत अध्यक्ष आनंद कुमार, भाजपा नेता प्रिंस तिवारी, शंभू मुखिया सहित दर्जनों स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य को जिले के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसके शीघ्र पूर्ण होने की उम्मीद जताई।


निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज परिसर का निरीक्षण करते पूर्व विधायक डॉ. मिथिलेश कुमार।

### मारवाड़ी युवा मंच मुजफ्फरपुर शाखा की आमसभा में सम्मानित किए गए मेधावी छात्र छात्राएं

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मारवाड़ी युवा मंच मुजफ्फरपुर शाखा द्वारा अखाड़ाघाट रोड स्थित एक होटल में रविवार को आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें 10वीं, 12वीं एवं सीए के टॉपर बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 10वी में जिला टॉपर रहे केशव माधव टेकरीवाल, यश तुलस्यान सहित अन्य बच्चे शामिल रहे। 12वी कॉमर्स से आकृति सर्राफ, सुरभि जालान, आशा चमरिया, साइंस से समृद्धि हिसारिया सहित अन्य बच्चे के अलावा चार्टर्ड अकाउंटेंट से रिया अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, मानसी अग्रवाल को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात आम सभा में आगामी सावन माह में आयोजित होने वाले कांवरिया सेवा शिविर की चर्चा की गई। जिसमे इस साल तीन शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि दिनांक- 8 अगस्त 2026, 15 अगस्त 2026 एवं 22 अगस्त 2026 को बाल बाबू की पोखरी रामदयालु नगर में यह काँवरिया सेवा शिविर लगाया जाएगा। वही कांवरिया सेवा शिविर के कार्यक्रम संयोजक संजय अग्रवाल एवं मनोज सर्राफ, कार्यक्रम सह संयोजक अमन संथालिया एवं विनीत विनायका को बनाया गया। मोके पर अध्यक्ष विक्रांत केजरीवाल, महामंत्री विकाश मरोड़िया, पूर्व अध्यक्ष आकाश कंदोई, सुमित चमरिया, मनोज डागा, गणेश डरोलिया आदि उपस्थित थे। पवन ढनढारिया को कांवरिया सेवा शिविर का संरक्षक बनाया गया।



मंच पर मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित करते मंच के पदाधिकारी।

### आदित्य राज को ब्लैक बेल्ट व यूशरा फातिमा को गोल्ड मेडल के साथ ग्रीन बेल्ट में मिला प्रमोशन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर के चंदवारा स्थित डॉ जगन्नाथ मिश्रा कालेज के एम पी एस इंडोर स्टेडियम में इंडिया जेन डू शिन कराटे फेडरेशन के तात्वाधान मे 42वीं कराटे बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट प्रतियोगिता -2026 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रास वर्ल्ड की मालीघाट, गोबरसही, सादातपुर समेत विभिन्न शाखाओं से लगभग 200 से अधिक कराटे खिलाड़ियो ने भाग लिया। जिसमें 140 खिलाड़ी उतीर्ण हुए। यह प्रतियोगिता परिक्षा इंडिया जेन डू शिन कराटे फेडरेशन के द्वारा नियुक्त परिक्षको की कड़ी निगरानी में ली गई। इस कराटे बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट प्रतियोगिता में सफल सभी खिलाड़ियो को इंडिया जेन डू शिन कराटे फेडरेशन के चेयरमैन, शिहान ई० राहुल श्रीवास्तव के द्वारा बेल्ट बांधकर प्रमोशन दिया गया। इसके साथ ही इस प्रतियोगिता में टॉप करने वाले खिलाड़ी यूसरा फातिमा को गोल्ड मेडल के साथ ग्रीन बेल्ट में प्रमोशन दिया गया। अवरोन को सिल्वर मेडल के साथ ऑरेंज बेल्ट व मोशिना परवीन को ब्रांज मेडल के साथ येल्लो बेल्ट देकर सम्मानित किया गया। इस परीक्षा मे बतौर मुख्य परिक्षक सेंडाई शिल्पी सोनम, सुरज पंडित, उपासना आनंद समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद थे।

# सूढ़ी जागरुकता मंच ने 111 मेधावी विद्यार्थियों व 70वीं बीपीएससी के सफल अभ्यर्थियों को किया सम्मानित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सूढ़ी जागरुकता मंच, सीतामढ़ी के तत्वावधान में रविवार को बाईपास रोड स्थित सूढ़ी धर्मशाला में 'प्रतिभा सम्मान समारोह-2026' का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों तथा 70वीं बीपीएससी परीक्षा में अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद स्वागत गीत एवं गुरु वंदना की प्रस्तुति के साथ समारोह का विधिवत आगाज हुआ।

समारोह में कुल 111 मेधावी विद्यार्थियों को मोमेंटो, प्रशस्ति-पत्र, मेडल, डायरी, कलम, डिक्शनरी एवं स्मृति पट्टिका देकर सम्मानित किया गया। वहीं 70वीं बीपीएससी में सफल चार अभ्यर्थियों का शॉल एवं मोमेंटो देकर अभिनंदन किया गया। मंच का संचालन बिपिन कुमार प्रसाद एवं सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय विद्यालय, जवाहरनगर के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार रंजन सहित सुरेश कुमार, विनोद कुमार, हरि नारायण राउत, डॉ. प्रवीण कुमार, अशोक कुमार, विमलेश कुमार, रामचंद्र प्रसाद, गणेश प्रसाद साह, ध्रुव किशोर महतो, विश्वजीत कुमार, कमलेश कुमार, अशोक नायक एवं रवींद्र कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। 70वीं बीपीएससी से चयनित दीन बंधु (सब-रजिस्ट्रार) एवं जय प्रतीक राज (राजस्व पदाधिकारी) ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, धैर्य और लगातार प्रयास करने वाले अभ्यर्थियों को सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन से तैयारी करने के लिए प्रेरित किया।

समारोह में आर्या सुमन, शानू प्रिया, प्रियांशु, योगिता, सूरज, ऋतिक राज, रानी, निशा, कृष, स्नेहा सहित अन्य मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव शंभू इलेक्ट्रिक, शत्रुघ्न जी, उमेश कुमार महतो, महेश महतो, छविलाल महतो, राहुल जी, केंद्रीय विद्यालय, जवाहरनगर के संगीत शिक्षक संजय कुमार, सत्यनारायण तथा सूढ़ी जागरुकता मंच के सभी सदस्यों एवं आगंतुक अतिथियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।


कार्यक्रम में सम्मानित मेधावी विद्यार्थी, 70वीं बीपीएससी के सफल अभ्यर्थी, अतिथि एवं आयोजन समिति के सदस्य।

# बागमती में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत, शव बरामद


लापता बच्चों बरामद करने में जुटे पुलिस के जवान व अन्य।

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सीमा से सटे नेपाल के रौतहट जिला में बागमती नदी में स्नान करने गए दो बच्चों की डूबने से मौत हो गयी है। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए प्रादेशिक अस्पताल, गौर भेज दिया है।

डीएसपी बसन्त गौतम ने बताया कि रविवार को 3.20 बजे दिन में गढ़ी माई नगरपालिका-1 निवासी भनटु राय यादव के पुत्र अनिकेश यादव-8 एवं सुरेश यादव के पुत्र आदित्य यादव-8 बर्ष हरैया घाट स्थित बागमती नदी में स्नान करने गए और लापता हो गए।घटना की सूचना पर पुलिस कार्यालय समनपुर के अनि मुन्ना पासवान के नेतृत्व में पुलिस बल पहुँचकर लापता बच्चों की खोज तलाश शुरू कर दी। ततपश्चात काफी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों का शव अलग-अलग स्थानों से बरामद किया। डीएसपी श्री गौतम ने बताया कि दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए प्रादेशिक अस्पताल, गौर भेज दिया गया है साथ ही आवश्यक कानूनी प्रक्रिया की जा रही है। इधर मृतक बच्चों के घर मे कोहराम मचा हुआ है, उनके परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है।

# मेजरगंज में लूटकांड का 24 घंटे के भीतर हुआ उद्भेदन, 2 शातिर अपराधी गिरफ्तार

**मेजरगंज/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सीतामढ़ी पुलिस को अपराधियों के खिलाफ एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। मेजरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुए एक हालिया लूटकांड का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन (खुलासा) कर दिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त 02 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है, साथ ही उनके पास से लूटी गई अपाचे मोटरसाइकिल और घटना में इस्तेमाल की गई अन्य चीजें भी बरामद कर ली हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 25 जून 2026 को मेजरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम लालदासी में रात के लगभग 09:00 बजे एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया था। सहियारा थाना क्षेत्र के वेलाही जयराम निवासी ऋषिकेश कुमार के साथ चार अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने मारपीट और डरा-धमकाकर उनकी मोटरसाइकिल व अन्य कीमती सामान लूट लिए थे। पीड़ित के आवेदन के आधार पर मेजरगंज थाना में कांड संख्या 242/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, सीतामढ़ी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने मानवीय आसूचना (खूफिया जानकारी) और तकनीकी विश्लेषण का सहारा लिया। सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी की और घटना के महज 24 घंटे के भीतर कांड का उद्भेदन करते हुए दो आरोपियों को दबोच लिया।

गिरफ्तार अपराधियों की पहचान उज्जवल कुमार उर्फ टनटन कुमार (साकिन- अथरी, थाना- रुन्नीसैदपुर, जिला- सीतामढ़ी एवं नंदु महतो साकिन- लालदासी, थाना- मेजरगंज, जिला- सीतामढ़ी के रूप में हुई है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त और लूटी गई सामग्रियां बरामद की हैं जिनमें लूट की गई अपाचे मोटरसाइकिल, घटना को अंजाम देने में अपराधियों द्वारा प्रयुक्त की गई हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल एवं लूटा गया एक बैग शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्तों में से एक, उज्जवल कुमार उर्फ टनटन कुमार का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ पहले से ही मेजरगंज थाना में कांड संख्या 366/24 (आर्म्स एक्ट) दर्ज है। पुलिस फिलहाल दोनों अपराधियों की अन्य आपराधिक पृष्ठभूमि और इतिहास के बारे में जानकारी जुटा रही है। मामले में संलिप्त शेष फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है और गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आगे की विधि-सम्मत कार्रवाई शुरू कर दी गई है।


गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधिकारी व अन्य।

# रुक्मिणीदेवी बिहार सब-जूनियर व जूनियर स्वीमिंग प्रतियोगिता संपन्न

## बिहार के विभिन्न जिलों से 195 होनहार स्वीमरों ने अपने प्रदर्शन से दर्शकों व अतिथियों का दिल जीता

**पटना स्वीमिंग टीम ओवरऑल चैम्पियन, मेजबान मुजफ्फरपुर की टीम रनरअप, तीसरे स्थान पर रही भोजपुर की टीम**

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** अखाड़ाघाट सिकंदरपुर स्थित स्वीमफिट स्वीमिंग पूल में बिहार तैराकी संघ एवं मुजफ्फरपुर स्वीमिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में रुक्मिणीदेवी बिहार सब-जूनियर व जूनियर स्वीमिंग प्रतियोगिता-2026 संपन्न हुई। एक दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 276 मेडल दांव पर थे, जिनमें 92 स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक शामिल थे। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से आए 195 होनहार तैराकों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में पटना के तैराकों ने विभिन्न श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक मेडल जीते और ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। मेजबान मुजफ्फरपुर की टीम रनरअप रही, जबकि भोजपुर की टीम को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। इससे पूर्व मुख्य अतिथि पटना जोन के आईजी जितेन्द्र राणा, बिहार स्वीमिंग एसोसिएशन के प्रतियोगिता सचिव रामविलास पांडेय, राज्य सचिव अखिलेश्वर नाथ तिवारी, मुजफ्फरपुर स्वीमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद और सचिव कुंदन राज ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर इसका उद्घाटन किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुजफ्फरपुर के विधायक रंजन कुमार, डीआईजी जितेन्द्र राणा, सीआरपीएफ डीआईजी राकेश कुमार और पूर्व रणजी खिलाड़ी अशोक कुमार पाहुजा ने विजेताओं को मेडल व प्रमाण-पत्र प्रदान किए। प्रतियोगिता के विभिन्न परिणामों में प्रांजल प्रियदर्शी, शुभम कुमार, शिवम कुमार, आर्यन आर्या, आदित्य विष्णु, निधि कुमारी, वर्षा राज, संस्कार रंजन और आर्यन राज ने मुजफ्फरपुर के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। पटना की ओर से शुभम कुमार, सन्नी कुमार, सन्नी सिंह, उदल राज, प्रियम, अनिका शर्मा, आदित्य विष्णु, एस. नैनी, निकिता राज, अर्श हसन, एस. नैंसी, अदिति श्री, प्रिशा कुमारी, सुशांत कुमार, यश राज, आरव, अनिता भारती, मितुल कुमार, रुद्र सिंह राणा, अम्बालिका प्रसाद, जानवी ओझा, आयुष यादव, आदित्य राज, ईशानवी शर्मा, कशिका, शौर्यवंशी, आरव सिंह, ए. खान, पी. मिश्रा, प्रांजल, विकास यादव और कशिष्का ने विभिन्न स्पधाओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर अपनी टीम को शीर्ष पर पहुंचाया। इसके अलावा पूर्णिया के शौर्यवर्द्धन ने कई स्पधाओं में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। गया जिले से शाम्भवी सिंह, विजया कुमार, आरव और एस. रंजन ने पदक तालिका में अपना योगदान दिया। आरा (भोजपुर) की ओर से शुभांगी सिंह, श्रेयांस यादव, रुद्र सिंह राणा और हरेन्द्र कुमार ने पदक जीते, जबकि समस्तीपुर के विकास वैभव और बेतिया के अनुल उपाध्याय भी अपनी श्रेणियों में कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। यह आयोजन राज्य में तैराकी प्रतिभाओं को बढ़ावा देने में बेहद सफल साबित हुआ।



प्रतियोगिता में पुरस्कृत तैराक, अतिथि, स्वीमफिट स्वीमिंग एकेडमी के प्रतिनिधि व अन्य।

## सम्पादकीय

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण : एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट से होगी सरकार की परीक्षा

अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे और दान की राशि में कथित गबन का मामला इन दिनों राष्ट्रीय विमर्श और आस्था के केंद्र में है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के भीतर सामने आई इस कथित वित्तीय अनियमितता ने न केवल करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत किया है, बल्कि मंदिर प्रबंधन की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर दर्ज की गई एफआईआर और उसके बाद हुए तेजी से बदलते घटनाक्रमों ने इस विवाद को एक नया रूप दे दिया है। ट्रस्ट के दो शीर्ष पदाधिकारियों का इस्तीफा, निचले स्तर के कर्मचारियों की गिरफ्तारी और राज्य सरकार का सख्त रुख यह सभी तत्व मिलकर एक ऐसे परिदृश्य का निर्माण कर रहे हैं जिसकी निष्पक्ष विवेचना आवश्यक है।

एसआईटी की प्रारंभिक जांच के बाद ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर राम जन्मभूमि थाने में आठ लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई और उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इन गिरफ्तार किए गए लोगों में मुख्य रूप से वे कर्मचारी शामिल हैं जो दानपेटियों से नकदी निकालने, उसकी गणना करने और उसे बैंक में जमा करने की प्रक्रिया से सीधे तौर पर जुड़े हुए थे। जानकारी के अनुसार इनमें भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के कुछ वे कर्मचारी भी शामिल हैं जो पैसे गिनने का काम करते थे। इन कर्मचारियों की गिरफ्तारी के मायने यह हैं कि चोरी और गबन की घटना धरातल पर सत्य पाई गई है। पुलिस द्वारा आरोपियों के पास से लगभग 79 लाख रुपये से अधिक की नकदी बरामद किया जाना इस बात की पुष्टि करता है कि दान की गणना और सुरक्षा व्यवस्था में सुनियोजित तरीके से भारी सेंधमारी की गई थी।

हालांकि, इन गिरफ्तारियों के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठने लगा कि क्या इस पूरे गबन के पीछे केवल यही निचले स्तर के कर्मचारी थे विपक्ष और कई राजनीतिक विश्लेषकों ने इसे केवल मोहरों पर कार्रवाई करार दिया है। एफआईआर में किसी भी बड़े ट्रस्टी, पदाधिकारी या व्यवस्थापक का नाम न होना इस संदेह को बल देता है कि निगरानी का जिम्मा जिन शीर्ष लोगों पर था, उन्हें जांच के दायरे से बाहर रखा जा रहा है। कानूनी प्रक्रिया में अक्सर प्रारंभिक एफआईआर सीधे तौर पर अपराध को अंजाम देने वालों पर दर्ज होती है, लेकिन करोड़ों रुपये के वित्तीय प्रबंधन में यदि इतनी बड़ी चूक हुई है, तो क्या यह बिना किसी उच्च स्तरीय संरक्षण या घोर प्रशासनिक लापरवाही के संभव था।

इन्हीं उठते सवालों और बढ़ते सार्वजनिक व राजनीतिक दबाव के बीच, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और एक अन्य अहम सदस्य डा. अनिल मिश्रा ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। चंपत राय लंबे समय से मंदिर आंदोलन और निर्माण के मुख्य सूत्रधारों में रहे हैं, जबकि डा. अनिल मिश्रा पर चढ़ावे की नकदी की गिनती, उसके सुरक्षित भंडारण और बैंक व्यवस्था की निगरानी की सीधी जिम्मेदारी थी। इन इस्तीफों के बाद यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठ रहा है कि क्या पद छोड़ देने मात्र से इन्हें क्लीनचिट मिल जाएगी। कानूनी और प्रशासनिक दृष्टिकोण से देखा जाए, तो नैतिकता के आधार पर दिया गया इस्तीफा किसी भी तरह से कानूनी क्लीनचिट नहीं होता है। चंपत राय ने इस्तीफा देते हुए कहा है कि उन्होंने निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने और भगवान राम के कार्य को विवादों से बचाने के लिए पद छोड़ा है।

लोक प्रशासन में यह एक सामान्य प्रक्रिया है कि उच्च पदों पर बैठे व्यक्ति तब इस्तीफा देते हैं जब उनके पद पर बने रहने से साक्ष्यों के प्रभावित होने या जांच में बाधा पहुंचने की आशंका होती है। एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट अभी आनी बाकी है। न्यायशास्त्र के अनुसार, जवाबदेही दो प्रकार की होती है आपराधिक संलिप्तता और प्रशासनिक लापरवाही। यदि अंतिम जांच में यह साबित होता है कि इन पदाधिकारियों की ओर से केवल निगरानी में चूक हुई थी और वे सीधे तौर पर गबन या आपराधिक साजिश में शामिल नहीं थे, तो वे आपराधिक कृत्य के दंड से बच सकते हैं। लेकिन अगर इलेक्ट्रनिक सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज या गिरफ्तार आरोपियों के बयानों में यह पाया गया कि बड़े अधिकारियों की जानकारी में या उनके मौन संरक्षण में यह सब हो रहा था, तो इस्तीफे के बावजूद उन पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

# जलवायु संकट : बीत चुका है आंखें मूंदने का समय



बी कृष्णा
(ज्योतिष, योग एवं आध्यात्मिक चिंतक)

आज पृथ्वी का बदलता तापमान किसी बहस का विषय नहीं, बल्कि हर दिन महसूस की जाने वाली सच्चाई है। ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेट चेंज अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान का अनुभव हैं।

वैज्ञानिक बता रहे हैं कि शहर स्वयं अपनी गर्मी पैदा करने लगे हैं। कंक्रीट की इमारतें, डामर की सड़कें, सीमेंट के फुटपाथ और गहरे रंग की छतें दिनभर सूर्य की ऊष्मा को सोखती हैं और रातभर उसे धीरे-धीरे छोड़ती रहती हैं। यही अर्बन हीट आईलैंड प्रभाव है, जिससे शहर अपने आसपास के क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक गर्म बने रहते हैं। इसलिए अब रातें भी राहत नहीं देतीं।

दूसरी ओर सूखती मिट्टी, कमजोर पड़ती हवाएँ, औसत से अधिक गर्म होते समुद्र और वातावरण में बढ़ती ग्रीनहाउस गैसें मिलकर ऐसी परिस्थितियाँ बना रही हैं, जिनका परिणाम भीषण गर्मी, लंबे हीटवेव और असामान्य मौसम के रूप में हमारे सामने है। लेकिन इस पूरी चर्चा के बीच एक प्रश्न शायद सबसे महत्वपूर्ण है-

आखिर कहाँ गए हमारे घाघ और घाघनी।

वे लोग जो मौसम विभाग नहीं चलाते थे, फिर भी मौसम को पढ़ लेते थे।

शुक्रवार की बादरी, रहे शनिश्चर छाय।
घाघ कहे सुन घाघनी, बिन बरसे नहीं जाय

यदि शुक्रवार को बादल छा जाएँ और शनिवार तक बने रहें, तो उनके बिना वर्षा किए हटने की संभावना बहुत कम होती है। अर्थात् बादलों का टिके रहना वर्षा का प्रबल संकेत माना गया है।

आदि न बरखै आद्रा, हस्त न बरख निदान।
कहैं घाघ सुन घाघनी, होय किसान पिसान

यदि आर्दा नक्षत्र के आरंभ में वर्षा न हो और हस्त नक्षत्र के अंत तक भी पर्याप्त वर्षा न मिले, तो वर्षा ऋतु कमजोर पड़ जाती है। ऐसी स्थिति में खेती चौपट होने का भय रहता है और किसान आर्थिक संकट में पड़ जाता है।

पुरवा पुनर्वस भरे न ताल, तौ पुन भरिहै अगले साल

यदि पुनर्वसु नक्षत्र के समय पूर्वी (पुरवा) हवा चलने पर भी तालाब न भरें, अर्थात पर्याप्त वर्षा न हो, तो उस वर्ष अच्छे जलसंचय की आशा कम रहती है। ऐसी स्थिति में अगले वर्ष वर्षा की बेहतर संभावना मानी जाती है। यह वर्षा-चक्र के दीर्घकालीन अनुभव पर आधारित लोक-पर्यवेक्षण है।

उन्हें यह भी पता था कि ईशान कोण से उठती हवा क्या संकेत दे रही है। वे जानते थे कि चैत्र की एक बूंद वर्षा, श्रावण के जलचक्र को भी प्रभावित कर सकती है।

ग्रह, नक्षत्र, चंद्रमा, हवाएँ, पक्षी, चींटियाँ और ऋतुएँ, ये उनके लिए अलग-अलग विषय नहीं थेय वे प्रकृति के एक ही ग्रंथ के अलग-अलग अध्याय थे।

इसीलिए घाघ की लोकोक्तियाँ केवल वर्षा का अनुमान भर नहीं हैं। वे इस बात का प्रमाण हैं कि भारतीय लोकजीवन ने सदियों तक प्रकृति का सूक्ष्म अवलोकन किया, उसके संकेतों को समझा और उन्हें अनुभव की भाषा में पीढ़ी-दर-पीढ़ी सुरक्षित रखा।

यह लोकविज्ञान किसी प्रयोगशाला में नहीं, खेतों, जंगलों, नदियों और खुले आकाश के नीचे विकसित हुआ था।

फिर ऐसा क्या हुआ कि यह संवाद टूट गया शायद घाघ और घाघनी कहीं नहीं गए। हम ही प्रकृति की भाषा पढ़ना भूल गए।

> यदि आर्दा नक्षत्र के आरंभ में वर्षा न हो और हस्त नक्षत्र के अंत तक भी पर्याप्त वर्षा न मिले, तो वर्षा ऋतु कमजोर पड़ जाती है। ऐसी स्थिति में खेती चौपट होने का भय रहता है और किसान आर्थिक संकट में पड़ जाता है।

आज हमारे पास सुपर कंप्यूटर हैं, मौसम उपग्रह हैं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता है, लेकिन क्या हम सुबह की हवा का स्वभाव पहचानते हैं क्या पहली वर्षा से पहले मिट्टी की गंध में छिपा संदेश सुन पाते हैं । क्या हमें पता है कि कौन-सा पक्षी मौसम बदलने से पहले अपना व्यवहार बदल देता है, या चींटियाँ अपने बिलों के आसपास अचानक क्यों सक्रिय हो उठती हैं

ज्ञान का विस्तार हुआ है, पर अनुभव का क्षितिज सिमट गया है।

सूचनाएँ बढ़ी हैं, पर प्रकृति के साथ हमारा संवाद घट गया है।

आज सुबह ही बुध से मेरी बात हुई।

वह मुस्कुराकर बोला- हवाओं से मेरी लंबी बातचीत हुई है। कल से वे अपनी दिशा और गति दोनों बदलने का प्रयास करेंगी।

इतने में शुक्र भी आ गए। उन्होंने कहा कि वे भी इस संवाद में अपना सकारात्मक योगदान देंगे। केतु ने भी सहमति में सिर हिलाया। अब प्रयास है कि चंद्रमा भी इस वार्ता का हिस्सा बन जाए। यदि प्रकृति का यह सामंजस्य अनुकूल रहा, तो कल से 12 जुलाई तक इस जानलेवा गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिल सकती है।

यह सुनकर मन में एक विचार कौंधा...

शायद प्रकृति आज भी हमसे उतनी ही बातें करती है, जितनी सदियों पहले करती थी। बदले तो हम हैं। हमने हवा की आवाज सुननी छोड़ दी, पेड़ों की छाया में बैठना छोड़ दिया, मिट्टी की गंध को महसूस करना छोड़ दिया। हमने अपने घरों की खिड़कियाँ ही नहीं, अपने मन भी बंद कर लिए।

प्रकृति को समझने के लिए किसी बड़े संस्थान, किसी सम्मेलन या किसी वातानुकूलित कक्ष की आवश्यकता नहीं है। आवश्यकता है तो बस कुछ क्षण उसके साथ बैठने की। हवा को महसूस करने की, वृक्षों को देखने की, पक्षियों को सुनने की, आकाश को पढ़ने की और ऋतुओं के बदलते स्वभाव को आत्मसात करने की।

जब तक हम बंद कमरों से बाहर निकलकर प्रकृति के साथ फिर से बतियाना नहीं सीखेंगे, तब तक उसके संकेत हमारे लिए केवल डेटा बने रहेंगे।

शायद जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा प्रश्न केवल बढ़ता तापमान नहीं है। उससे भी बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर मनुष्य ने प्रकृति से बात करनी क्यों बंद कर दी।

सम्मेलन होंगे, शोध होंगे, नई तकनीकें आएँगी और आनी भी चाहिए। लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि प्रकृति का अपना एक विश्वविद्यालय है, जहाँ न दीवारें हैं, न डिग्रियाँ, केवल अवलोकन है, अनुभव है और संवाद है।

हवा आज भी अपनी दिशा बदलने से पहले संकेत देती है।

आकाश आज भी अपने रंग बदलता है।

पक्षी आज भी मौसम के साथ अपना व्यवहार बदलते हैं।

मिट्टी आज भी वर्षा के आने की खबर अपने भीतर संजोए रहती है।

बदली प्रकृति नहीं है, बदली हमारी दृष्टि है।

हमें फिर उसी पथ पर लौटना होगा, जिस पर कभी घाघ, घाघनी, भड्डरी और हमारे लोकजीवन के असंख्य प्रकृति-द्रष्टा चला करते थे। वे प्रकृति पर अधिकार नहीं जमाते थे, उनके साथ संवाद करते थे। हवा से पूछते थे, बादलों को पढ़ते थे, पक्षियों को सुनते थे और ऋतुओं के साथ चलते थे।

### जीविका दीदियों के हाथों से तैयार चायपत्ती बनी किशनगंज की पहचान

**बिहार** राज्य में समूहों से जुड़ीं जीविका दीदियां अपनी हुनर और मेहनत लगातार कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। रसोई, सिलाई, पशुपालन, नर्सरी, लघु एवं कुटीर उद्योग के साथ अब उन्होंने दूसरे अन्य कई क्षेत्रों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। नई बानगी के तौर पर किशनगंज के पोठिया प्रखंड में इन दीदियों के हाथों चायपत्ती फैक्ट्री के संचालन के रूप में देखा जा सकता है। इस फैक्ट्री में दीदियों ने अपनी दक्षता के बल पर न सिर्फ रोजगार के नए अवसर सृजित किए हैं बल्कि दूसरों की जीविका का भी एक सशक्त माध्यम खड़ा किया है।

किशनगंज के पोठिया ब्लाक में समूह से जुड़ीं दीदियां महानंदा एफपीसी (महिला एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड) की ओर से संचालित टी प्रोसेसिंग एंड पैकेजिंग इकाई के सहारे व्यापक स्तर पर चायपत्ती का उत्पादन कर रही हैं। इस काम से दीदियों को वार्षिक तौर पर लाखों की आमदनी भी हो रही है। वर्ष 2002 में स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाइ) के तहत जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) किशनगंज को एक विशेष परियोजना स्वीकृत की गई थी। इसे देखते हुए 2010 में किशनगंज के पोठिया प्रखंड के कुसियारी पंचायत स्थित कालीदास किस्मत में करीब 10 एकड़ भूमि पर 9.64 करोड़ रुपये की लागत से बिहार सरकार ने एक चाय कारखाना स्थापित किया। कारखाने की स्थापना का उद्देश्य चाय पत्ता की खेती और पत्ता तोड़ने वालों स्थानीय किसानों के संघ के माध्यम से कारखाने का संचालन करना था।

इसी बीच जीविका के माध्यम से महानंदा संघ बनाने का निर्णय लिया गया। नतीजा, 14 जून 2021 को 10 प्रमोटर सदस्यों के सहारे महानंदा जीविका महिला एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का गठन किया गया। एफपीसी से जुड़ी सभी महिलाएं जीविका स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं। आज कुल 45 दीदियां किसानों के यहां से खरीदकर लाए गए चाय पत्ता से चायपत्ती का उत्पादन कर रही हैं। इस कार्य से जुड़े कर्मियों की तनख्वाह 10 हजार रुपये से लेकर 40 हजार रुपये तक निर्धारित है।

जीविका समूह के अधिकारियों का कहना है कि जीविका दीदियों के हाथों पिछले सीजन में डेढ़ लाख किलो चायपत्ती तैयार किया गया था। इसमें से करीब एक लाख किलो से अधिक की चायपत्ती की बिक्री हो चुकी है। दीदियों के उत्साह, हुनर और बाजार में उनकी चायपत्ती की मांग को देखते हुए इस वर्ष दस लाख किलो (एक हजार टन) चायपत्ती उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# सोशल मीडिया का एल्गोरिद्मिक जाल



राहुल कुमार
(शोधार्थी, महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी)

**भारत** में सस्ते इंटरनेट और स्मार्टफोन की बढ़ती पहुंच ने सोशल मीडिया के उपयोग को अभूतपूर्व गति दी है। इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब जैसे प्लेटफार्म पर रील्स आज केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह गए हैं, बल्कि युवाओं के दैनिक जीवन, सोचने के तरीके और सूचना ग्रहण करने की प्रक्रिया को भी प्रभावित कर रहे हैं। कुछ मिनटों का समय बिताने के उद्देश्य से शुरू होने वाली स्क्रॉलिंग अक्सर घंटों तक चलती है। इसका कारण केवल व्यक्तिगत आदत नहीं, बल्कि इन प्लेटफार्मों की ऐसी संरचना है जो उपयोगकर्ताओं का ध्यान अधिकतम समय तक बनाए रखने के लिए बनाई गई है।

रील्स की लोकप्रियता के पीछे कई मनोवैज्ञानिक तत्व काम करते हैं। प्रत्येक स्वाइप पर नया विषय, नया दृश्य और नया अनुभव मिलने की संभावना उपयोगकर्ता के भीतर उत्सुकता बनाए रखती है। इसे मनोविज्ञान में वैरिएबल रिवार्ड कहा जाता है, जहां व्यक्ति को यह नहीं पता होता कि अगली बार उसे क्या देखने को मिलेगा। यही अनिश्चितता मस्तिष्क में डोपामिन का स्राव बढ़ाती है और व्यक्ति को लगातार स्क्रॉल करते रहने के लिए प्रेरित करती है।

रील्स ने सूचना उपभोग की संस्कृति को भी बदल दिया है। आज का युवा कुछ ही मिनटों में राजनीति, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, खेल और अंतरराष्ट्रीय घटनाओं से जुड़ी दर्जनों जानकारियां देख लेता है। यह स्थिति ऐसी है मानो जानकारी को पूर्ण भोजन के बजाय छोटे-छोटे सूचना स्नैक्स में परोसा जा रहा हो। परिणामस्वरूप युवाओं की जानकारी का दायरा तो बढ़ता है, लेकिन उसकी गहराई कम होती जाती है। व्यक्ति स्वयं को सूचित समझता है, किंतु किसी विषय पर गंभीर चर्चा या विश्लेषण करने में अक्सर असमर्थ रहता है।

इसके साथ ही सोशल मीडिया पर एक नया मनोवैज्ञानिक भ्रम भी विकसित हुआ है, जिसे छद्म-शिक्षा या स्यूडो-लर्निंग कहा जा सकता है। प्रेरणादायक, शैक्षणिक अथवा उत्पादकता से संबंधित रील्स देखने के बाद व्यक्ति को यह महसूस होता है कि उसने कुछ नया सीख लिया है। जबकि वास्तविक सीख तभी संभव है जब जानकारी को व्यवहार में उतारा जाए। केवल सामग्री देखना और वास्तव में कौशल अर्जित करना दो अलग-अलग प्रक्रियाएं हैं। इस प्रकार सोशल मीडिया कई बार ज्ञान का आभास तो देता है, लेकिन वास्तविक ज्ञान नहीं।

लगातार रील्स देखने का प्रभाव युवाओं की एकाग्रता पर भी पड़ रहा है। किसी पुस्तक, संपादकीय लेख या

**बदलता युग**

शोध-पत्र को समझने के लिए लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करना पड़ता है, जबकि रील्स कुछ ही सेकंड में नई उत्तेजना प्रदान करती हैं। धीरे-धीरे मस्तिष्क त्वरित संतुष्टि का आदी हो जाता है और धैर्य मांगने वाले कार्य कम आकर्षक लगने लगते हैं।

परिणामस्वरूप विद्यार्थियों को अध्ययन में, शोधार्थियों को लेखन में तथा पेशेवरों को जटिल कार्यो में ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई महसूस होने लगती है।

दिलचस्प बात यह है कि रील्स ध्यान की प्रति को भी बदल रही हैं। एक ओर वे क्षणिक या ट्रांजिएंट अटेंशन को मजबूत करती हैं, जिससे व्यक्ति नई सूचनाओं, ट्रेंड्स और घटनाओं को तेजी से पहचानने लगता है।

दूसरी ओर दीर्घकालिक या सस्टेन्ड अटेंशन कमजोर पड़ने लगता है, जो गहन अध्ययन, चिंतन और विश्लेषण के लिए आवश्यक है। परिणामस्वरूप युवा तेजी से जानकारी ग्रहण करने में तो दक्ष हो रहे हैं, लेकिन उस जानकारी पर गहराई से विचार करने की क्षमता अपेक्षात कमजोर हो रही है।

रील्स का एक कम चर्चित प्रभाव संज्ञानात्मक अवशेष (कगिटिव रेजिड्यू) भी है। सोशल मीडिया बंद करने के बाद भी देखे गए गीत, मीम्स, राजनीतिक नारे, विज्ञापन और प्रभावशाली व्यक्तियों के संदेश मस्तिष्क में सक्रिय बने रहते हैं। ये मानसिक अवशेष कार्यशील स्मृति पर दबाव डालते हैं और पढ़ाई, लेखन तथा समस्या-समाधान जैसी गतिविधियों में बाधा उत्पन्न कर सकते हैं। व्यक्ति भले ही मोबाइल बंद कर दे, लेकिन उसका ध्यान पूरी तरह मुक्त नहीं हो पाता।

न्यूरोसाइंस के क्षेत्र में न्यूरोप्लास्टिसिटी की अवधारणा बताती है कि मस्तिष्क अपने अनुभवों के अनुसार स्वयं को ढालता रहता है। यदि कोई व्यक्ति प्रतिदिन कई घंटे रील्स देखता है, तो उसका मस्तिष्क तेज सूचना प्रसंस्करण, नवीनता की खोज और लगातार ध्यान बदलने जैसी क्षमताओं को मजबूत करता है। इसके विपरीत गहन एकाग्रता, चिंतन और धैर्यपूर्ण अध्ययन से जुड़े तंत्रिका मार्ग अपेक्षात कम सक्रिय हो सकते हैं। यह स्थिति मस्तिष्क को नुकसान पहुंचाने के बजाय उसकी कार्यप्रणाली को एक विशेष दिशा में पुनर्गठित करती है।

यही कारण है कि रील्स संस्कृति केवल मनोरंजन का विषय नहीं, बल्कि शिक्षा, मीडिया साक्षरता और लोकतांत्रिक विमर्श से जुड़ा एक महत्वपूर्ण सामाजिक प्रश्न बन चुकी है। जब युवा तेजी से सूचना ग्रहण करने में अधिक सक्षम हों, लेकिन उस सूचना का आलोचनात्मक मूल्यांकन करने में कमजोर पड़ने लगें, तब समाज को इसके दीर्घकालिक प्रभावों पर गंभीरता से विचार करना होगा।

आज की सबसे बड़ी चुनौती सूचना की कमी नहीं, बल्कि सूचनाओं की अधिकता है। रील्स के युग में खतरा यह नहीं कि युवा कुछ नहीं जान रहे हैं, बल्कि यह है कि वे बहुत कुछ देख रहे हैं, परंतु कम समझ रहे हैं। सूचना और ज्ञान के बीच का यही अंतर डिजिटल युग की सबसे महत्वपूर्ण बहस बनता जा रहा है।

# पुस्तक 'शूद्रों का सच' इस विषय पर समाज में व्याप्त भ्रांतियों से धूल हटाने का एक शोधपरक प्रयास है : मिथिलेश के सिंह

शैलेश कुमार सिंह

बिहार में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के सहायक कुल सचिव तथा इतिहास एवं संस्कृति से जुड़े विषयों के मशहूर लेखक मिथिलेश के सिंह ने कहा कि प्राचीन, मध्य, औपनिवेशिक तथा समकालीन लेखन में शूद्रों के बारे में अनेक भ्रांतियां मौजूद हैं और उनकी नव प्रकाशित पुस्तक 'शूद्रों का सच' इस विषय पर ऐतिहासिक तथ्यों को तार्किक रूप से सामने लाने का एक शोधपरक प्रयास है।

'अंबेडकर, इस्लाम और वामपंथ' जैसी पुस्तक लिख कर पहले ही स्वनामधन्य हो चुके श्री सिंह ने कहा कि पुस्तक 'शूद्रों का सच' करीब चार वर्षो के शोध एवं अध्ययन का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि यह विषय समय समय पर हिंदुस्तानी और विदेशी लेखकों को आकर्षित करता रहा है, लेकिन परस्पर विरोधी विचारधारा की वजह से शोधार्थियों के कौतूहल में कमी नही आई है।

लेखक ने कहा कि उनके अंदर भी इस विषय को लेकर कौतूहल भरा हुआ था , इसलिये उन्होंने इस विषय पर तथ्यों को परखा, लिखा और अंतिम निर्णय का अधिकार पाठकों के हवाले कर दिया है। उदाहरण के तौर पर यूरोपियन विद्वानों का एक स्कूल कहता है कि भारत में शूद्रों को पढ़ने लिखने या अध्ययन करने का अधिकार नहीं था। इस भ्रांति के सामने उन्होंने अगस्त्य, वाल्मीकि, वेदव्यास और सूत जी जैसे कई प्राचीन भारत के महान शुद्र रचनाकारों का उदाहरण रखा और निर्णय का अधिकार पाठकों पर छोड़ दिया। उसी तरह से जिन लोगों को लगता है कि शुद्र जन्म से दलित, शोषित या वंचित थे, उन्हें यह पुस्तक याद दिलाती है कि भारतीय इतिहास के प्रथम चक्रवर्ती राजा सुदास शुद्र थे। उन्होंने ऋग्वेद के कई श्लोकों की रचना भी की थी।




पुस्तक 'शूद्रों का सच' में तथ्यों के आधार पर बताया गया है कि प्राचीन काल मे ब्राम्हणों और क्षत्रियों का विवाह वैश्य तथा शूद्रों से होता था और इसके कई उदाहरण भी पुस्तक में दिए गए हैं। यह बताया गया है कि व्यास की मां मछुआइन, वशिष्ठ की गणिका और मुनिश्रेष्ठ मदनपाल की मां मल्लाहिन थी। पुस्तक उंस भ्रांति को भी तोड़ती है, जिसमे बहुत से लेखक कहते हैं कि सारे शुद्र अनार्य थे और आर्यो ने उनको दास बना लिया था।

पुस्तक में लेखक यह बताने का प्रयास करते हैं कि समाज भले वर्ग, वर्ण और जाति के फंदे में फंसता गया, लेकिन भारत में लम्बे समय तक सामाजिक समरसता अबाध गति से आगे बढ़ रही थी। सभी वर्ग और वर्ण अपने निर्धारित कार्यो में जुटे थे और जिस हीन भावना को शूद्रों के अस्तिव से जोड़ने का प्रयास किया गया उसका भारतीय समाज में नामोनिशान नही था। यह पुस्तक बेंजामिन टुडेलो, अब्दुर्रज्जाक, फाह्यान अलबरूनी और मार्कोपोलो जैसे लेखकों को कोट कर बताती है कि तब का भारतीय समाज समतामूलक था।

अब सवाल उठता है कि शूद्रों को लेकर इस तरह की हीनता और भ्रांति कहां से उपजी। इस सवाल के जवाब में लेखक औपनिवेशिक काल के तथ्यों को सामने लाते हैं। यह बताते हैं कि किस तरह 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के समय भारतीय समाज की एकता ने अंग्रेजों की नींद में खलल डाल दिया था। 'अंग्रेजो की फूट डालो और राज करो' की नीति ने भारतीय समाज को असंख्य टुकड़ों में बांट दिया। ऐसी हालत में सामाजिक स्वरूप को बदनाम किया गया। ऐसे वर्ग और जातियों को तैयार किया गया जो पहले से मौजूद नही थे। पुस्तक इशारा करती है कि 1901 में भारत मे बैठी हुई ब्रिटिश हुकूमत ने 2314 जातियों की सूची बनाई थी, लेकिन 1931 में जारी सूची में इसकी संख्या 4114 हो गयी थी, जो एक गहरे षडयंत्र का परिणाम थी।

श्री सिंह ने बताया कि शूद्रों से सम्बंधित समाज के नजरिये में बदलाव लाने में मैक्समूलर, ग्लैडविन, चार्ल्स विल्किंस और जोनाथन डंकन जैसे यूरोपियन लेखकों की भूमिका पर भी यह पुस्तक प्रकाश डालती है। पुस्तक वामपंथी विचारधारा और शूद्रों को लेकर उनके राजनीतिक प्रयोग को भी सामने लाती है और यह सोचने पर विवश करती है कि जिस दलित, शोषित और वंचित समाज को वामपंथियों ने शुद्र समाज से जोड़ दिया, क्या वह सही व्याख्या है।

इस पुस्तक ने बाबा साहेब अंबेडकर और मनुस्मृति पर उनके विचारों से जुड़ी भ्रांतियों की भी पड़ताल की है। पुस्तक बताती है कि विद्वानों जिनमे सर विलियम जोंस से महात्मा गांधी तक कई नाम हैं, ने माना कि मनुस्मृति के मूल संस्करण में इतने श्लोक नही थे, जितने बाद में दिखाए गए। उनका मानना है कि बहुतायत श्लोक बाद में जोड़ दिए गए, जिससे इसकी बदनामी हुई। गांधी ने अपनी पुस्तक वर्ण व्यवस्था में माना कि मनुस्मृति में पाई जाने वाली अधिकांश आपत्तिजनक बातें बाद में मिलावट से आईं। पुस्तक बताती है कि मनुस्मृति से सम्बंधित अंबेडकर के विचार अंग्रेजी में अनुदित पुस्तकों के पाठन से आये, जिसमे वैसे श्लोक भी शामिल थे, जो क्षेपक थे। लेखक का मानना है कि इन क्षेपक श्लोकों का अस्तित्व नही होता तो शायद अंबेडकर के विचार मनुस्मृति के लिए थोड़े अलग होते।

लेखक श्री सिंह ने कहा कि अंबेडकर ने अपने निष्कर्ष में साफ किया है कि शुद्र आर्य थे। उन्होंने उनके अनार्य रूप में पराजित योद्धा वाली थ्योरी को नकार दिया था। इस पुस्तक में जातियों के उद्भव पर एक विस्तृत चैप्टर है। पुस्तक इस बात पर प्रकाश डालती है कि प्राचीन समय मे वर्ण का आधार कर्म था और कर्म बदलने से वर्ण भी बदल जाता था। ऐसे भी उदारण उपलब्ध हैं जिसमे एक ही परिवार में कर्म के हिसाब से दो वर्ण के लोगों का उल्लेख है।

## प्रवचन

# मानव जीवन की सबसे बड़ी बाधा मोह है : जीयर स्वामी

> गर्भ के बच्चों पर माताओं के आहार-व्यवहार का गहरा प्रभाव
>
> आसक्ति, क्रोध, लोभ और काम-वासना का करें त्याग
>
> कुकर्म से अर्जित साधन अशान्ति का कारण

मोह मानव जीवन में बाधा है। यह मनुष्य को गलत दिशा में आसक्त कर स्वस्थ चिंतन और निर्णय को प्रभावित करा देता है। मोह के कारण जो अनुकरणीय नहीं है उसे भी स्वीकार करना पड़ता है। जो सही और ग्राह्य नहीं उसे जीवन में अपनाना ही मोह है। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ के दरम्यान प्रवचन करते हुए कही।

श्री जीयर स्वामी ने भागवत कथा में भगवान कपिल और देवहूति संवाद को आगे बढ़ाते हुए कहा कि सभी लोग आगे बढ़ना चाहते हैं और उत्तम कार्य भी करना चाहते हैं, लेकिन मोह के कारण पूर्णता में बाधा उत्पन्न हो जाती है। मोह पर विजय पानी चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि हम जो सोचे वैसा ही हो, ऐसा संभव नहीं। सोच के अनुसार सभी कार्य पूर्ण हो जाये तो मानव और ईश्वर में अन्तर मिट जायेगा। जीव सबके बावजूद ससीम है और ईशार असीम हैं। 'परवा जीव स्ववा भवन्तां।'

स्वामी जी ने कहा कि सफलता में असफलता को याद रख हमेशा नियंत्रित रहना चाहिए। सद्विचार से कर्म जरूर करें, लेकिन सभी कार्य सफल हों, ऐसी सोच नहीं रखनी चाहिए। पुरूषाार्थ से कार्य करने के बावजूद बार-बार की असफलता पूर्व के प्रारब्ध और माता-पिता के दोष युक्त कर्मो का फल से भी संबंध रखता है। पुरूषार्थी असफलता से हार नहीं मानते। स्वामी जी ने कहा कि अनर्थकारी कर्मो से प्राप्त संसाधन जीवन में शांति और शकुन नहीं दे पाते। ऐसे साधन मानव के हक और हित में कल्याणकारी नहीं होते। भले ही कुछ समय के लिये व्यक्ति विशेष एवं परिजनों को नीच कर्मो से प्राप्त संसाधन विकास के रूप में प्रतीत हो लेकिन वास्तव में ये अशांति के दूत होते हैं, जो धीरे-धीरे पतन की ओर ले जाते हैं।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति मोह के कारण भक्ति मार्ग पर निर्बाध रूप से नहीं बढ़ पाता। मोह पर विजय प्राप्त करने के लिए सबसे पहले आसक्ति, काम-वासन, अकारण क्रोध और लोभ का परित्याग करना चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि माता देवहूति ने भवान कपिल से निवेदन किया कि दुनिया में जीव कैसे आते हैं । कपिल जी ने बताया कि 84 लाख योनियों में भटकने के बाद बहुत प्रकार के श्रम करने पड़ते हैं। माता-पिता के भोजन से ही तेज और रज बनता है। चौरासी लाख योनियों में भटकने के बाद परमात्मा की अहैतुक कृपा से जीव मानव योनि में आता है। मानस में कहा गया है।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

"कबहु करि करूना नर देही। देत इशवी बिनु हेतु सनेही"

माता-पिता के भोजन से ही तेज और रज बनता है। माता-पिता के गृहस्थ मर्यादा से गर्भाधान के समय ही जीव पड़ जाता है। प्रथम दिन कलल कहा जाता है, जो झा के समान होता है। पांचवें दिन गोलाकार, दसवें दिन बैर का आकार, और पन्द्रहवें दिन अंडाकार होता है। एक माह में मांस पिंड में सिर निकलता है। दो माह पर अव्यय और तीन माह में सभी अंग निकल जाते हैं। चौथे माह मांसादि सात धातुयें बन जाती हैं। पांचवें माह में गर्भ का बालक भूख का अनुभव करने लता हैं। छठे माह में झिल्ली में लिपटा जीव घुमने लगता है। सातवें माह में सौ जन्मों का अनुभव करता है। आठवें माह में ज्ञान हो जाता है। नौवें माह में ज्ञान से पूर्ण और मोह से दूर रहता है। संसार में आने के बाद जीव भाठ नामक वायु के प्रभाव में आकर माया से घिर जाता है। भाठ नामक वायु के प्रभाव से रहित श्री शुकदेव जी ओर भाठकोप स्वामी हुए।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

# पूर्वी चंपारण जिला के सभी 394 पंचायत में पंचायत विकास दिवस का किया गया आयोजन

## प्रभात फेरी से मन की बात तक, पंचायत विकास दिवस पर आयोजित ग्राम सभा में महिलाओं की प्रभावी भागीदारी

## प्राप्त संसाधनों का बेहतर उपयोग कर पंचायतों के सर्वागीण विकास को लक्ष्य बनाकर किया जाए कार्य : प्रभारी सचिव

**मोतिहारी(एनएसबी)।** राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में पूर्वी चंपारण जिले के सभी 394 पंचायतों में आज ष्पंचायत विकास दिवसष् का आयोजन कर सभी जगह ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। चकिया प्रखंड के रामगढ़ महुआवा पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में आयोजित पंचायत विकास दिवस के अवसर पर आज पूर्वी चंपारण जिला के प्रभारी सचिव श्री शीर्षत कपिल अशोक, जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव, जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्री राम जनम पासवान, अनुमंडल पदाधिकारी चकिया सुश्री शिवानी शुभम सहित अन्य पदाधिकारीगण ग्राम सभा में उपस्थित रहे। ग्राम सभा की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया श्रीमती कबीर खातून के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर ग्राम सभा में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए प्रभारी सचिव महोदय ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा पंचायतों के सशक्तिकरण का कार्य लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राप्त संसाधनों का बेहतर उपयोग करें एवं पंचायत के सर्वागीण विकास के लिए कार्य करें जिसका लाभ पंचायत के सभी लोगों को मिल सके। प्रभारी सचिव ने कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार के दिन पंचायत विकास दिवस का आयोजन कर ग्राम सभा की बैठक की जाएगी जिसमें योजनाओं के चयन पर निर्णय लिया जाएगा उन्होंने यह भी बताया कि पंचायत के सतत विकास के लिए कुल 17 योजनाएं इसमें शामिल की गई है और इसके लिए जो थीम निर्धारित किया गया है पहला थीम महिला हितैषी ग्राम पंचायत है जिसके आधार पर आज ग्राम सभा का आयोजन किया गया है उन्होंने आज की ग्राम सभा में महिलाओं की भागीदारी को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा इससे महिलाओं के द्वारा योजनाओं के चयन को प्राथमिकता मिलेगी। बिहार सरकार के द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए भी लगातार कार्य किया जा रहे हैं जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन रही हैं। प्रभारी सचिव महोदय ने कहा कि पंचायत के विकास की जिम्मेदारी आप सबकी है। योजनाओं का चयन आप लोगों को ही करना है। हम लोग केवल सुझाव दे सकते हैं, निर्णय आपको लेना है। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव ने कहा कि पंचायत के विकास के लिए राशि अब सीधे पंचायत के खाते में आता है। पंचायत समृद्ध बनेंगे तो राज्य और राष्ट्र भी समृद्ध होगा। जिला प्रशासन हर कदम पर पंचायत को सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। पंचायत के सतत विकास के लिए पंचायत विकास दिवस का आयोजन आम लोगों को



ग्राम सभा में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए प्रभारी सचिव ।

जागरूक करने में सफल होगा। इससे पंचायत की योजनाओं के चयन एवं क्रियान्वयन में पारदर्शिता आएगी जिसका लाभ सभी को मिलेगा।इस अवसर पर पंचायत सचिव के द्वारा वित्तीय वर्ष 202526 में प्राप्त राशि और उसे किए गए कार्य का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया पंचायत सचिव के द्वारा बताया गया कि पिछले वित्तीय वर्ष में कुल 45 लख रुपए की राशि विकासमंद में प्राप्त हुई थी जिसमें 22 लाख रुपया व्यय कर कुल 15 योजनाओं को पूर्ण कराया गया है। कुछ योजनाओं पर अभी भी कार्य चल रहा है। शेष बचे 23 लाख रुपया से उन योजनाओं को भी पूर्ण करा लिया जाएगा। पंचायत विकास की राशि से पंचायत सरकार भवन में पुस्तकालय की स्थापना साथ ही साथ छठ घाटों का निर्माण, सड़क निर्माण, पीसीसी का कार्य, विद्यालय में चारदीवारी,सोलर लाइट से संबंधित कार्य कराए गए हैं। ग्राम सभा में पंचायत के उप मुखिया,सरपंच,सभी 14 वार्ड के वार्ड मेंबर भी उपस्थित थे।

जिलांतर्गत आज सुबह कई पंचायतों में प्रभात फेरी के माध्यम से दीदियों ने ग्रामीणों को नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया तथा मद्यपान के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए शराबबंदी के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया । हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां एवं नारों के माध्यम से उन्होंने समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित किया ।

प्रभात फेरी के उपरांत जिले के सभी पंचायतों में आयोजित ष्प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बातष् कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार एवं आमजन के बीच संवाद को और अधिक सशक्त बनाना तथा विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को बढ़ावा देना था। इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई तथा पात्र लाभुकों तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया ।

कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, सरकारी पदाधिकारियों, जीविका दीदियों एवं ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई । पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा, जनभागीदारी बढ़ाने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने को लेकर भी चर्चा की गई । जीविका दीदियों ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, नशामुक्त समाज के निर्माण तथा पंचायत विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया ।

## संक्षिप्त खबरें

### हाई कोर्ट के आदेश से तुरकौलिया चौक से हटाया जा रहा है अतिक्रमण

**तुरकौलिय।** तुरकौलिया चौक स्थित डाकखाना के सामने से जाने वाली सड़क से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। हाईकोर्ट के आदेश पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हो रही है। यह सड़क करीब 328 फीट लंबा है। जिसे करीब देढ़ दर्जन लोगों ने अतिक्रमण करके पक्का मकान बना लिया है। सीओ संतोष कुमार ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश पर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। आगामी एक जुलाई तक पूर्णतः खाली करा लिया जाएगा। जहां पहले दिन मंगलवार को पुरब के तरफ से सड़क पर बने मकान तोड़कर खाली कराया गया है। किसी का मकान तो किसी का चहारदीवारी तोड़ा गया है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगा।

### डीसीएम ने कार को मारी टक्कर

**पीपराकोठी।** थाना क्षेत्र के बलथरवा गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ओवरब्रिज पर रविवार को एक सड़क हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार डीसीएम ट्रक ने पीछे से एक कार को टक्कर मार दी। इस घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि उसमें सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार, कार (ठत 06 ।㎡ 2594) में सवार एक परिवार खजूरिया से मोतिहारी जा रहा था। बलथरवा गांव के पास ओवरब्रिज पर पीछे से आ रहे फल लदे डीसीएम ट्रक (न्त 35 ब्ज 0720) के चालक ने लापरवाही से कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का पिछला हिस्सा और चालक की तरफ का भाग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद डीसीएम चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया।

## डीएम ने महादलित टोले से की पोलियो अभियान की शुरुआत

**मोतिहारी(एन एस बी)।** जिले में जून चक्र 2026 के प्के द्वारा बरियारपुर के वार्ड 44 महादलित टोला में कार्यक्रम का किया गया जहाँ उद्घाटन स्थल पर फीता काटकर जिलाधिकारी ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जिलाधिकारी ने सिद्धांत, शिवांश और रूद्रा को पोलियो की खुराक दिया।उन्होंने बताया कि पोलियो मुक्त भारत के लिए जरूरी है



पल्स पोलियो अभियान का उद्घाटन करते जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव।

कि - पाँच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक हर हाल में उपलब्ध हो। वहीं डब्लूएचओ के मनोज तुमराडा ने बताया कि 1863 घर घर भ्रमण के लिए जबकि 275 ट्रांजिट टीम लगाया गया है। कार्यक्रम 28 जून से 2 जुलाई तक चलेगा। उद्घाटन में मौजूद सिविल सर्जन ड दिलीप कुमार तथा जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम की गंभीरता से मनिटरिंग की जाएगी। ताकि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा कवच से वंचित न रहे। मामलों को लेकर बरती जा रही है चौकसी : पाकिस्तान, नेपाल जैसे पड़ोसी देश में में पोलियो संक्रमण का मामला के बाद पूरे देश में इसे लेकर विशेष चौकसी बरती जा रही है। गौरतलब है कि दुनिया के देशों में पोलियो का वायरस मिलने के बाद बिहार सहित देश के अन्य हिस्सों में इसके प्रसार का खतरा बरकरार है। बाहरी राज्यों में बसे लोगों का बिहार आगमन होता है। लिहाजा जिला सहित राज्य के अन्य हिस्सों में इसे लेकर विशेष एहतियात बरती जा रही है। जिले के सिविल सर्जन ड दिलीप कुमार ने कहा कि बाहरी लोगों से आग्रह है कि स्वास्थ्य कर्मियों को सहयोग करें एवं अपने बच्चे को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। कार्यक्रम में राजेश तिवारी, गुंजा कुमारी, ड धर्मेन्द्र, ड हर्षिता नरोत्तम कुमार, अरुणदुबे इत्यादि मौजूद थे।

## 70वीं बीपीएससी में चयनित हुए विजय कुमार विक्की, राज्य कर सहायक आयुक्त बने

### मधुआहां वृत्त पंचायत सहित पूरे मोतिहारी जिले का नाम किया गौरवान्वित

**तेतरिया ( एस एन बी)** मोतिहारी जिला तेतरिया प्रखंड के मधुआहां वृत्त पंचायत, वार्ड नंबर 10 निवासी विजय कुमार विक्की ने 70वीं ठच्ैब परीक्षा में राज्य कर सहायक आयुक्त यानी त्रैजंजम ज्ंगपेजंदज ब्वउउपेेपवदमतत्र पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विजय ने 70वीं रैंक हासिल की है। विजय शिक्षक रामबाबू चौधरी और माता माला कुमारी के सुपुत्र हैं। वर्तमान में वे सीनियर गुड्स ट्रेन मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। चयन की सूचना मिलते ही पूरे मधुआहां वृत्त पंचायत सहित तेतरिया प्रखंड और मोतिहारी जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। 'सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुओं को' विजय कुमार विक्की ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों, बाबा-दादी और शुभचिंतकों को दिया। उन्होंने कहा कि मेहनत, लगन और परिजनों के सहयोग से यह मुकाम हासिल हुआ है। 'बधाई देने वालों का लगा तांता' विजय को शुभकामनाएं देने वालों में पूर्व केंद्रीय षि कल्याण मंत्री एवं सांसद ड़ राधा मोहन सिंह, स्थानीय सांसद, पिपरा विधायक माननीय श्याम बाबू यादव, तेतरिया प्रखंड प्रमुख विनय कुमार यादव, मधुरा मुखिया सिया सुंदरी देवी, केत्रीय मुखिया प्रमोद कुमार गुप्ता, शिक्षक विनोद कुमार गुप्ता, मोहम्मदपुर-मझौलिया पंचायत की मुखिया अंजली श्रीवास्तव, मुखिया पति अभिजीत आनंद उर्फ चंदन जी, तेतरिया मुखिया संघ के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार उर्फ पप्पू जी, सुरेंद्र राय, सिमराहा मुखिया महापति देवी, पति उपेंद्र साहनी, पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार सहित सैकड़ों बुद्धिजीवियों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने बधाई दी है। पूरे क्षेत्र में विजय की इस उपलब्धि को लेकर जश्न का माहौल है। लोगों का कहना है कि उनकी सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेगी।

### प्रखंड के सभी पंचायतों में विकास दिवस का आयोजन

**पीपराकोठी।** बिहार सरकार के निर्देश पर प्रखंड की सभी छह पंचायतों में रविवार को पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायतों में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान पर जोर दिया गया।कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्वच्छता, सड़क और नाली सहित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। ग्रामीणों से योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित सुझाव और शिकायतें भी प्राप्त की गईं, जिनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। सलेमपुर पंचायत में मुखिया उपेंद्र पासवान, सूर्यपुर में मुखिया संतोष शर्मा, बीरछपरा में मुखिया हेमंत कुमार, पंडितपुर में मुखिया रामनाथ प्रसाद यादव, दक्षिणी ढेकहां में मुखिया रंभा देवी और टिकैता गोविंदापुर पंचायत में मुखिया साबिल खातून की अध्यक्षता में ये कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर बीपीआरओ श्वेता सुमन, पंचायत सचिव आलोक कुमार बैठा और संदीप कुमार के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधि, वार्ड सदस्य, विकास मित्र, जीविका दीदियां और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि पंचायत विकास दिवस का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की नियमित समीक्षा, जनसुनवाई और योजनाओं के पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है।

## समाज को महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता : बघेला

### महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपनाने का आह्वान, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित पर वक्ताओं ने दिया बल

**मोतिहारी (एनएसबी)।** महाराणा प्रताप जयंती पखवाड़ा के अवसर पर शहर के राजा बाजार स्थित गांधी प्रेक्षा गृह में आयोजित समारोह में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं बौद्धिक हस्तियों ने महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व, तित्व और उनके आदर्शों पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने सामाजिक समरसता, राष्ट्रहित, युवाओं की भूमिका तथा इतिहास के संरक्षण पर विशेष बल दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री शंकर सिंह वाघेला ने कहा कि आज समाज को महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल अक्सर अपने स्वार्थ के लिए समाज को साधने का प्रयास करते हैं, जबकि आनंद मोहन जैसे नेता समाज के सभी वर्गों की चिंता करते हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे गंभीर चिंतन करें, उच्च शिक्षा प्राप्त करें और प्ै-प्च्ै जैसे प्रतिष्ठित पदों पर पहुंचकर देश एवं समाज की सेवा करें।पूर्व सांसद आनंद मोहन ने चंपारण को सामाजिक समरसता की बेमिसाल धरती बताते हुए कहा कि यह महर्षि वाल्मीकि और महात्मा गांधी की कर्मभूमि रही है तथा देश को समय-समय पर नई दिशा देती रही है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का सर्वोच्च उदाहरण है, जिससे नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। 2029 तक राजपूत समाज के बिहार में उपमुख्यमंत्री एवं देश में केंद्रीय मंत्री जरूर बनने का दावा किया हैस वर्तमान समय में समाज में समरसता और एकता की आवश्यकता है। उन्होंने सभी साथियों से संगठित होकर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। साथ ही



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

संगठन को मजबूत बनाने में सहयोग देने वाले सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीय एकता और समान अवसर की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी वर्गों के बीच संवाद और सहयोग आवश्यक है।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि महाराणा प्रताप ने राष्ट्र और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने आरक्षण को जाति के बजाय आर्थिक आधार पर लागू करने की वकालत करते हुए कहा कि समाज को साथ लेकर चलना ही देशहित और राष्ट्रहित में है। वही विधान परिषद सदस्य महेश्वर सिंह ने महाराणा प्रताप को षहिंदुवा सूरजष बताते हुए कहा कि उन्होंने मातृभूमि की स्वतंत्रता और स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि समाजहित की बात करने वाले नेतृत्व को ही जनता का समर्थन मिलना चाहिए तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखना समय की मांग है।समारोह को सुगौली विधायक बब्लू गुप्ता, गोविंज विधायक राजू तिवारी, ड़ नागमणि सिंह, पूर्व मंत्री तथा अन्य गणमान्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के त्याग, वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति को आज के समय में भी प्रासंगिक बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मधुबन विधायक राणा रणधीर सिंह ने की, जबकि मंच संचालन अमरेंद्र सिंह ने किया। समारोह में पूर्व मंत्री संजय सिंह, पूर्व मंत्री जय सिंह, ब्रहमकुमारी निशा कुमारी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

## संक्षिप्त खबरें

### पंचायत विकास दिवस पर महिला हितैषी ग्राम पंचायत के निर्माण का लिया गया संकल्प

**मोतिहारी, पूर्वी चंपारण।** पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार के आह्वान पर रविवार को मोतिहारी सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज बरदाहा पंचायत भवन में ष्पंचायत विकास दिवसष् का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया मोहन सहनी ने की, जबकि संचालन शिक्षक संजय कुमार ने किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ष्ग्राम स्वराजष् के सपने को साकार करने के उद्देश्य से आयोजित इस ग्राम सभा में पंचायत के समग्र विकास एवं महिला सशक्तिकरण पर विशेष चर्चा की गई। इस वर्ष की थीम ष्महिला हितैषी ग्राम पंचायतष् के अनुरूप बाल रक्षा भारत (सेव द चिल्ड्रन) के हामिद रजा ने बालिकाओं एवं महिलाओं के हित में 10 महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए, जिन्हें ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव के रूप में पारित किया। पारित प्रस्तावों में पंचायत को बाल विवाह मुक्त पंचायत घोषित करना, प्रत्येक बालिका का शत-प्रतिशत विद्यालय में नामांकन एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना, विद्यालयों में स्वच्छ शौचालय, पेयजल एवं मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन की व्यवस्था करना, स्कूल छोड़ चुकी बालिकाओं को पुनः शिक्षा से जोड़ना, पंचायत स्तर पर किशोरी स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर नियमित आयोजित करना, बालिकाओं की सुरक्षा के लिए संवेदनशील स्थानों पर स्ट्रीट लाइट एवं शिकायत व्यवस्था विकसित करना, खेलकूद एवं सांसतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना, मेधावी एवं उत्ष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं को पंचायत स्तर पर सम्मानित करना, डिजिटल साक्षरता एवं कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ करना तथा प्रत्येक ग्राम सभा में बालिकाओं से जुड़े मुद्दों की समीक्षा को अनिवार्य एजेंडा बनाना शामिल है। ग्राम सभा में पासवान टोला में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय के लिए भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने वृद्धा पेंशन की राशि समय पर नहीं मिलने की समस्या उठाई। वहीं सरपंच मुरारी सहनी ने मनरेगा योजना में कथित अनियमितताओं की जांच कराने तथा जरूरतमंद लोगों को नियमित रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की। इस अवसर पर चिल्ड्रेन्स ग्रुप की सदस्य चांदनी कुमारी ने पंचायत में बालिकाओं के लिए अलग खेल मैदान एवं खेल सामग्री की व्यवस्था करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि इससे बालिकाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ेगी और वे भविष्य में जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगी।कार्यक्रम में मुखिया मोहन सहनी, सरपंच मुरारी सहनी, पंचायत समिति सदस्य राजेश सहनी, उप सरपंच लाल बाबू शाह, रोजगार सेवक अरुण कुमार द्विवेदी, कार्यपालक सहायक अलका कुमारी, शिक्षक संजय कुमार, बाल रक्षा भारत (सेव द चिल्ड्रन) के हामिद रजा तथा चिल्ड्रेन्स ग्रुप की सदस्य आरती कुमारी, किरण कुमारी, चांदनी कुमारी, नंदनी कुमारी, सीमा कुमारी, रोशनी कुमारी, नीतू कुमारी, प्रीति कुमारी, संजनी कुमारी, कोमल कुमारी, अंशु कुमारी एवं कबूतरी देवी सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष ग्रामीण उपस्थित रहे।ग्राम सभा में पारित प्रस्तावों को पंचायत स्तर पर महिला एवं बालिका हितैषी वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना गया।

### पंचायत विकास दिवस पर सिसवा पूर्वी में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

#### महिला सशक्तिकरण व ग्रामीण विकास पर हुआ मंथन

**मोतिहारी(एन एस बी)।** सिसवा पंचायत विकास दिवस के अवसर पर आदर्श ग्राम पंचायत राज, सिसवा पूर्वी में विशेष ग्राम सभा का सफल आयोजन किया गया।





कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

कार्यक्रम में जिले के उप विकास आयुक्त ड प्रदीप कुमार, अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) शैलेंद्र कुमार भारती तथा जिला पंचायती राज पदाधिकारी राम जनम पासवान सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।ग्राम सभा के दौरान महिला सशक्तिकरण, पंचायत विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, आजीविका, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए जन-जागरूकता एवं सरकारी योजनाओं के स्टल का अधिकारियों ने अवलोकन किया तथा ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत ने संकल्प लिया कि प्रत्येक परिवार तक विकास की रोशनी पहुँचाई जाएगी, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा, प्रत्येक बेटी की शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी तथा हर पात्र नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित अतिथियों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, जीविका दीदियों, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

### 43 हजार बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

**चकिया।** पांच दिवसीय पल्स पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम का रविवार को रेफरल अस्पताल परिसर में शुभारंभ चिकित्सा पदाधिकारी ड़ राजीव रंजन एवं ड़ शशिभूषण प्रसाद ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर किया। इस अवसर पर चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि



बच्चे को पोलियो की दवा पिलाते चिकित्सक।

प्रखंड में शून्य से पांच वर्ष तक के लगभग 43 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान को सफल बनाने के लिए 78 डोर-टू-डोर दल तथा 18 ट्रांजिट दल गठित किए गए हैं, जो घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगे। उन्होंने कहा कि पोलियो एक गंभीर और खतरनाक बीमारी है। इसलिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। इसके लिए अभिभावकों से भी जागरूक रहने और अभियान में सहयोग करने की अपील की गई। उन्होंने बताया कि सभी स्वास्थ्यकर्मी मास्क पहनकर कार्य करेंगे तथा प्रत्येक बच्चे को पोलियो ड्रप्स पिलाने के बाद अपने हाथों को सैनिटाइज करेंगे। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक राजन कुमार, बीसीएम धर्मेन्द्र कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद का जिला सम्मेलन एक नवम्बर को

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** अन्तरराष्ट्रीय मैथिली परिषद द्वारा जिला सम्मेलन को लेकर रविवार को बाबाजी कुटी वनगांव में कैलाश खां की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।इसमें परिषद के संस्थापक डा धनाकर ठाकुर मे कहा कि वनगाँव का मिथिला के इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने परिषद के जिलाध्यक्ष के दायित्व हेतु पारस कुमार झा के नाम की घोषणा की। उपस्थित कार्यकताओं ने तय किया कि हर प्रखंड से एक कार्यकर्ता जोड़ कर जिला समिति बनेगी।



जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड समिति का गठन सितम्बर महिने तक किया जाएगा। जिला के सभी 135 पंचायत से कार्यकर्ता बुला एक नवम्बर को जिला सम्मेलन होगा।बैठक में पूर्व मुखिया धनंजय कुमार झा,दीप नारायण ठाकुर दीपू, बनगांव नगर पंचायत के उपाध्यक्ष रुपेश कुमार, शशिधर ठाकुर, राजकुमार मिश्र आदि उपस्थित रहे। बैठक का आरंभ महाकवि विद्यापति के जय जय भैरवी गायन से और समापन यात्री नागार्जुन के भगवन हमर मिथिला सुख शान्ति केर घर से हुआ।

### प्रभात फेरी से मन की बात तक, पंचायत विकास दिवस पर जीविका दीदियों की प्रभावी भागीदारी।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** पंचायत विकास दिवस के अवसर पर सहरसा जिले के सभी पंचायतों में जीविका दीदियों ने पूरे उत्साह एवं जोश के साथ मद्य निषेध नीति के प्रचार-प्रसार हेतु प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी के माध्यम से दीदियों ने ग्रामीणों को नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया तथा मद्यपान के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए शराबबंदी के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां एवं नारों के माध्यम से उन्होंने समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित किया ।प्रभात फेरी के उपरांत जिले के सभी पंचायतों में आयोजित प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम में जीविका दीदियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार एवं आमजन के बीच संवाद को और अधिक सशक्त बनाना तथा विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को बढ़ावा देना था। इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई तथा पात्र लाभुकों तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, सरकारी पदाधिकारियों, जीविका दीदियों एवं ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा, जनभागीदारी बढ़ाने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने को लेकर भी चर्चा की गई। जीविका दीदियों ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, नशामुक्त समाज के निर्माण तथा पंचायत विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया। जीविका दीदियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने यह संदेश दिया कि महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से ही समावेशी एवं सतत विकास का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। पंचायत विकास दिवस के अवसर पर आयोजित इन कार्यक्रमों ने सरकार और आमजन के बीच विश्वास, संवाद एवं सहभागिता को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर हुआ उद्घाटन, स्वास्थ्य विभाग ने हर घर तक पहुंचने का बनाया लक्ष्य

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड में रविवार को राष्ट्रव्यापी विशेष पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 28 जून से 2 जुलाई तक संचालित होगा। भारत को वर्ष 2014 में पोलियो मुक्त घोषित किए जाने के बावजूद पड़ोसी देशों में अब भी पोलियो के मामले सामने आने के कारण संक्रमण के दोबारा फैलने की आशंका बनी हुई है। इसी खतरे को देखते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार के निर्देश पर यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्घाटन बनमा में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संतोष कुमार संत ने बच्चों को पोलियो रोधी वैक्सीन की दो बूंद पिलाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक अभिभावक का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने सभी माता-पिता से अपील की कि वे 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं, चाहे बच्चे को पहले भी कई बार पोलियो की दवा पिलाई जा चुकी हो। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया कि अभियान के दौरान प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों तथा घर-घर जाकर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा इस जीवनरक्षक दवा से वंचित न रह जाए। मौके पर पूर्व प्रमुख रमेश चंद्र यादव, बीसीएम संतीश कुमार शर्मा, डॉ. संजीत कुमार, हसीन आलम, श्याम कुमार शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



### बीपीएससी अधिकारी बनीं नेहा कुमारी का गांव में हुआ भव्य सम्मान

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के अतलखा गांव की बेटी नेहा कुमारी ने 70वीं बीपीएससी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में परचम लहराते हुए 1940वीं रैंक हासिल की। निश्चित रूप से इन्होंने प्रखंड कल्याण पदाधिकारी पद पर चयनित होकर गांव और जिले का नाम रोशन किया है। इस दौरान रविवार को गांव पहुंचने पर उनके सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया, जहां ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत कर सम्मानित किया। नेहा किसान सच्चिदानंद मोदी एवं आंगनबाड़ी सेविका पवित्री देवी की सबसे छोटी पुत्री हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव से तथा उच्च शिक्षा पटना विश्वविद्यालय से प्राप्त की। इसके बाद पीजी डिप्लोमा की पढ़ाई पूरी की। वर्तमान में वह पूर्णिया जिले के सुखसेना स्थित प्लस टू विद्यालय में बीपीएससी शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। नेहा कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और निरंतर कठिन परिश्रम को दिया। उन्होंने युवाओं से लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन, अनुशासन और ईमानदारी के साथ तैयारी करने की अपील की। सम्मान समारोह में मुखिया रूपम मिश्रा, उपमुखिया रीता देवी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि निसू मंडल, पंकज मोदी, पूर्व सरपंच अभिनाश यादव, डीलर राजकुमार गुप्ता, जुलेश मोदी, नन्हे मंडल, राधेश्वर पोद्दार, पंचायत समिति सदस्य भूषण यादव, मनोज कुमार यादव, पैक्स अध्यक्ष सोनू कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिंह, गौतम कुमार, भोलू मोदी, राजू कुमार पोद्दार, बसनही थाना प्रभारी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने नेहा कुमारी को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों ने कहा कि नेहा कुमारी की यह उपलब्धि क्षेत्र की बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी तथा उनके संघर्ष और सफलता से अनेक छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।



### सरकारी निर्देश पर विशेष ग्राम सभा आयोजित, विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों की रही अभूतपूर्व भागीदारी

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में रविवार को सरकारी निदेर्शानुसार विशेष ग्राम सभा एवं ग्राम विकास शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी-अपनी समस्याओं, सुझावों और विकास से जुड़े मुद्दों को जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के समक्ष रखा। ग्राम सभाओं में उमड़ी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण अपने अधिकारों तथा पंचायत के विकास कार्यों के प्रति पूरी तरह जागरूक हैं। विभिन्न पंचायतों में आयोजित शिविरों में जनप्रतिनिधि और संबंधित



# पंचगछिया में चला अतिक्रमण मुक्ति अभियान

**सरकारी भूमि से हटाए गए स्थायी अतिक्रमण, दौबारा अतिक्रमण पर मामला दर्ज होगीः जिलाधिकारी**

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** रविवार को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार सुचारु एवं सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सत्तर कटैया प्रखंड के पंचगछिया में अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सरकारी भूमि पर निर्मित उन स्थायी ढांचों को हटाया गया, जिनके कारण आवागमन एवं यातायात व्यवस्था बाधित हो रही थी। प्रशासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करते हुए सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया गया, जिससे आम लोगों के लिए आवागमन सुगम हो सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपेश कुमार स्वयं मौके पर उपस्थित रहे तथा अभियान की निगरानी की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण नहीं होने दिया जाए तथा यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाले अतिक्रमणों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाए। बिहरा थाना क्षेत्र में चले इस अभियान का निरीक्षण स्वयं एसपी विक्रम सिहाग ने किया। अभियान के दौरान एनएच-107 के दोनों ओर अवैध रूप से निर्मित झोपड़ियों, पक्के व कच्चे निमार्णों, दुकानों के आगे निकले शेड, केबिन और ठेलों को जेसीबी व बुलडोजर की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई, जिससे अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय बिहरा थाने के साथ-साथ अतिरिक्त पुलिस बल और महिला पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया था। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रेयांश तिवारी, बिहरा थानाध्यक्ष संजय कुमार सत्यार्थी और एनएचएआई के अभियंताओं व अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसपी ने अभियान को निष्पक्ष, प्रभावी और कानून सम्मत तरीके से संचालित करने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय पुलिस को हिदायत दी कि जिन स्थानों को खाली करा लिया गया है, वहां दोबारा कोई कब्जा न कर पाए। यदि कोई फिर से अतिक्रमण करने का प्रयास करता है, तो उसके खिलाफ तत्काल मामला दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्गों पर बढ़ता अतिक्रमण न केवल सुचारु यातायात के मार्ग में बड़ी बाधा है, बल्कि यह आए दिन होने वाली गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का एक मुख्य कारण भी बनता है। सहरसा-सुपौल मुख्य मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण और व्यस्ततम मार्गों में से एक है, जिस पर वाहनों का निरंतर भारी दबाव रहता है। सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निदेर्शों का अनुपालन करते हुए आम जनता की सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ही यह कड़ा कदम उठाया गया है।



अतिक्रमण हटवाते डीएम, एसपी व अन्य।

## नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री राजेश झा राजू एवं प्रदेश मंत्री दिवाकर सिंह का सहरसा भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत

**संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकत्राओं के साथ हुई परिचयात्मक बैठक**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बिहार भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री सह संभाग प्रभारी राजेश झा राजू के प्रथम आगमन पर भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकत्राओं द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला के कार्यकत्राओं के साथ परिचयात्मक बैठक आयोजित हुई। जिसमें संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों एवं पार्टी की भावी कार्ययोजना को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान सहरसा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष सह बिहार भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री दिवाकर सिंह का भी कार्यकताओं द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। प्रदेश महामंत्री राजेश झा राजू ने कहा कि भाजपा कार्यकत्राओं की पार्टी है। कार्यकत्राओं के समर्पण, अनुशासन और परिश्रम से ही संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकत्रा बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में जुटें। प्रदेश मंत्री दिवाकर सिंह ने कहा कि सहरसा भाजपा संगठन हमेशा से सक्रिय और मजबूत रहा है। कार्यकत्राओं का सम्मान एवं संगठन की मजबूती हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकत्राओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। पूर्व विधायक सह मंत्री आलोक रंजन झा ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकत्रा है। कार्यकत्राओं के बल पर ही पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक संगठन बनी है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने कहा कि नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों के मार्गदर्शन से सहरसा संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी। सभी कार्यकत्रा एकजुट होकर पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाएंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने की तथा संचालन जिला महामंत्री शिवभूषण सिंह ने किया। मौके पर जिला प्रभारी सुनील कुमार सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकत्रा मौजूद रहे। इस अवसर पर मधेपुरा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष महादेव चैधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष माधव चैधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह, मिहिर झा, बी.एन. सहनी, मंत्री पंकज पाठक, मुकेश मानस, सुबोध साह, सुरजीत कुशवाहा, सुगामणि देवी सहित बड़ी संख्या में कार्यकत्रा उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री, प्रदेश मंत्री, जिलाध्यक्ष।

## पटुआहा गांव के हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी, डेढ़ लाख रुपये का था मुकुट

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** सदर थाना क्षेत्र के पटुआहा गांव स्थित श्री श्री 108 हनुमान मंदिर से बजरंगबली का चांदी का मुकुट चोरी हो गया। एनएच-107 के समीप स्थित इस मंदिर से बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने करीब 1.5 लाख रुपये का मुकुट चुराया। घटना के बाद ग्रामीणों में रोष है। पुलिस ने रविवार को एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मंदिर के मुख्य पुजारी के अवकाश पर होने के कारण स्थानीय निवासी विभूति झा पूजा-अर्चना का कार्य संभाल रहे थे। जब वे स्नान करने गए, उसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो युवक मंदिर पहुंचे। एक युवक बाइक स्टार्ट कर बाहर खड़ा रहा, जबकि दूसरा पूजा करने के बहाने गर्भगृह में घुस गया। मंदिर में किसी को न देखकर उसने बजरंगबली का मुकुट उठाया और अपने साथी के साथ बाइक पर बैठकर फरार हो गया। विभूति झा के लौटने पर जब उन्होंने मुकुट गायब देखा, तो उन्होंने शोर मचाया। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पुलिस को दी गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया और पीड़ित पक्ष को थाने में लिखित आवेदन देने की सलाह दी। वार्ड संख्या 24 के निवासी सत्यम शिवम, बुमन कुमार, तेज नारायण, गौतम कुमार, मनीष मिश्रा और अन्य ग्रामीणों ने सदर थाना सहरसा में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मुकुट की प्राण-प्रतिष्ठा साल 2021 में मंदिर की स्थापना के समय की गई थी। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपियों की पहचान कर मुकुट बरामद करने की मांग की है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं से लोग चिंतित हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



घटना स्थल पर पहुची पुलिस।

## केदारनाथ यात्रा के दौरान हार्ट अटैक से बीमार हुए एचएम चंद्रशेखर मिश्र का निधन

मोहर्रम मेला देखने जाते समय 18 वर्षीय युवक की सड़क हादसे में मौत, ट्रैक्टर ने मारी टक्कर।

सहरसा नगर (एनएसबी)। जिले के सौर बाजार थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम एक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक मोहर्रम मेला देखने जा रहा था, तभी महेशपुर चैक के पास एक अज्ञात ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को पहले सौर बाजार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सहरसा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, सदर अस्पताल पहुंचने के कुछ ही देर बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सौर बाजार थाना क्षेत्र के सहुरिया पूर्वी पंचायत अंतर्गत दान चकला वार्ड संख्या-8 निवासी दिवंगत दिवंगर यादव के 18 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि राकेश पंजाब में मजदूरी करता था और महज पांच दिन पहले ही अपने गांव लौटा था। शनिवार की शाम वह अपनी बाइक से मोहर्रम मेला देखने के लिए समदा निकला था। इसी दौरान महेशपुर चैक के पास तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल राकेश को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। राकेश दो भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी असमय मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक का माहौल है। सौर बाजार थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अज्ञात ट्रैक्टर और उसके चालक

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों को लेकर उत्सव समिति कार्यालय का शुभ उद्घाटन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** आगामी 28 एवं 29 जुलाई को एम एल टी महाविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित होने वाले गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों को लेकर शनिवार को जगतगुरु परमहंस स्वामी आगमानंद जी महाराज के पावन सान्निध्य में विनोबा आश्रम स्थित उत्सव समिति कार्यालय का शुभ उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के उपरांत राज्यस्तरीय बैठक आयोजित हुई, जिसमें महोत्सव की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक की अध्यक्षता शिव शक्ति योगपीठ के वरिष्ठ सदस्य कुंदन बाबा ने की, जबकि संचालन उत्सव समिति के सदस्य ज्योति कुमार सिंह ने किया। बैठक में महोत्सव को भव्य, दिव्य एवं अनुशासित स्वरूप देने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।पूज्य स्वामी आगमानंद जी महाराज ने अपने मार्गदर्शन में सभी समितियों से सेवा-कार्य में सहभागी होने वाले स्वयंसेवकों की सूची शीघ्र उत्सव समिति को उपलब्ध कराने का निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने सभी समितियों से अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर अधिकाधिक श्रद्धालुओं को गुरु पूर्णिमा महोत्सव में सहभागी बनाने का आह्वान किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक समिति अपने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित करेगी तथा उन्हें महोत्सव स्थल तक पहुंचाने एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने का दायित्व निभाएगी। योगपीठ से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने तन, मन और धन से गुरु पूर्णिमा महोत्सव को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने का संकल्प लिया। राज्यस्तरीय बैठक में बिहार के सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, भागलपुर, नवगछिया, बांका, खगड़िया, बेगूसराय, पूर्णिया, अररिया एवं कटिहार के अलावा दिल्ली, झारखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से आए विभिन्न समितियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा अपने-अपने क्षेत्रों की तैयारियों की जानकारी साझा की। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने विश्वास व्यक्त किया कि पूज्य गुरुदेव के पावन सान्निध्य में आयोजित होने वाला गुरु पूर्णिमा महोत्सव आध्यात्मिक चेतना, गुरु-भक्ति और सामाजिक समरसता का एक भव्य संगम बनेगा।



## डॉ मनोरंजन झा एवं डॉ जयानंद झा व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर परिसंवाद आयोजित

**साहित्य अकादेमी व परमहंस लक्ष्मीनाथ गोसाई चेयर स्नातकोत्तर केंद्र द्वारा परिसंवाद कार्यक्रम आयोजित**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** संस्कृति मंत्रालय साहित्य अकादेमी एवं स्थानीय स्नातकोत्तर केंद्र में स्थापित परमहंस लक्ष्मी नाथ गोसाई चेयर के संयुक्त तत्वावधान में मैथिली साहित्य के मूर्धन्य विद्वान डॉ0 मनोरंजन झा एवं डॉ जयानंद झा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक विशद् परि संवाद का आयोजन पी जी सेंटर में रविवार को आयोजित किया गया। विभिन्न सत्रो मे आयोजित इस कार्यक्रम में मंचासीन डॉ अरुण कुमार खां, डॉ रामनरेश सिंह, डॉ रमण कुमार सिंह, डॉ रजनीश रंजन, डॉ अरुण कुमार सिंह, डॉ भवानंद मिश्र, डॉ लाला प्रवीण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बीज भाषण सेवानिवृत्त मैथिली साहित्यकार डॉ कुलानंद झा द्वारा व कार्यक्रम संचालन किसलय कृष्ण तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अरुण कुमार सिंह के द्वारा किया गया। प्रथम सत्र दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुई जिसकी अध्यक्षता प्रो भवानन्द मिश्र द्वारा की गई। इसमें मैथिली के विद्वान धर्मव्रत चैधरी,दीपिका द्वारा आलेख पाठ किया गया वहीं सुधासंध्या द्वारा श्हमारे पिताजी मनोरंजन झाश पर चर्चा की गई।जिसके अंतर्गत गीत,नाटक,कविता,उपन्यास,आलेख,आलोचना,निबंध लेखन पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।वक्ताओं ने कहा कि डा मनोरंजन झा जन पक्षधरता के कवि थें।जिन्होने स्पष्टवादिता के साथ गरीबों के आवाज बनकर सत्ता के भ्रष्टाचार को निर्भीकता से मुखरित होकर विरोध किया।उन्होने अल्पायु मे ही समाज जीवन,सामाजिक सरोकार के साथ साथ सामाजिक बुराईयों के प्रति विद्रोही तेवर अपनाया।उन्होंने अपने परिवार के साथ साथ सम्पूर्ण विश्वविद्यालय को परिवार मानकर शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की समस्या समाधान के लिए सतत प्रयत्नशील रहें।जिसके कारण वे आजन्म सीनेट सदस्य बने रहे।दूसरे सत्र की अध्यक्षता डॉक्टर लक्ष्मण झा सागर द्वारा की गई।इस सत्र में प्रसिद्ध नाट्यकार प्रकाश झा ,पत्रकार आलोक झा,डॉ संजय वशिष्ट द्वारा प्रसिद्ध साहित्यकार और पत्रकार जयानंद झा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विशेष चर्चा हुई।वक्ताओं ने कहा कि मैथिली साहित्य के मूर्धन्य विद्वान, साहित्यकार, चिंतक,और भाषा के प्रति अनुराग रखने वाले सशक्त पत्रकार थें।वे हिन्दी, अंग्रेजी, बंगला, संस्कृत तथा मैथिली के परम ज्ञाता थें। इस क्रम में स्नातकोत्तर केंद्र के मैथिली विभाग के अध्यक्ष डॉ रमाकांत रमन, अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक सह सीनेटर अनिल कुमार, हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ लाला प्रवीण कुमार सिंहा,विभाग के वरीय प्राध्यापक डॉ सिद्धेश्वर कश्यप, डॉ जैनेंद्र, डॉ अणीमा स्नातकोत्तर केंद्र के वरीय सहायक सत्य प्रकाश,डा रंजीत सिंह,गोपाल झा,नवल मिश्र,विनोद कुमार झा,विनय ठाकुर,प्रांजल सुमन,धनंजय कुमार झा उर्फ भगवान झा,निर्मल मिश्र,राजेश रंजन,सुबोध राय,हरिशंकर तिवारी,प्रनत पाल,अरविंद कुमार झा,सत्यप्रकाश,रेणु ,प्रो गीता झा,कुमारी कविता,डा अणिमा,कुमार जैनेंद्र सहित अन्य मौजूद थें।




कार्यक्रम में मैथिली साहित्यकार व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### चांदपुर खुर्द पंचायत में पंचायत विकास शिविर का आयोजन

**खगड़िया।** जिले के अलौली प्रखंड अंतर्गत चांदपुर खुर्द पंचायत में पंचायत विकास षिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन पंचायत के मुखिया जयजय राम पासवान ने दीप प्रज्वलित कर किया। पंचायत विकास शिविर की थीम 'महिला हितैषी पंचायत' रही। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित



मुखिया व अन्य।

जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर पंचायत के सरपंच उमाकान्त रजक,न्यायमित्र अवंतिका आम्रपाली,पंचायत सचिव रमेश कुमार सिंह,रोजगार सेवक सुधीर कुमार,किसान सलाहकार विकास कुमार समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### पीड़ित ने पुलिस से षिकायत कर किया कार्रवाई की मांग

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के नारदपुर गांव निवासी प्रकाश यादव के पुत्र विकास कुमार विद्यार्थी ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर शिकायत किया है। आवेदन में वर्णित है कि बीते गुरुवार को गांव के ही रामविलास यादव, अजीत कुमार, सुजीत कुमार ने हथियार से लैस होकर घर पर चढ़कर हथियार दिखाते हुए केस उठाने की धमकी दी। दबंगों ने कहा कि यदि केस नहीं उठाते हो तो हस्टल से तुम्हारा बेटा को उठाकर हत्या कर देंगे नहीं तो केस उठाओ। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है, मामले को छानबीन कर दोषियों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक के चपेट में आने से महिला की मौत

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के एनएच-107 पर मर्निंग वक के दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान रामनगर गाँव निवासी विनोद भगत की पत्नी बीना देवी के रूप में हुई है। वह रोज की तरह सुबह टहलने निकली थीं।घटना की सूचना मिलते ही बेलदौर थाना के एसआई अभिषेक कुमार, एएसआई उमेश कुमार और ट्रैफिक एसआई रामविलास हाजरा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। ट्रैफिक एसआई रामविलास हाजरा के अनुसार, दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर दुर्घटना में शामिल ट्रक और उसके चालक की पहचान करने में जुटी है। मालूम हो कि हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। इस अचानक हुई दुर्घटना से मृतका के परिवार में कोहराम मच गया है और पूरे रामनगर गाँव में शोक का माहौल है। मृतक अपने पीछे दो पुत्र एक पुत्री समेत भड़ा पूरा परिवार को छोड़कर चल बसे।

### वाहन पर फायरिंग के मामले में दो लोग गिरफ्तार

**बेलदौर।** दो बाइकों पर सवार 4-5 हथियारबंद अपराधियों ने एक पिकअप वाहन को रोककर उस पर अंधाधुंध फायरिंग की थी। इस मामले में चौथम थाना क्षेत्र के तेगाछी गांव निवासी अनिल सिंह के पुत्र हिंमाशु कुमार ने बेलदौर थाने में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी। उक्त मामले में चौथम थाना क्षेत्र के तेगाछी गाँव निवासी अनिल सिंह के पुत्र हिमांशु कुमार द्वारा दर्ज कराए गए मामले के आधार पर बेलदौर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तेगाछी गाँव निवासी स्वर्गीय सुजन सिंह के पुत्र पिंकू सिंह एवं सहरसा जिले के बसनही थाना क्षेत्र के बजराहा गाँव निवासी दिलीप कुमार निगम कुमार के रूप में पहचान हुआ। बेलदौर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार के मुताबिक, पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा और गमछे पर लगे खून के निशान को साक्ष्य के तौर पर जब्त किया है। वही थाना अध्यक्ष ने बताया कि इस गोलीबारी के पीछे बरसों पुराना प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है, जिसके कारण यह घटना घटी। बेलदौर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों की सभी आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# भाजपा के बूथ पर सुना गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 135वां संस्करण

**खगड़िय (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा नगर उत्तरी मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष शुभंकर शुभम उर्फ अनुपम सिंह की अध्यक्षता में बूथ संख्या-83 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समर्पित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी, सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार, आत्मनिर्भर भारत, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने तथा विकसित भारत के संकल्प को सशक्त बनाने जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर अपने प्रेरणादायी विचार साझा किए।



कार्यक्रम में भाजपा नेतागण।

उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने तथा उन्हें अपने जीवन एवं सामाजिक कार्यों में आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा नेता सीए अनुज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम केवल एक संवाद नहीं, बल्कि देशवासियों को राष्ट्रहित के कार्यो से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री समाज के हर वर्ग को प्रेरित करते हुए सेवा, स्वावलंबन, नवाचार एवं जनभागीदारी के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि प्रधानमंत्री के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के 135वें संस्करण का श्रवण भाजपा खगड़िया जिला के सभी मंडलों के अंतर्गत बूथ स्तर पर व्यापक रूप से सुना गया। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा लेकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री ड़ इंदु भूषण कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, जिला मंत्री कुंदन सिंह, जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय, जिला प्रवक्ता प्रो अरविंद सिंह, पूर्व जिला मंत्री नवीन सिंह, विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अमरजीत सिंह, युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रताप रवि सिंह, ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री अभिजीत निगम, नगर उत्तरी मंडल महामंत्री कुंदन चौहान, प्रवीण चौरसिया, मंडल उपाध्यक्ष रेणु कुमारी, मंडल मंत्री सूरज कुमार ठाकुर एवं अर्जुन शाह, मंडल कोषाध्यक्ष अंकित चंद्रयान, मंडल मीडिया प्रभारी पीयूष कुमार चौहान, उदय कुमार सिंह, रुक्मिणी देवी सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ

**पसराहा।** परबत्ता प्रखंड की शौढ़ उत्तरी पंचायत के सतीशनगर गांव स्थित वार्ड नंबर 05 में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्घाटन पंचायत के पूर्व मुखिया सह जदयू जिला उपाध्यक्ष पृथ्वीचंद्र सिंह ने एक बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाकर किया। 'एक भी बच्चा छूटा, सुरक्षा चक्र टूटा' के संकल्प के साथ शुरू हुआ यह अभियान 28 जून से 2 जुलाई तक जारी रहेगा। इस अवसर पर एएनएम बेबी कुमारी ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पास लाकर पोलियो की दवा अवश्य पिलवाएं। पूर्व मुखिया पृथ्वीचंद्र सिंह ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा हर वर्ष यह अभियान चलाया जाता है ताकि पोलियो जैसी बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके और आने वाली पीढ़ी को इससे सुरक्षित रखा जा सके। परबत्ता प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी ड. कशिश कुमारी ने जानकारी दी कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और इसे सफल बनाने के लिए सभी पंचायतों से नियमित रिपोर्ट ली जा रही है ताकि कोई भी बच्चा दवा से वंचित न रहे। इस मौके पर एएनएम बेबी कुमारी, सेविका संगीता कुमारी, सेविका खुशबू देवी, चंद्रानी देवी, पूर्व वार्ड सदस्य बिनो सहनी, वार्ड सदस्य मिथिलेश कुमार, वार्ड सदस्य मुरारी मंडल, वार्ड सदस्य किशोरी सहनी सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।



पोलियो खुराक पिलाते जदयू नेता।

## मानदेय को लेकर आशा और आशा फेसिलेटर हड़ताल पर

**बेलदौर।** लंबित मानदेय और प्रोत्साहन राशि के भुगतान को लेकर आशा कार्यकर्ता और आशा फैसिलिटेटर रविवार से हड़ताल पर चली गई है। वही आशा कार्यकर्ता एवं आशा फैसिलिटर के हड़ताल पर जाने के कारण पल्स पोलियो अभियान का बहिष्कार किया। जिसको लेकर रविवार को आशा कार्यकर्ता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। उक्त कार्यक्रम बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ के आह्वान पर किया गया। साथ-साथ पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत भी प्रभावित हो गई। वहीं आंदोलनकारी कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट कहा कि जब तक उनका लंबित मानदेय नहीं मिलता है तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। सरकार और स्वास्थ्य विभाग के बार-बार अश्वसन के बावजूद लंबे समय से अपने बकाया भुगतान का इंतजार कर रही है, ऐसे में जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं करते हैं, तब तक किसी भी स्वास्थ्य कार्यक्रम में शामिल नहीं होगी। आषा कार्यकर्ताओं ने कहा कि अभियान प्रभावित होने की पूरे जिम्मेदारी सरकार और स्वास्थ्य विभाग की होगी। इस संबंध में आशा फैसिलिटेटर नूतन कुमारी ने बताई की सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग के नकारात्मक रवैया के कारण हम लोगों की मांगों का पूरा नहीं की जा रही है। जब तक सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग हम लोगों के मांगों का पूरा नहीं करते हैं तो तब तक हम लोग कार्य पर वापस नहीं लौटेंगे। साथ-साथ पल्स पोलिया अभियान का बहिष्कार करेंगे। मौके पर आशा फैसिलिटेटर गीता देवी, बबिता कुमारी, इंदु कुमारी, पिंकी कुमारी, निशा भारती, वंदना देवी, शीला देवी, हेमा देवी, सुशीला कुमारी, हिना कुमारी समेत प्रखंड क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताएं आंदोलन में मौजूद थी।



आशा और आशा फेसिलेटर।

### मोहर्रम के अवसर मुष्कीपुर में मेला का हुआ आयोजन

**गोगरी।** प्रखंड अंतर्गत मुष्कीपुर में मोहर्रम के अवसर पर मेला का आयोजन किया गया था। इस मेला में युवाओं के द्वारा लाठी,वाना और तलवारबाजी का करतब दिखाया जा रहा था।इस आयोजन के लिए मेला कमिटी ने प्रतिस्पर्धात्मक तरीके से करतब दिखाने के लिए कई टीमों को आमंत्रण किया था।जिसमें कुल 6 टीमें हिस्सा ले रहा था। इस अवसर पर माकपा नेता सह खगड़िया लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के पूर्व प्रत्याषी संजय कुमार भी मौजूद थ। मौके पर माड़र,शेरगढ़,बेगूसराय सहित गोगरी जमालपुर नगर परिषद के भी दो वार्डो का टीम शामिल था। इलाके भर से हजारों लोग मौके पर करतब दिखाने वाले युवाओं के खेल का भी आनंद ले रहे थे। वहीं मेला कमिटी द्वारा लगवाए गए टावर झूला,नाव झूला सहित बच्चों के खेलने कूदने वाले सिस्टमों का भी मजा ले रहे थे।

## पंचायतों में पंचायत विकास शिविर का आयोजन

**खगड़िया।** प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित किए जाने वाले पंचायत विकास शिविर के क्रम में रविवार को जिलाधिकारी विक्रम विरकर के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों की विभिन्न पंचायतों में पंचायत विकास शिविर का सफल आयोजन किया गया। वही सदर प्रखंड अंतर्गत बेला सिमरी पंचायत में आयोजित शिविर में जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने स्वयं उपस्थित होकर कार्यक्रम का निरीक्षण किया एवं आमजनों से संवाद स्थापित किया। शिविर की अध्यक्षता संबंधित पंचायत के मुखिया अनिल कुमार के द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रखंड स्तरीय एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। आयोजित पंचायत विकास शिविर की थीम 'महिला हितैषी पंचायत' रही। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग




जिलाधिकारी व अन्य।

लेकर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याओं एवं सुझावों से प्रशासन को अवगत कराया। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टलों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा पात्र लाभुकों को आवश्यक सेवाएं एवं लाभ प्रदान किए गए। साथ ही, मद्यनिषेध अभियान के प्रभावी प्रचार-प्रसार एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से शराबबंदी के सामाजिक एवं पारिवारिक महत्व का संदेश आमजन तक पहुँचाया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत विकास शिविर के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से सुनिश्चित किया जाए तथा प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जाए।

## गांजा के साथ तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पसराहा।** पसराहा पुलिस ने रविवार सुबह गुप्त सूचना के आधार पर छोटी बन्देहरा में छापेमारी कर एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के घर से 1 किलो 850 ग्राम गांजा बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पसराहा थाना क्षेत्र के छोटी बन्देहरा वार्ड संख्या-01 निवासी फूलो यादव के पुत्र केवल यादव के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजीव रंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि केवल यादव अपने घर से गांजा की बिक्री कर रहा है। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए एसआई बीरेंद्र कुमार, एएसआई बुल्लू चौधरी और पुलिस बल ने आरोपी के घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान 1 किलो 850 ग्राम गांजा बरामद हुआ और आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में मादक पदार्थो की तस्करी, अवैध शराब कारोबार और स्मैक के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



गिरफ्तार तस्कर व अन्य।

### 55 हजार बच्चों को पिलाई जायेगी पोलियो की खुराक

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार से पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ हो गया है, जो 2 जुलाई तक चलेगा। इस विशेष अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, ताकि उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। जानकारी के मुताबिक रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार कक्ष में चिकित्सा पदाधिकारी ड़ मुकेश कुमार, ड़ विवेक कुमार, बीएचएम अशोक यादव, बीसीएम दीपक कुमार और प्रिंस कुमार की मौजूी में करीब 10 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बताते चलें कि रविवार से आशा कार्यकर्ताओं के हड़ताल पर चले जाने के कारण, इस बार प्रखंड क्षेत्र में आंगनबाड़ी सेविकाओं और स्वयंसेवियों के द्वारा बच्चों को पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाई जा रही है।

# शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हुआ मुहर्रम का ताजिया जुलूस

**पसराहा (एनएसबी)।** बन्देहरा स्थित कर्बला के अखाड़ा मैदान में शनिवार को मुहर्रम के अवसर पर ताजिया जुलूस मिलन का आयोजन किया गया, जो आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन का उद्घाटन संजीव कुमार यादव उर्फ टिंकू यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान बबलेश कुमार यादव, कौशल यादव, राजेश कुमार यादव और सौरव यादव सहित भारी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की शहादत को याद करते हुए मातमी रस्में अदा कीं। पूरा क्षेत्र या हुसैन और या अली के नारों से गूंज उठा। कर्बला के मैदान में बन्देहरा, महद्दीपुर और कमरी के ताजिए का मिलन हुआ, जिसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्गो ने अपने-अपने अखाड़े का जौहर दिखाते हुए पारंपरिक कला का प्रदर्शन किया। अखाड़ा प्रदर्शन में बेहतर करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्त किया गया, जिसमें बन्देहरा की टीम प्रथम, महद्दीपुर द्वितीय और कमरी की टीम तीसरे स्थान पर रही। इस दौरान अखाड़े में 1999 के कारगिल युद्ध का जीवंत श्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें तोप और मिसाइल के माध्यम से भारत-पाकिस्तान की लड़ाई को दर्शाया गया। अंत में भारत की जीत के साथ भारत माता की जय के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया, जिसे देखकर वहां मौजूद दर्शक काफी उत्साहित दिखे। सुरक्षा व्यवस्था के ष्टिकोण से पसराहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने पुख्ता इंतजाम किए थे, वहीं मजिस्ट्रेट के रूप में आरडब्ल्यूडी के राजीव रंजन मौके पर उपस्थित रहकर पूरी स्थिति पर पैनी नजर रखे हुए थे। मुहर्रम के इस मौके पर पूरे क्षेत्र में भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का अनूठा उदाहरण देखने को मिला, जहां सभी समुदायों के लोगों ने इस पर्व की गरिमा को बनाए रखने में सराहनीय योगदान दिया।



ताजिया जुलूस में षामिल लोग।

## संक्षिप्त खबरें

### कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्ध निष्पादन के दिए निर्देश

### जिलाधिकारी ने कई प्रखंडो का किया निरीक्षण

**खगड़िया।** जिलाधिकारी विक्रम वीरकर द्वारा खगड़िया अनुमंडल अंतर्गत खगड़िया,मानसी एवं चौथम प्रखंड-सह-अंचल कार्यालयों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में संचालित विभिन्न प्रशासनिक एवं विकासात्मक कार्यों, अभिलेखों के संधारण, जन शिकायतों के निष्पादन, राजस्व संबंधी मामलों, लोक सेवाओं के समयबद्ध निष्पादन तथा कार्यालय की साफ-सफाई एवं कार्य संस्ति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि आमजन से जुड़े सभी मामलों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने, कार्यालय अभिलेखों को अद्यतन रखने, आम नागरिकों के प्रति संवेदनशील एवं जवाबदेह कार्यशैली अपनाने तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यालय परिसर में स्वच्छता, अनुशासन एवं पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा आगामी 1 जुलाई 2026 से संचालित होने वाले नए डिग्री कलेजों की तैयारियों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाओं, संसाधनों एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि निर्धारित तिथि से महाविद्यालयों का संचालन सुचारु रूप से प्रारंभ हो सके। उल्लेखनीय है कि मानसी एवं चौथम प्रखंड में भी 1 जुलाई 2026 से नए डिग्री कलेजों का संचालन प्रारंभ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने प्रखंड मानसी एवं प्रखंड खगड़िया में निर्माणाधीन नए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवनों के निर्माण कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित कार्यकारी एजेंसियों को निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश देते हुए नियमित मनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता आरती, अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी विवेक सुगंध सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### रघुनाथपुर की टीम पहुंची क्वार्टर फाईनल में

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिम टोला भोराहा वासा खेल मैदान में आयोजित टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन जदयू नेता व समाजसेवी ऋषव कुमार ने फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। एमसीसी मुस्लिम टोला भोराहा वासा के तत्वावधान में आयोजित इस टूर्नामेंट का पहला लीग मैच रघुनाथपुर और पचौत की टीमों के बीच खेला गया। वही रघुनाथपुर टीम ने टस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रघुनाथपुर की टीम ने 10 ओवर और 1 गेंद में अपने सभी विकेट खोकर 101 रन बनाए और पचौत को 102 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी पचौत की टीम रघुनाथपुर के गेंदबाजों के आगे टिक नहीं सकी और 8 ओवर 3 गेंद में मात्र 45 रनों पर ही सिमट गई। इस तरह रघुनाथपुर की टीम ने यह मैच बड़े अंतर से जीतकर र्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए रघुनाथपुर के खिलाड़ी पंकज कुमार को श्मैन अफ द मैच चुना गया। खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए युवा नेता ऋषव कुमार ने कहा की क्रिकेट अब केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि युवाओं के लिए करियर और कमाई का एक मजबूत जरिया बन चुका है। अगर खिलाड़ी पढ़ाई के साथ-साथ खेल में अनुशासन और कड़ी मेहनत बनाए रखें, तो वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं को खेल के प्रति समर्पण, नियमित अभ्यास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से इंजीनियर मिथिलेश कुमार, उपमुखिया मिथिलेश कुमार, अंपायर मोहम्मद इम्तियाज व मोहम्मद इरशाद, कमेंटेटर श्रीकांत व मोहम्मद मोनाजिर, विकास कुमार, अमित कुमार, स्कोरर मोहम्मद नियाज, मोहम्मद जलील उद्दीन, मनोवर, नोमान, अहद, मोहम्मद इब्रान, मोजाहिद, मेराज और मोहम्मद अनवर सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### पंचायत विकास दिवस पर मिली योजनाएं की जानकारी

**महेशखूंट।** गोगरी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पंचायत विकास दिवस पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन रविवार को किया गया। पकरैल पंचायत भवन में आयोजित विशेष ग्राम सभा में पंचायत कर्मियों ने योजनाएं की जानकारी लोगों को दिया। स्वच्छता पर्यवेक्षक रविशंकर कुमार ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता कर्मियों के द्वारा प्रत्येक दिन हर घर से कचड़ा का उठाव किया जाता है। शौचालय निर्माण करने के उपरांत लाभार्थी को सरकार के ओर से प्रोत्साहन राशि के रूप में 12 हजार रूपये दिया जाता है। वहीं किसान सलाहकार मनेलाल कुमार ने बताया कि किसानों के लिए अभी कई तरह की बीज अनुदान पर मिल रहा है। जरूरतमंद किसान इसका लाभ ले सकते हैं। पंचायत रोजगार सेवक ब्रजेश कुमार ने विबि जीरामजी योजना के बारे में लोगों को जानकारी दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया अरूण कुमार साह ने किया। उन्होंने ने पंचायत में विकासात्मक कार्य के बारे में लोगों को बताया। सरपंच प्रमोद कुमार सिंह ने कहा की उचित न्याय करना ही मेरा पहला प्रथमिकता है। मौके पर विकास मित्र निशा भारती, सेविका सावित्री देवी,पुनम देवी,रीता देवी, जीविका दीदी अनिता देवी,पुजा भारती, हलता कुमारी स्वच्छता कर्मी योगेन्द्र सदा,सुबोध दास, प्रमिला देवी, प्रियरंजन कुमार आदि मौजूद थे।

### पंचायत विकास दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**चौथम।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार रविवार चौथम प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज मध्य बोरने के जीविका कार्यालय में पंचायत विकास दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में पंचायत की 15वीं वित्त आयोग एवं षष्ठम राज्य वित्त आयोग मद की राशि के सदुपयोग, पंचायत में कराए जाने वाले विकास कार्यो तथा पंचायत के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही ग्रामीणों से सुझाव लेकर विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, जीविका के बीपीएम राजेश कुमार, सरपंच ललेंद महतो, उपमुखिया मुकेश कुमार, वार्ड सदस्य विजय पोद्दार,राजकुमार,कपिलदेव,खुबेश पासवान, चंदन भगत सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं कर्मी उपस्थित रहे। इसके अलावा बड़ी संख्या में जीविका दीदियां और ग्रामीण भी ग्राम सभा में शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं की पारदर्शिता और प्रभावी क्रियान्वयन को बढ़ावा देना है। ग्राम सभा में प्राप्त सुझावों के आधार पर पंचायत के विकास कार्यो को प्राथमिकता के अनुसार आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

### पसराहा सरकार भवन में ग्राम विकास दिवस का आयोजन

**पसराहा।** गोगरी अनुमंडल क्षेत्र के पसराहा पंचायत सरकार भवन में इस माह के अंतिम रविवार को ग्राम विकास दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बबीता कुमारी ने की। इस विशेष अवसर पर महिलाओं और बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए एक विस्तृत चर्चा का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान लैंगिक समानता, शिक्षा, कौशल विकास, सुरक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विमर्श किया गया। बबीता कुमारी ने उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता ही समाज की वास्तविक उन्नति का आधार है। कार्यक्रम में मौजूद विशेषज्ञों और जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस आयोजन में पंचायत के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित थे, जिनमें अकाउंटेंट प्रियंका कुमारी, कार्यपालक सहायक वीर कुमार, पर्यवेक्षक साजन कुमार, पीआरएस दिनेश सिंह, इंदिरा आवास सहायक राजू कुमार और विकास मित्र बोधु सदा शामिल थे। इसके अतिरिक्त पंचायत समिति सदस्य जयचंद्र कुमार, संजीव कुमार, मिलन सिन्हा, कंचन माला, मौसम कुमारी, कविता देवी, विनीता देवी, संगीता कुमारी, शोभा देवी, सुमित्रा देवी और शीला कुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम में दर्जनों जीविका दीदियों की सक्रिय भागीदारी ने इसे और भी महत्वपूर्ण बना दिया। ग्राम विकास दिवस का यह आयोजन पंचायत में सामाजिक चेतना और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम साबित हुआ।

# मानव शरीर पाने का एक ही लक्ष्य है कि हम लोग सार भक्ति करें : स्वामी शांतानंद बाबा

## एक दिवसीय बहु क्षेत्रीय संतमत मासिक सत्संग संपन्न

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** छोटी केशवपुर स्थित संतमत सत्संग आश्रम में बीती शनिवार की रात्रि को एकदिवसीय मासिक संतमत सत्संग समारोह रात्रि कालीन सत्संग के साथ संपन्न हो गया। जिसमें जमालपुर, मुंगेर, बरियारपुर, नौवागढी, पाटम, धरहरा, सुल्तानगंज, घोरघट, सूर्यगढा, अभयपुर, असरगंज एवं आसपास के इलाकों से सैकड़ो से संख्याओं ने सिरकत किया। आयोजित सत्संग की अध्यक्षता नवादा से पधारे महर्षि मेंही नित्यानंद धाम के महात्मा स्वामी शांतानंद जी महाराज निकला एवं मंच संचालन संतमत सत्संग के जिला प्रचार मंत्री राजन कुमारचौरसिया ने किया। उक्त अवसर पर सत्संग, प्रवचन, गुरु कीर्तन, भजन, रामायण पाठ, संतवाणी पाठ, आरती गान एवं सामूहिक भंडारा आयोजित हुआ। आयोजित सत्संग में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए स्वामी शांतानंद जी महाराज ने कहा कि सद्गुरु का उपकार इस संसार में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि अगि की सेवन छाती से, सूर्य का सेवन पीठ से और सतगुरु की सेवा सभी छल प्रपंच छोड़कर सभी अंकों से करना चाहिए । जीवन में जब तक सतगुरु नहीं मिलता है तब तक अज्ञानता रुपी अंधकार नष्ट नहीं होता । पारसमणी पत्थर कच्चा लोहा को सोना बना देता है परंतु सतगुरु के संग में रहने से सतगुरु अपने शिष्य को सतगुरु ही बना देते हैं। ईश्वर का साक्षात्कार करने वाले मात्र एक सतगुरु ही होते हैं। मानव शरीर पाने का एक ही लक्ष्य है वह ईश्वर की प्राप्ति। सत्संग में आने से सर एवं आसार भक्ति का ज्ञान होता है। भक्ति तो सभी करते हैं परंतु सार भक्ति करना ही मनुष्य शरीर का एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए। जब तक जीवन में सतगुरु नहीं मिलते हैं तब तक अंधकार रुपया अज्ञानता दूर नहीं होती है। आश्रम सचिव सूर्य नारायण मंडल ने आरती गण किया। सामूहिक भंडारा के बाद कार्यक्रम की समाप्ति हुई। मौके पर स्वामी प्रभाकर बाबा, स्वामी भूटान बाबा, स्वामी दिनेश बाबा, स्वामी राम भरोसा बाबा, स्वामी रमाकांत बाबा, स्वामी मंटू बाबा, रामप्रसाद साह, सत्यनारायणमंडल, सुरेंद्रप्रसाद, समझ दास गुप्ता, परशुराम चालीसा, चंद्रशेखर मंडल, राजन कुमार चौरसिया, गोपाल चौधरी, कैलाश प्रसाद , राजेश सरस्वती, मनोज तांती, प्रकाश अकेला, प्रमोद यादव, बंटी कुमार, रामसागर महतो, रामचंद्र मंडल, मनोज साह, शिव शंकर प्रसाद, जागो बाबा, अनिल कुमार, मुकेश कुमार, गोपाल मंडल, नरेश मंडल, विष्णु देव चौरसिया, रामनारायण गुप्ता शाहिद सैकड़ो सत्संगी मौजूद थे। प्रचानमंत्री राजन कुमार चौरसिया ने अगले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि दिनांक 25 जुलाई को बड़ी दरियापुर स्थित संतमत सत्संग आश्रम में एकदिवसीय मासिक शासन का आयोजन होगा जिसमें स्वामी शशि भूषण बाबा, स्वामी संतोष वर्मा एवं कई वरिष्ठ साधु संतों का प्रवचन होगा।



प्रवचन करते महात्मा।



उपस्थित सत्संगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मोटरसाइकिल नगदी के साथ दो चोर गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर पुलिस ने स्टेशन रोड से दो चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोर की पहचान राजू शर्मा एवं आकाश कुमार के रूप में हुआ है। इनके पास से 10 हजार नगद, एक मोबाइल एवं एक बाइक बरामद किया है। गिरफ्तार दोनों चोर से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने की बात थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने कही है। विदित हो कि एक दिन पूर्व ताराचंद गली सदर बाजार निवासी सोनू शर्मा ने 5 लाख रुपए के दुकान के अल्युमिनियम सामान की चोरी मामले को लेकर प्राथमिक की दर्ज कराई थी।

### आचार्य कबीरपीठ में भव्य कार्यक्रम आज

**फतुहा।** सुरु कबीर जयन्ती के अवसर पर सोमवार को दरियापुर स्थित आचार्य कबीरपीठ में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विश्व कबीर मानव समाज उत्थान मंच के अध्यक्ष आचार्य परमानंद दास ने बताया कि इस अवसर पर सुबह 6 बजे बीजक ग्रंथ पाठ, 9 बजे हवन, 11 बजे से सत्संग, भजन, प्रवचन एवं 5 बजे से प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस मौके पर अतिथि स्वरूप स्वामी विवेकानंद गिरी, महंत विश्वमोहन दास, हिमराज राम, महंत अमोद गोस्वामी, महंत सुभान दास आदि मौजूद रहेंगे।

### घर के दरवाजे से भैंस की चोरी

**फतुहा।** थाने के मकसूदपुर निवासी सुनील दास के दरवाजे पर बंधी भैंस अज्ञात चोरों ने चुरा ली। पीड़ित ने रविवार को थाने में अज्ञात के खिलाफ लिखित सूचना दी है। पीड़ित के अनुसार उसकी भैंस हमेशा की तरह शुक्रवार की रात घर के बाहर बंधी थी। शनिवार की सुबह भैंस वहां से गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद भी जब भैंस का पता नहीं चला तो उसने थाने की शरण ली। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### फरार चल रहे दो आरोपित गिरफ्तार

**फतुहा।** नदी थाने की पुलिस ने महीनों से फरार चल रहे दो आरोपितों को रविवार को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि वैशाली रुस्तमपुर निवासी मनोज राय कांड संख्या- 221\25 का प्राथमिकी अभियुक्त था। इस पर पहले से भी नदी थाने में कई मामले दर्ज हैं। वहीं थाने के प्राथमिकी अभियुक्त जेठुली निवासी नीरज कुमार उर्फ आर्यन को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा अब आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### फतुहा-दनियावां एनएच-30ए पर जाम

**दनियावां।** फतुहा-दनियावां एनएच-30ए पर शनिवार को भीषण जाम लगने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।जाम के कारण छोटे-बड़े वाहन घंटों सड़क पर फंसे रहे। सबसे अधिक परेशानी एंबुलेंस और दैनिक यात्रियों को हुई।

# श्रावणी मेला के पूर्व रेलवे की हर व्यवस्था होगी चुस्त दुरुस्त

### सीनियर डिवीजन कमर्शियल मैनेजर ने स्टेशन का किया निरीक्षण

### साफ सफाई को लेकर सीएचआई को दिए निर्देश

**जमालपुर (मुंगेर))।** मालदा डिवीजन के सीनरी कमर्शियल मैनेजर कार्तिक सिंह रविवार को जमालपुर स्टेशन पहुंचकर वाचन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डिविजनल मैनेजर ने



स्टेशन का निरीक्षण करते डीसीएम।

वेटिंग रूम, स्टल, शौचालय, टिकट रूम, पार्किंग, साफ सफाई, शौचालय एवं यात्री सुविधा का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश देते हुए कहा कि विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला शुरू होने वाला है। इसके पहले जो भी श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा का ख्याल रखते हुए हर छोटी बड़ी सुविधा को बेहतर बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रियों के सुरक्षा के साथ हम लोगों को रेलवे राजस्व के प्रति गंभीर होना होगा। यात्रियों को जागरुक एवं सचेत करने को लेकर प्लेटफार्म पर लगातार माइकिंग के साथ प्लेटफर्म एवं ट्रेन में टिकट चेकिंग अभियान को जारी रखना है। डिविजनल मैनेजर ने स्टेशन की लचर व्यवस्था को देखकर स्टेशन प्रबंधक को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्लेटफार्म पर यात्रियों को किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं हो इसको लेकर संबंधित पदाधिकारी के साथ यात्रियों से भी पूछताछ किया। मौके पर स्टेशन प्रबंधक मनोरंजन कुमार,सीआईटी जावेद, आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव, सीएचआई पंकज कुमार, मोतीलाल सहित कई मौजूद थे।

# एनएसजी-4 श्रेणी में शामिल बाढ़ स्टेशन सालाना 16 लाख यात्रियों की आवाजाही

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाला बाढ़ रेलवे स्टेशन एनएसजी-4 (नन सबअर्बन ग्रुप) श्रेणी का स्टेशन है। स्टेशन की यह श्रेणी उसकी यात्री संख्या और राजस्व क्षमता को दर्शाती है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार बाढ़ स्टेशन से प्रतिवर्ष लगभग 8.95 करोड़ रुपये का यात्री राजस्व प्राप्त होता है। वहीं, सालाना 16 लाख से अधिक यात्रियों की आवाजाही इस स्टेशन के माध्यम से होती है।रेलवे की श्रेणीकरण व्यवस्था के अनुसार बख्तियारपुर और मोकामा स्टेशन एनएसजी-3 श्रेणी में शामिल हैं, जो बाढ़ स्टेशन की तुलना में उच्च श्रेणी माने जाते हैं। इसके बावजूद बाढ़ स्टेशन क्षेत्र के महत्वपूर्ण रेलवे केंद्रों में शामिल है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री इस स्टेशन से यात्रा करते हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि बढ़ती यात्री संख्या को देखते हुए स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार, प्लेटफर्म सुविधाओं के उन्नयन तथा अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता है। रेलवे के श्रेणीकरण में बाढ़ स्टेशन की स्थिति यह दर्शाती है कि यह क्षेत्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है।

# विकसित भारत के लिए समृद्ध बिहार बनाना जरूरी : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने टेटिया बंबर से पूरे राज्य में पंचायत विकास शिविर का किया शुभारंभ, प्रधानमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास की नई इबारत लिखी गई

### 15 अगस्त के बाद अस्पतालों से मरीज रेफर करने पर होगी कार्रवाई

### बिहार में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं

**मुंगेर (एनएसबी)।** बिहार को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए गांवों को सशक्त करना होगा। जब गांव समृद्ध होंगे, तभी बिहार समृद्ध बनेगा और विकसित भारत का सपना साकार होगा। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार ने प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पंचायत विकास शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। पंचायतों में छूटे विकास कार्यो की समीक्षा और नई योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए यह शिविर मील का पत्थर साबित होगा। यह बातें मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी



मुख्यमंत्री को माला पहनाते लोग।

ने रविवार को टेटिया बंबर प्रखंड की भूना में आयोजित पंचायत विकास शिविर को संबोधित करते हुए कहीं। सीएम ने कहा कि टेटिया बंबर के लिए गर्व की बात है कि आज यहां से राज्य की 8500 पंचायतों में पंचायत विकास शिविर का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत विकास शिविर के माध्यम से विकास, गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, बाल कल्याण, जल प्रबंधन, पेयजल, स्वच्छता, खाद्यान्न उत्पादन और सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास की नई इबारत लिखी गई है। वर्ष 2014 के बाद देश में 4.5 करोड़ से अधिक आवासों का निर्माण हुआ, जबकि बिहार में एक करोड़ से अधिक परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक माह के पहले और तीसरे मंगलवार को पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर तथा अंतिम रविवार को पंचायत विकास शिविर लगेगा। इसके माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा और गांवों की तस्वीर बदली जाएगी। सीएम ने देवघरा में उच्चेश्वर स्थान में बनने वाले यूको टूरिज्म पर्यटन केंद्र का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहयोग शिविर के माध्यम से लगभग चार लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से साढ़े तीन लाख आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। आवेदन के निष्पादन में लापरवाही बरतने वाले नौ हजार अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि कोई अधिकारी 30 दिनों के भीतर जनता की समस्या का समाधान नहीं करेगा तो 31वें दिन उसे निलंबित कर दिया जाएगा। जमुई सांसद अरुण भारती, जिला प्रभारी मंत्री संजय कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, डीजीपी विनय कुमार, मुंगेर विधायक कुमार प्रणय, जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल, एमएलसी लालमोहन गुप्ता सहित प्रशासनिक पदाधिकारी थे।

# रेल अधिकारी के साथ पर्यावरण प्रहरियों ने काली पहाड़ी में किया वृक्षारोपण

### महोगनी सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से काली पहाड़ी क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान लगातार जारी है। रेलवे अधिकारियों एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित लोगों की पहल से हरित क्षेत्र को और समृद्ध बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

रविवार को पूर्व रेलवे लोको शेड, जमालपुर के एसएसई (एडब्ल्यूएम) एवं ईआरएमयू के पूर्व अध्यक्ष विष्णु देव सिंह यादव के नेतृत्व में पर्यावरण प्रहरियों ने काली पहाड़ी के रमणीय क्षेत्र में महोगनी सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस दौरान सभी ने पौधों के संरक्षण एवं पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित बनाए रखने का संकल्प लिया।विष्णु देव सिंह यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है, तभी हरियाली का वास्तविक उद्देश्य पूरा होगा।कार्यक्रम में ईआरएमयू के सचिव परमानंद यादव, गौतम सिंह, विनय दास, भगवान पासवान, राजेंद्र विश्वकर्मा, दशरथ साह सहित कई पर्यावरण प्रेमी एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।उल्लेखनीय है कि काली पहाड़ी क्षेत्र अपनी प्रातिक हरियाली और जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध है। यहां लगातार चल रहे वृक्षारोपण अभियान से क्षेत्र का हरित आवरण और मजबूत होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी नई दिशा मिल रही है। रेलवे अधिकारियों एवं पर्यावरण प्रहरियों की यह पहल लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बन रही है।



वृक्षारोपण करते अधिकारी एवं पर्यावरण प्रहरियों।

## संक्षिप्त खबरें

### मन की बात के 135वें एपिसोड को भाजपाइयों ने सुना

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें एपिसोड का प्रसारण रविवार को उत्साहपूर्वक सुना गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत प्रेरक प्रसंगों एवं सामाजिक संदेशों को उपस्थित कार्यकर्ताओं ने ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश सिंह, सत्यनारायण प्रसाद, संजय गिरी, विक्रमादित्य उर्फ राजू समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री द्वारा व्यक्त विचारों को जनहित एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणादायी बताया तथा इन संदेशों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



मुकेश कुमार सिंह, भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता, बाढ़।

### सम्राट चौधरी से मुलाकात कर बख्तियारपुर का नाम बदलने का प्रस्ताव रखा

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बख्तियारपुर के नाम परिवर्तन को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है। इसी क्रम में सद्गुरु ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर बख्तियारपुर का नाम बदलने का प्रस्ताव रखा है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री को भी इस संबंध में सुझाव दिया गया है।नाम परिवर्तन की मांग को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक एवं सामाजिक स्तर पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। समर्थकों का कहना है कि ऐतिहासिक और सांसतिक पहचान को ध्यान में रखते हुए नाम बदलने पर विचार किया जाना चाहिए। हालांकि, इस संबंध में अभी तक सरकार की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। बावजूद इसके, बख्तियारपुर का नाम बदलने की संभावनाओं को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

### मानदेय भुगतान की मांग को लेकर आशा व आंगनबाड़ी कर्मियों ने जताई नाराजगी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** आज से शुरू हो रहे पल्स पोलियो अभियान से पूर्व बाढ़ क्षेत्र में आशा कार्यकर्ताओं एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं ने लंबित मानदेय भुगतान को लेकर नाराजगी जताई है। कई कर्मियों ने मानदेय भुगतान एवं अन्य समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए अभियान में कार्य करने को लेकर असंतोष व्यक्त किया।कर्मियों का कहना है कि लंबे समय से मानदेय भुगतान में विलंब होने के कारण उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शीघ्र समाधान की मांग की है।दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग अभियान को सफल बनाने की तैयारी में जुटा हुआ है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पल्स पोलियो अभियान बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है तथा सभी संबंधित पक्षों से समन्वय स्थापित कर अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने का प्रयास किया जा रहा है।उल्लेखनीय है कि पल्स पोलियो अभियान के तहत पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाई जाती है। ऐसे में प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की निगाहें अभियान के सुचारु संचालन पर टिकी हुई हैं।

### बीस सूत्री बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** अथमलगोला प्रखंड कार्यालय में आयोजित बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में क्षेत्रीय विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विकास कार्यो को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से धरातल पर उतारने तथा सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया।बैठक के दौरान जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, विकास कार्यो की नियमित समीक्षा एवं योजनाओं की प्रभावी निगरानी पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष मंटू सिंह, प्रखंड प्रमुख रीना देवी, बीडीओ राजेश कुमार, चिकित्सा प्रभारी ड़ अमन कुमार, अंचलाधिकारी भावेश कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान कुछ सदस्यों द्वारा यह मुद्दा भी उठाया गया कि कुछ ऐसे व्यक्तियों की उपस्थिति देखी गई, जिनकी भूमिका को लेकर स्पष्टीकरण की आवश्यकता महसूस की गई। कुछ सदस्यों ने बैठक की निर्धारित प्रक्रिया एवं पारदर्शिता को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। हालांकि, इस संबंध में किसी प्रकार की आधिकारिक टिप्पणी या आपत्ति दर्ज होने की पुष्टि नहीं हो सकी है। बैठक का समापन जनहित एवं विकास कार्यो को गति देने के संकल्प के साथ हुआ। वहीं, बैठक से जुड़े कुछ मुद्दों को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जारी है।

### मृत्यु भोज पर रोक की उठी आवाज संवेदना को प्राथमिकता देने की अपील

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी माधुरी द्विवेदी ने समाज में प्रचलित मृत्यु भोज की परंपरा को बंद करने की सिफारिश करते हुए इसे आर्थिक और सामाजिक बोझ बताया है। उन्होंने कहा कि शोक की घड़ी में पीड़ित परिवार को सहानुभूति और सहयोग की आवश्यकता होती है, न कि सामाजिक दबाव में बड़े भोज आयोजित करने की।उन्होंने कहा कि मृत्यु भोज की परंपरा के कारण कई आर्थिक रूप से कमजोर परिवार कर्ज के बोझ तले दब जाते हैं। कई बार लोग सामाजिक प्रतिष्ठा और लोग क्या कहेंगे की मानसिकता के कारण अपनी सामर्थ्य से अधिक खर्च करने को विवश हो जाते हैं।माधुरी द्विवेदी ने कहा कि मृत व्यक्ति की सच्ची श्रद्धांजलि महंगे भोज नहीं, बल्कि उसके आदर्शो को जीवित रखना, जरूरतमंदों की सहायता करना तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कार्यो में सहयोग देना है। उन्होंने समाज से शोक के अवसर पर दिखावे की बजाय संवेदना और मानवीय सहयोग को प्राथमिकता देने की अपील की।उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ समाज में जागरूकता बढ़ रही है और कई स्थानों पर लोग सा्री से अंतिम संस्कार एवं श्राद्ध संस्कार संपन्न कर रहे हैं। उनके अनुसार, मृत्यु भोज पर होने वाले अनावश्यक खर्च को जनकल्याणकारी कार्यो में लगाया जाए तो यह मृतक के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



माधुरी द्विवेदी।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें तेज, कई मंत्रियों के विभाग बदलने की चर्चा

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** केंद्र की राजनीति में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार और विभागों के फेरबदल को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सहित कुछ अन्य मंत्रियों के विभागों में बदलाव की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों के हवाले से यह भी चर्चा है कि बिहार की राजनीति से जुड़े महत्वपूर्ण चेहरे और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राष्ट्रीय स्तर पर भूमिका को लेकर भी राजनीतिक गलियारों में कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि, इस संबंध में केंद्र सरकार अथवा संबंधित दलों की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आगामी चुनावी परिस्थितियों और विभिन्न राज्यों के राजनीतिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार संगठन और मंत्रिमंडल स्तर पर कुछ बदलाव कर सकती है। बिहार के राजनीतिक परिश्य को देखते हुए भी कई तरह की संभावनाओं पर चर्चा हो रही है। फिलहाल मंत्रिमंडल विस्तार, विभागों के पुनर्वितरण अथवा किसी नए चेहरे की संभावित एंट्री को लेकर केवल राजनीतिक अटकलों का दौर जारी है। आधिकारिक निर्णय और घोषणा के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

## खबरें : एक नजर में

### भरत भूषण तिवारी के श्राद्धकर्म की तैयारियां शुरू

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी के श्राद्धकर्म की तैयारियां परिवार की ओर से शुरू कर दी गई हैं। 17 जून को कथित पुलिस एनकाउंटर में हुई उनकी मृत्यु के बाद अब वैदिक परंपराओं के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जा रहे हैं। रविवार को गांव के उत्तर-पश्चिम स्थित काली मंदिर के समीप दशकर्म का कार्यक्रम संपन्न हुआ। 30 जून को श्राद्धकर्म एवं ब्रह्मभोज के साथ वैदिक परंपराओं के अनुसार सभी धार्मिक संस्कारों का समापन होगा।

### वर्ग-8 तक के कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियों पर 30 तक रोक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के सभी निजी/सरकारी विद्यालयों (प्री-स्कूल सहित) में वर्ग-8 तक के कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियों पर 30 जून 2026 तक पूर्णरूपेण एवं वर्ग-9 से वर्ग-12 तक के कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियों पर पूर्वाहन 11 बजे के बाद प्रतिबंधित किया गया है। विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि वे उल्लिखित आदेश के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों को पुनर्निर्धारित करेंगे। यह आदेश 29 से 30 जून 2026 तक लागू रहेगा।

### दो शराबियों को किया गिरतार

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** गीधा पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई करते हुए नशे की हालत में हंगामा कर रहे दो लोगों को गिरतार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरतार आरोपितों की पहचान गीधा थाना क्षेत्र के मोखलिसा गांव निवासी रहमत अली के पुत्र सोहबज हुसैन तथा डुमरिया गांव निवासी श्री भगवान राय के पुत्र दिनेश कुमार उर्फ बरमेश्वर राम के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने इसकी पुश्टि की।

### पंचायत विकास दिवस महज औपचारिकता बना

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** सरकार के निर्देशानुसार रविवार को शाहपुर प्रखंड की ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हालांकि कुछ पंचायतों को छोड़ अधिकांश स्थानों पर यह कार्यक्रम महज औपचारिकता बनकर रह गया। कई पंचायतों में कार्यक्रम केवल कागजी खानापूर्ति तक सीमित रहा। कार्यक्रम के दौरान निर्धारित नौ विकास लक्ष्यों के तहत विभिन्न योजनाओं के चयन की प्रक्रिया पूरी की गई तथा प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी सुना गया। लेकिन पंचायतों की उपलब्धियों, विकास कार्यों अथवा वित्तीय गतिविधियों का कोई लेखाजोखा ग्रामीणों के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। कई पंचायतों में सभी संबंधित कर्मियों की उपस्थिति भी नहीं रही। जिससे कार्यक्रम का उद्देश्य प्रभावित हुआ।

### मामूली विवाद में बालू घाट के मुंशी को मारा चाकू, आरोपी गिरतार

**आरा / सहार (दैनिक नवसंदेश)।** सहार थाना क्षेत्र के पेउर गांव स्थित बालू घाट नंबर-5 पर शनिवार की देर रात मामूली विवाद में बालू घाट के मुंशी को चाकू मार दी गई। जख्मी मुंशी को दाहिने एवं बाएं साइड सीने में चाकू मारी गई है। जख्मी सहार थाना के पेउर गांव निवासी स्व.अब्दुल रजाक के 50 वर्षीय पुत्र मो. अलाउद्दीन है। वह पेउर गांव स्थित बालू घाट नंबर-5 पर मुंशी का काम करते है। जख्मी मुंशी मो. अलाउद्दीन द्वारा सहार थाना में थाना क्षेत्र के पेउर गांव निवासी मो. नसीम उर्फ मोने के खिलाफ नामजाद प्राथमिकी दर्ज कराई है। वही सहार थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरतार कर लिया है।

# पंचायतें सुशासन एवं समावेशी विकास की महत्वपूर्ण इकाई : मल्ल



संबोधित करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया।

## प्रभारी मंत्री ने आपदाओं में मृत 25 लोगों के आश्रितों को दिए 1 करोड़ की अनुग्रह राषि

## महिला हितैषी ग्राम पंचायत थीम पर पंचायत विकास दिवस

**दैनिक नवसंदेश**

**आरा।** 'पंचायत विकास दिवस' के अवसर पर रविवार को उदवंतनगर प्रखंड की नवादाबेन पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण तथा युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री-सह-भोजपुर प्रभारी मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने की।

इस अवसर पर संदेश विधायक राधाचरण साह, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव-सह-भोजपुर प्रभारी सचिव संतोष कुमार मल्ल, जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक राज सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। पंचायत विकास दिवस का आयोजन 'महिला हितैषी ग्राम पंचायत' थीम पर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने ध्यानपूर्वक सुना।

प्रभारी मंत्री अरुण शंकर प्रसाद द्वारा विभिन्न आपदाओं में मृत 25 व्यक्तियों के आश्रितों को 4-4 लाख रुपये की दर से कुल 1 करोड़ रुपये की आपदा राहत अनुग्रह राशि हस्तांतरित की गई।

उन्होंने कहा कि बिहार सरकार पंचायतों को ग्रामीण विकास की आधारशिला मानते हुए उन्हें सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने महिलाओं की सक्रिय भागीदारी, युवाओं के कौशल विकास, रोजगार सृजन तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया।

प्रभारी सचिव संतोष कुमार मल्ल ने कहा कि पंचायतें सुशासन एवं समावेशी विकास की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से योजनाओं के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने तथा जनभागीदारी के माध्यम से पंचायतों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।

जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने कहा कि पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में जनभागीदारी को सुदृढ़ करना तथा विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्राम सभाओं को और अधिक सक्रिय बनाना है।

मौके पर पंचायत सशक्तिकरण, स्वच्छता एवं मद्य निषेध से संबंधित विषयों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। मौके पर डीडीसी, डीपीआरओ, एडीएम, जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, स्थानीय मुखिया, सरपंच, अन्य जनप्रतिनिधिगण थे।

## एसपी ने नवादा थाना का किया निरीक्षण

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** एसपी राज द्वारा रविवार को नवादा थाना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान राज ने नवनिर्मित महिला सिपाही बैरक की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, उन्होंने थाना के स्टेशन डायरी एवं डिजिटल सेवाओं की समीक्षा की और परिसर में स्वच्छता व अनुशासन बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। एसपी ने निरीक्षण के क्रम में थाने पर आए आम फरियादियों व नागरिकों की समस्याओं को भी अत्यंत संवेदनशीलता के साथ सुना और मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारी को हर शिकायत पर त्वरित निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई करने का आवश्यक निर्देश भी दिया।


एसपी ने नवादा थाना का किया निरीक्षण।

### जमीन विवाद मेंहथियारबंद बदमाशों ने की फायरिंग, पीड़ित के लिखित आवेदन पर छह के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी

**आरा/संदेश (दैनिक नवसंदेश)।** संदेश थाना के खोलपुर गांव में जमीन के विवाद में शनिवार को बदमाशों द्वारा सुधा डेयरी के प्रखंड सचिव पर फायरिंग कर दी गई। हालांकि इस दौरान वे बाल-बाल बच गए। वारदात को अंजाम देने बाद सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। पीड़ित संदेश थाना क्षेत्र के खोलपुर गांव निवासी नारायण सिंह के पुत्र उमेश कुमार सिंह है। वह सूधा डेयरी के प्रखंड सचिव है। बताया जाता है कि खोलपुर गांव निवासी राकेश कुमार एवं सुपन कुमार के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है, जिसमें उमेश कुमार सिंह गांव के सुपन कुमार के पक्ष से थे। इसी विवाद के कारण सोमवार को जब अपने घर के पास थे। तभी राकेश कुमार अपने अन्य साथियों के साथ वहां आ धमका और उन पर फायरिंग कर दी। संदेश थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने घटनास्थल से एक देशी कट्टा, एक कारतूस एवं एक खोखा बरामद किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में उमेश कुमार सिंह के लिखित आवेदन के आधार पर खोलपुर गांव निवासी राकेश कुमार सहित छह लोगों खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

### अंग्रेजी शराब के साथ अंतरराज्यीय गिरोह के दो तस्कर गिरतार

### 167.1 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, दो मालवाहक ऑटो जब्त

**आरा/बड़हरा (दैनिक नवसंदेश)।** सिन्हा पुलिस ने कुदरिया बांध के पास से दो अंतरराज्यीय शराब तस्कर को गिरतार किया गया। उनके पास रहे 167.1 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। इसके अलावा उक्त दोनों मालवाहक अटो को जब्त कर लिया गया। गिरतार तस्करों में उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के सहतवार थाना क्षेत्र के रामपुर नंबरी गांव निवासी हरीचरण पासवान का पुत्र दीपू कुमार एवं पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के उरान टोला गांव निवासी तारकेश्वर कुंअर का पुत्र सौरभ कुमार शामिल है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने दी। बताया कि थानाध्यक्ष राजू कुमार ने सूचना के आधार पर पुलिस बल के साथ कुदरिया बांध के समीप वाहन चेकिंग लगाया था। तब यूपी की तरफ से आ रही दो मालवाहक अटो पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगे। तभी सशस्त्र बल के साथ दोनों आटो को जब्त कर दो तस्करों को गिरतार कर लिया। तस्करों द्वारा बताया गया है कि मालिक द्वारा हमें यह शराब उत्तर प्रदेश से बिहटा ले जाने के लिए कहा गया था। पुलिस पूछताछ कर उनके अंतरराज्यीय नेटवर्क के बारे में भी खंगाल रही है।

## उद्गम पत्रिका की संपादकीय टीम हुई सम्मानित, 16वां अंक होगा पर्यटन विशेषांक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला शिक्षा विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका 'उद्गम' की संपादकीय टीम को उत्कृष्ट संपादन एवं रचनात्मक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डीपीओ (मध्याहन भोजन) मो. शारिक अशरफ ने संपादकीय टीम के सभी आठ सदस्यों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

मार्च 2025 से लगातार प्रकाशित हो रही 'उद्गम' पत्रिका के अब तक 15 संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं। यह पत्रिका प्रिंट के साथ-साथ ई-संस्करण में भी उपलब्ध है और शिक्षा, नवाचार, साहित्य तथा विद्यालयी गतिविधियों को व्यापक मंच प्रदान कर रही है। सम्मानित संपादकीय टीम में वरिष्ठ पत्रकार एवं पुस्तकालयाध्यक्ष शंभु शरण सिंह, वरीय शिक्षक मंजीव कुमार सिंह, हिमांशु मिश्रा, प्रीति पुतुल, प्रीति श्रीवास्तव, सुनीता दीपाली शर्मा तथा नीरज कुमार सिंह शामिल हैं।

सभी सदस्यों ने पत्रिका के संपादन, सामग्री संकलन और प्रकाशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी मानवेंद्र कुमार राय ने कहा कि भोजपुर जिले के विद्यालयों से भी विभिन्न पत्रिकाओं का नियमित प्रकाशन हो रहा है, जो शिक्षा के क्षेत्र में एक अनूठी और प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने बताया कि 'उद्गम' का 16वां संस्करण "पर्यटन विशेषांक" के रूप में शीघ्र प्रकाशित किया जाएगा जिसमें बिहार और भोजपुर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन स्थलों से जुड़ी विशेष सामग्री प्रकाशित होगी।


उद्गम पत्रिका की संपादकीय टीम सम्मानित।

## उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं के जांच दल ने किया बिलौटी का दौरा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पटना उच्च न्यायालय एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष, वरीय अधिवक्ता योगेश चंद्र वर्मा की अध्यक्षता में सात सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग टीम भोजपुर जिला स्थित बिलौटी गांव में भरत भूषण तिवारी की हत्या के पड़ताल के लिए उनके घर पर पहुंची। टीम में अधिवक्ता राम जीवन प्रसाद सिंह, डा राजाराम राय, डा गोपाल कृष्ण, मुकेश कुमार सिन्हा तथा जगदीशपुर बार के अनिल कुमार सिंह शामिल थे।

टीम ने पुलिस द्वारा हत्या की तथ्यात्मक जानकारी उनके आवास पहुंचकर उनके माता-पिता, सगे संबंधियों और पड़ोसियों से बातचीत के आधार पर जुटाई गई। बाद में टीम ने हत्या स्थल का दौरा किया तथा जवईनियां विस्थापितों से मिलकर वहां भी तथ्य जुटाए। यह टीम सभी तथ्यों का विश्लेषण करते हुए एक रिपोर्ट तैयार करेगी जिसे न्यायिक आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

श्री वर्मा ने बताया कि तथ्यात्मक रिपोर्ट न्यायिक आयोग के अध्यक्ष को समर्पित करने के साथ ही सरकार को भी एक मांग पत्र समर्पित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि घटना स्थल पर सभी सम्बंधित पक्षों से मिलने के बाद प्रथम ष्टया यह प्रतीत हुआ कि पुलिस सबूतों से छेड़छाड़ कर रही है और गवाहों को धमका रही है। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त की कि इनक्वायरी कमिशन के न्यायाधीश भरत तिवारी के घर उनके परिजनों से मिलने आरोपित अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ जाना आम लोगों में गलत संदेश देता है।

# व्यक्ति, परिवार और समाज को कमजोर करता है नशा : रजनीश कुमार

### नई आशा के नशा मुक्ति अभियान में नशा छोड़ने का संकल्प

### इंटर्नशिप कर रहे छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**आरा/उदवंतनगर (दैनिक नवसंदेश)।** सामाजिक संस्था 'नई आशा' द्वारा उदवंतनगर प्रखंड के चौराई माता शबरी सभागार में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभावों तथा बच्चों की शिक्षा एवं बेहतर भविष्य के लिए कार्य का आह्वान किया गया।

मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त, मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग, भोजपुर रजनीश कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों को कमजोर करता है। यदि हम अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करना चाहते हैं, तो हमें नशे से दूरी बनानी होगी। सरकार का उद्देश्य केवल कानून लागू करना नहीं, बल्कि जनजागरण के माध्यम से नशामुक्त समाज का निर्माण करना है।

नई आशा के संस्थापक डा. भीम सिंह भवेश ने कहा कि समाज का वास्तविक उत्थान शिक्षा, आत्मविश्वास और नशामुक्त जीवन से ही संभव है। परिवार अपनी मेहनत की कमाई नशे पर खर्च के बजाय बच्चों की पढ़ाई पर लगाएगा, तभी आने वाली पीढ़ियाँ सम्मान और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ेंगी। इस दौरान नई आशा के सेतु केंद्र में नियमित पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को प्रोत्साहन स्वरूप बाल्टी एवं मग आदि वितरण किया गया।


संबोधित करते सहायक आयुक्त रजनीश कुमार।

वहीं बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए बैट, बल, कैरम बोर्ड, शतरंज एवं लूडो का वितरण समाजसेवी विनोद जी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, एमिटी यूनिवर्सिटी, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। विद्यार्थियों ने रैली निकालकर तथा घर-घर जाकर लोगों को नशा छोड़ने और बच्चों को नियमित रूप से सेतु केंद्र भेजने के लिए प्रेरित किया। अंत में मनीष वत्स ने धन्यवाद ज्ञापन किया।


जागरूकता रैली को संबोधित करते मनीष वत्स।

कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक कुमार सिंह, कुंदन कुमार सिंह, शिक्षा सेवक अजय कुमार, राहुल बच्चन, सुमित कुमार सिंह, सुमित पांडे, अंशु कुमार गुप्ता, सौम्या, सुशांत, अभिनव सिंह एवं मोहित आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## खबरें खास-खास

### संगीत सरिता के रूप में मनाई गई सन्मत जैन की पुण्यतिथि

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** स्थानीय जेल रोड स्थित चौबीसी जैन मंदिर परिसर में बीती रात स्वारागम संगीत एकेडमी द्वारा सन्मत कुमार जैन की पुण्यतिथि संगीत सरिता के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सह संचालन करते हुए डा. जया जैन ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व स्व जैन के तैलीय चित्र पर डा किरण कुमारी, अभय जैन, डा दिवाकर पांडे, आदित्य विजय जैन, सवर्ण क्रांति सेना की अध्यक्ष पूनम सिंह, योग गुरु स्वामी विक्रमादित्य, शिक्षक मुन्ना राय आदि ने श्रद्धा के पुष्प अर्पित किए। संगीत सरिता कार्यक्रम के दौरान तबला वादक देवेश दुबे, सितार पर पंकज कुमार और शास्त्रीय गायिकी प्रस्तुत करते हुए आस्था दुबे भीम पलाशी के अंतर्गत छोटा ख्याल, बड़ा ख्याल, कहरवा, भजुमन राम चरण सुखदाई की गायिकी की। वही डा लाल बाबू निराला ने तबला वादन, बांसुरी पर सुशील सिंह तथा हारमोनियम पर विजेंद्र मिश्र ने गायिकी करते हुए राग भैरवी, ठुमरी, दादरा आदि की प्रस्तुति की। लोक गायिका पूजा पांडे, व्यास कमलेश आंनद, हार्मोनियन और तबला वादक राणा जी के साथ धार्मिक गीतों की गायिकी किया। ड जया जैन शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण ट्रस्ट के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में पप्पू सिंह पियनिया, जितेंद्र सिंह, अमरदीप कुमार जय, ट्रस्ट के उपसचिव सह शिक्षक संतोष कुमार सिंह,पत्रकार विजय कुमार सिंह आदि के साथ साथ ध्यान योग केंद्र के सचिव नरेंद्र सिंह पत्रकार भी उपस्थित थे।



संगीत सरिता के रूप मे मनाई गई सन्मत जैन की पुण्यतिथि।

### मोबाइल के अधिक इस्तेमाल से टीनएजर्स बच्चों में हो रहा नेकपेन

#### निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच सह परामर्श शिविर का आयोजन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के विष्णु नगर जेड चौक के समीप 'फिजियोहील' एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में रविवार को निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच सह परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 से अधिक मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इस दौरान 40 मरीजों का आधुनिक तकनीक से निःशुल्क जांच कर इलाज हेतु परामर्श दिया गया। वही 15 रेगुलर मरीजों का भी प्राइमरी फिजियोथेरेपी दिया गया। वहीं निःशुल्क ब्लड प्रेशर, वजन, ब्लड टेस्ट इंदिरा पैथो लैब के सौजन्य से किया गया। कैंप में रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों को ईलाज में विशेष लाभ दिया गया। फिजियोथेरेपिस्ट डा दिव्य प्रकाश ने बताया कि फिजियोहिल-एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर शहर का एकमात्र स्पेशलाइज्ड इन आर्थोपेडिक एंड न्यूरोलजिकल रिहैबिलिटेशन सेंटर है। उन्होंने बताया कि आज मरीज पोस्ट स्पाइन सर्जरी, घूटना सर्जरी, एंकल सर्जरी के बाद फिजियोथैरेपी एंड रिहैबिलिटेशन और स्ट्रोक पेशेंट्स, बैक पेन में डिस्क प्रोलैप्स, साइटिका, एसआई ज्वाइंटस, थिस्फंक्शन के केस देखे। उन्होंने बताया गया कि अब यहां एडवांस इपिमेंट से आर्थो केस जैसे एसीएलपीसीएल, लिगामेंट की सर्जरी के बाद के रिहैबिलिटेशन, साइंटिफिक एविडेंस बेस्ड ट्रीटमेंट और सीपीएम जैसे इपिमेंट और स्पोर्ट्स तक ट्रेनिंग के लिए रिहैब किया जाता है। डॉ प्रकाश ने बताया अब अगामी 26 जुलाई को निःशुल्क फिजियोथेरेपी एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा।


निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच सह परामर्श शिविर का आयोजन

### विकास की अवधारणा को लेकर महिला हितैषी हुई पंचायतें, कोईलवर, सभी पंचायतों में कार्यक्रम

#### दौलतपुर में शराबबंदी के समर्थन में निकाली जागरूकता रैली

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड की सभी 17 ग्राम पंचायतों में रविवार को पंचायत विकास दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रखंड के धनडीहा, मथुरापुर, राजापुर, भदवर, कायमनगर, नरबीरपुर, बीरमपुर, जलपुरा (तापा), गीधा, सकड्डी, दौलतपुर, खनगांव, चंदा, जोगता, गोपालपुर, खेसरहियां एवं कुल्हड़िया पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, आशा कार्यकर्ताओं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए प्रत्येक पंचायत में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के निर्देश पर नोडल पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। बैठकों में ग्राम पंचायतों की विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजनाओं, प्राप्त एवं व्यय राशि तथा शेष राशि की जानकारी ग्रामीणों के साथ साझा की गई। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वावलंबन तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र महिला तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक प्रसारण भी सुना गया। इसके अलावा वीडियो फिल्म के माध्यम से ग्रामीणों को पंचायत विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने और ग्राम सभा को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी कुणाल राज ने बताया कि इस बार की थीम "महिला हितैषी ग्राम पंचायत"है। दौलतपुर पंचायत में महिलाओं ने जन-जागरूकता रैली निकाली। मौके पर चंदन कुमार, गौतम कुमार पाल, मिथिलेश कुमार, अनिता कुमारी एवं सुमन कुमार, प्रकाश कुमार, मो नौशाद आलम, अर्चना कुमारी, ममता कुमारी, कंचन कुमारी, पुनीता कुमारी, अभिषेक कुमार, साकेत कुमार, दिव्या कुमारी, निशांत कुमार और ऋषभ कुमार आदि की सक्रिय भूमिका रही।


महिला हितैषी ग्राम पंचायत की अवधारणा पर हुई चर्चा।

### बिजली समस्या से नाराज लोगों ने गड़हनी में किया सड़क जाम, आश्वासन के बाद समाप्त हुआ प्रदर्शन

**गड़हनी (भोजपुर)(दैनिक नवसंदेश)।** गड़हनी बाजार के बागर मोड़ के पास बिजली की बदहाल व्यवस्था से नाराज लोगों ने रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता श्रीनिवास यादव के नेतृत्व में सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। आरोप लगाया है कि क्षेत्र में लंबे समय से लो वोल्टेज, लगातार बिजली कटौती और जर्जर तारों के कारण बार-बार फाल्ट की समस्या बनी हुई है। इससे आम लोगों के साथ-साथ व्यवसायियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क जाम में श्रीनिवास यादव, प्रमोद कुमार, गुड्डू विदेशिया, संतुलन प्रिय, भोला चौधरी, संतोष कुमार, महेंद्र चौधरी, रिंकू चौधरी, शिवाजी शर्मा, मंटू कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अविलंब समस्या के स्थायी समाधान की मांग की।


बिजली समस्या से नाराज लोगों ने गड़हनी में किया सड़क जाम।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीण चिकित्सकों ने स्वास्थ्य मित्र में बहाली की उठाई मांग, जदयू नेता उत्तम कुशवाहा को सौंपा आग्रह

**कुर्था (एनएसबी)** ग्रामीण चिकित्सा डाक बंगला में ग्रामीण चिकित्सकों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जदयू के वरिष्ठ नेता एवं मगध विश्वविद्यालय जदयू अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक के दौरान ग्रामीण चिकित्सकों ने स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य मित्र के पद पर बहाली कराने की मांग उठाई। चिकित्सकों ने कहा कि लंबे समय से वे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं, इसलिए सरकार उन्हें स्वास्थ्य मित्र के रूप में अवसर प्रदान करे। इस पर जदयू नेता उत्तम कुशवाहा ने कहा कि वे ग्रामीण चिकित्सकों की मांग को सरकार तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे स्वास्थ्य मंत्री तथा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से ग्रामीण चिकित्सकों की मुलाकात कराने का प्रयास करेंगे, ताकि उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल हो सके। बैठक में डॉ. युगल किशोर पाठक, डॉ. राजमणि, डॉ. निरंजन प्रसाद, डॉ. अभय तिवारी, डॉ. गिरजेश कुमार, डॉ. रंजू कुमार तथा डॉ. राम विनय ठाकुर सहित कई ग्रामीण चिकित्सक उपस्थित रहे।

### प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत भवन में ग्राम सभा का हुआ आयोजन

**कुर्था (एनएसबी)।** बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग के निर्देश पर रविवार को कुर्था प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के पंचायत भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया ने की। ग्राम सभा मे पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न जनहित के मुद्दों पर अपने विचार रखे। ग्राम सभा में मुख्य रूप से महिला हितों से जुड़े विषयों, पंचायत विकास योजनाओं के चयन तथा अन्य स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान ग्रामीणों से पंचायत क्षेत्र में कराए जाने वाले विकास कार्यों के संबंध में सुझाव भी लिए गए, ताकि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का चयन किया जा सके। बैठक को संबोधित करते हुए मुखिया ने विभागीय निदेर्शों की जानकारी देते हुए बताया कि अब प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को नियमित रूप से ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं का पारदर्शी चयन करना, ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करना तथा जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों ने भी पंचायत के विकास के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।

### अमथुआ पंचायत से पंचायत विकास दिवस का शुभारंभ, हर माह अंतिम रविवार को जिले की सभी 88 पंचायतों में होगा आयोजन

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जहानाबाद जिले के काको प्रखंड अंतर्गत अमथुआ पंचायत के धरहरा स्थित राजकीय अति पिछड़ा वर्ग +2 कन्या आवासीय विद्यालय परिसर में रविवार को पंचायत विकास दिवस का शुभारंभ बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री सह जहानाबाद के प्रभारी मंत्री






मो. जमा खान ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ् वाई भूटिया, पुलिस अधीक्षक श्री कोटा किरण कुमार सहित जिले के वरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री मो. जमा खान ने कहा कि पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में जनभागीदारी बढ़ाना तथा विकास योजनाओं की समीक्षा एवं आगामी कार्यों पर खुली चर्चा करना है। उन्होंने ग्रामीणों से प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने महिलाओं की बड़ी भागीदारी को बिहार के विकास की सकारात्मक तस्वीर बताया। जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ् वाई भूटिया ने कहा कि इस बार पंचायत विकास दिवस की थीम "महिला हितैषी ग्राम पंचायत" है। उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव एवं नवजात शिशुओं के समय पर टीकाकरण पर विशेष बल देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं जीविका दीदियों के सहयोग से जिले में शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्री कोटा किरण कुमार ने ग्रामीणों से किसी भी आपात स्थिति में 112 नंबर पर सूचना देने की अपील की तथा बेहतर पुलिस व्यवस्था (गुड पुलिसिंग) सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इसके अलावा नशा मुक्ति एवं शराबबंदी पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया तथा सुबह 7 बजे पंचायत में प्रभात फेरी निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्री सुजीत कुमार ने बताया कि पंचायत राज विभाग के निदेर्शानुसार अब प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को जिले की सभी 88 ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पंचायतों में जनभागीदारी को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (घोसी) श्री राजीव रंजन सिन्हा, डीआरडीए के निदेशक, सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग श्रीमती पूनम कुमारी, जिला कल्याण पदाधिकारी श्री संजय कुमार, उत्पाद अधीक्षक श्री दिलीप कुमार, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सुश्री आकांक्षा गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, काको, अमथुआ पंचायत के मुखिया मेराज अहमद उर्फ सुड्डू, जदयू जिलाध्यक्ष प्रो. सुनील कुमार सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष धीरज कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण, विशेषकर महिलाएं उपस्थित रहीं।

### कांग्रेस के संगठन को नई ऊर्जा देने के लिए प्रशिक्षण शिविर शुरू

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्षों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने किया। इस अवसर पर श्री राम ने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत गांव और प्रखंड स्तर पर कार्यरत कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों में निहित होती है। उन्होंने कहा कि प्रखंड अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ हैं और उन्हें पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यशैली तथा जनसरोकारों के प्रति पूरी तरह प्रशिक्षित और सक्रिय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य प्रखंड अध्यक्षों को संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, जनसमस्याओं के समाधान तथा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने के लिए तैयार करना है। उन्होंने सभी प्रखंड अध्यक्षों से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण शिविर में विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, डॉ. शकील अहमद खान, कपिलदेव प्रसाद यादव, रंजीत मिश्रा, कुमार आशीष, पंकज यादव, डॉ संजय यादव, विमलेश तिवारी सहित प्रखंड अध्यक्ष मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने किया पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन

**अरवल (एनएसबी)।** पंचायती राज मंत्री-सह- प्रभारी मंत्री ने अमरा पंचायत में पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम का किया उद्घाटन पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार के निदेर्शानुसार आज दिनांक 28 जून, 2026 को अरवल जिला अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन उत्साहपूर्ण एवं जनसहभागिता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर माननीय मंत्री, पंचायती राज विभाग सह प्रभारी मंत्री दीपक प्रकाश ने अरवल प्रखंड अंतर्गत अमरा पंचायत में आयोजित पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया तथा



उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। अपने संबोधन में माननीय मंत्री ने पंचायतों को ग्रामीण विकास की आधारशिला बताते हुए जनभागीदारी, महिला सशक्तिकरण तथा स्थानीय स्तर पर विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से पंचायतों के समग्र विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस, उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार, बीस सूत्री उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी एंव सदस्य सतेन्द्र रंजन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिले के सभी पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में ग्राम सभा के सदस्यों, पंचायत प्रतिनिधियों, जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाएँ, महिला समूहों तथा आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में जनभागीदारी को बढ़ावा देना, स्थानीय विकास योजनाओं पर चर्चा करना तथा सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सामूहिक प्रयास सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायतों की वर्तमान योजनाओं, आगामी विकास कार्यों, प्राप्त राशि, व्यय एवं अवशेष राशि की जानकारी साझा की गई। साथ ही स्थानीयकृत सतत विकास के नौ लक्ष्यों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा पंचायत स्तर पर इनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सुझाव प्राप्त किए गए। इस माह पंचायत विकास दिवस का विषय "महिला हितैषी ग्राम पंचायत" निर्धारित होने के कारण कार्यक्रम में महिलाओं की विशेष एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए तथा महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा एवं आर्थिक स्वावलंबन से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट पंचायतों द्वारा किए गए विकास कार्यों का वीडियो प्रदर्शन किया गया।

## पंचायत विकास दिवस पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**शहरतेलपा (एनएसबी)।** करपी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केयाल, के पंचायत सरकार भवन में बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग के निर्देश पर ह्यविकसित भारत-समृद्ध बिहारह्न थीम पर पंचायत विकास दिवस के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया।ग्राम सभा की अध्यक्षता मुखिया राम एकबाल साव ने की। बैठक में पंचायत सचिव सुमन कुमार विश्वास, रोजगार सेवक विनोद कुमार, आवास सहायक, मुस्लिम खान,विकास मित्र कुसुम कुमारी, कचहरी सचिव सरिता सिंधु, डाटा एंट्री ऑपरेटर अभिनव कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक पिंटू कुमार, पंचायत समिति सदस्य रामकुमार राजवंशी, सभी वार्ड सदस्य, बड़ी संख्या में जीविका दीदी और ग्रामीण मौजूद रहे। इस ग्राम सभा में 11 मुख्य बिंदुओं पर चर्चा हुईः1. राष्ट्रगान से शुरूआतःसभा की शुरूआत उपस्थित सभी लोगों द्वारा राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान से की गई।2.धन्यवाद ज्ञापनः मुखिया राम एकबाल साव ने सभा में आए सभी जनप्रतिनिधियों, कर्मियों व जनता का आभार जताया।3.ई-ग्राम स्वराज की जानकारीः पंचायत सचिव ने ई-ग्राम स्वराज व ई-पंचायत पोर्टल पर प्रविष्ट योजनाओं की जानकारी दी।4.योजनाओं की समीक्षाः पंचायत में चल रही योजनाओं व आगामी माह में चलाई जाने वाली योजनाओं पर चर्चा हुई।5.खर्च का ब्यौराः बीते माह में ग्राम पंचायत द्वारा क्रियान्वित योजनाओं पर हुए खर्च की जानकारी दी गई।6.आय-व्यय की जानकारीः पंचायत सचिव ने विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त आय, व्यय व अवशेष राशि का



ब्यौरा प्रस्तुत किया। पर परिचर्चाः स्थानीय सतत विकास लक्ष्य के तहत महिला सशक्तिकरण विषय पर चर्चा हुई।8.पुरस्कृत पंचायत का प्रसारणः विशिष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत होने वाली ग्राम पंचायतों का वीडियो यूट्यूब के माध्यम से दिखाया गया।9.मन की बात का प्रसारणः उपस्थित लोगों को ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रधानमंत्री के ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम का प्रसारण सुनाया गया।10.आय बढ़ाने पर चर्चाः ग्राम पंचायत के आय के स्त्रोतों में वृद्धि कैसे हो, इस पर विचार-विमर्श किया गया।

## कुर्था में पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ

**कुर्था (एसएनबी)** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुर्था में रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार ने जन्म से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर किया। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के निदेर्शानुसार 28 जून से 2 जुलाई 2026 तक पूरे राज्य में पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जन्म से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो से बचाव के लिए



पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने छोटे बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य ले जाकर पोलियो की दवा पिलाएं। अभियान से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं

**5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जा रही पोलियो की खुराक**

आंगनबाड़ी सेविका से संपर्क किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि भारत पोलियो मुक्त देश है, लेकिन दुनिया के कुछ देशों में अभी भी पोलियो के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में संक्रमण का खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए प्रत्येक पल्स पोलियो अभियान में सभी बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाना आवश्यक है।

## बीपीएससी 70वीं परीक्षा में कुर्था के नलिन शुभम बने डीएसपी ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

**कुर्था (एनएसबी)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी होने के बाद कुर्था बाजार के रहने वाले नरेश पासवान के पुत्र नलिन शुभम ने 989वीं रैंक हासिल कर डीएसपी पद के लिए चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साधारण परिवार से आने वाले नलिन शुभम ने पहले ही प्रयास में यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। बेटे की सफलता की खबर मिलते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। माता-पिता, चाचा-चाची सहित परिजनों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया, वहीं बच्चों ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया। नलिन शुभम के चाचा उमेश पासवान ने बताया कि नलिन बचपन से ही मेधावी और मेहनती रहा है। उसकी लगन और



अथक परिश्रम का ही परिणाम है कि उसने पहले ही प्रयास में डीएसपी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि साबित करती है कि सच्ची मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। नलिन शुभम के पिता नरेश पासवान झारखंड के गिरिडीह में ग्रामीण कार्य विभाग में प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपने पुत्र को बेहतर शिक्षा और संस्कार दिए, जिसका परिणाम आज पूरे क्षेत्र के सामने है। रविवार को जैसे ही नलिन शुभम कुर्था पहुंचे, स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। बैंड-बाजे के साथ रोड शो निकाला गया तथा जगह-जगह लोगों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। स्वागत समारोह के दौरान नलिन शुभम ने कहा कि डीएसपी बनना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि सफलता की कोई सीमा नहीं होती, इसलिए लक्ष्य तय कर पूरी मेहनत और ईमानदारी से तैयारी करें। उन्होंने कहा, "मेहनत इतनी खामोशी से करनी चाहिए कि कामयाबी खुद शोर मचा दे।" कुर्था आगमन पर उन्होंने सबसे पहले अमर शहीद जगदेव प्रसाद की आदमकद प्रतिमा तथा अमर श्याम बिहारी बेनीपुर स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मुहर्रम शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न, डीएम-एसपी ने रात्रि गश्ती कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**जहानाबाद (एनएसबी)।** मुहर्रम पर्व के अवसर पर जिले में ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ् वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक श्री कोटा किरण कुमार ने नगर परिषद क्षेत्र में रात्रि गश्ती कर सुरक्षा व्यवस्था का लगातार निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने संवेदनशील स्थलों का भ्रमण कर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही ताजिया जुलूस के संचालन, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। मुहर्रम के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। प्रमुख स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई थी तथा कंट्रोल रूम के माध्यम से पूरे आयोजन की सतत निगरानी की गई। जिला प्रशासन ने बताया कि प्रशासन, पुलिस, दंडाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, ताजिया समितियों तथा आम नागरिकों के समन्वित सहयोग से मुहर्रम पर्व जिले में पूरी तरह शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न हुआ।

## जहानाबाद में सिपाही (चालाक) लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, 47 प्रतिशत अभ्यर्थी हुए शामिल

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिले में रविवार को आयोजित सिपाही (चालक) लिखित परीक्षा-2026 शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा जिले के 10 परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित की गई।

परीक्षा नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 5,328 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 2,509 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 2,819 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार परीक्षा में लगभग 47 प्रतिशत अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के लिए सभी केंद्रों पर आवश्यक प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्राधीक्षकों द्वारा उपस्थिति संबंधी प्रतिवेदन परीक्षा नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध कराया गया। जिला प्रशासन ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई तथा कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई।



सिपाही, (प्रचालक) लिखित परीक्षा, 2026

दिनांक 28-06-2026 पाली:- एकल पाली

समय- 12AM to 2PM

| क्र. | परीक्षा केन्द्र का नाम | कुल परीक्षार्थी | उपस्थित | अनुपस्थित | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मुरलीधर इंटर स्कूल, राजाबाजार, जहानाबाद। | 504 | 248 | 256 | |
| 02 | प्रतिभा पल्लवन मेमोरियल स्कूल,वेंकटेश्वर नगर, जहानाबाद। | 504 | 208 | 296 | |
| 03 | आदर्श मध्य विद्यालय, उंटा, जहानाबाद। | 480 | 250 | 230 | |
| 04 | गौतम बुद्ध इंटर स्कूल, जहानाबाद। | 600 | 261 | 339 | |
| 05 | हाई स्कूल, हाटी | 768 | 344 | 424 | |
| 06 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डेढसैया, जहानाबाद। | 360 | 174 | 186 | |
| 07 | रामकृष्ण परमहंस विद्यालय, नियर साईं मंदिर, जहानाबाद। | 504 | 248 | 256 | |
| 08 | ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, जहानाबाद। | 600 | 291 | 309 | |
| 09 | राज्य संपोषित बालिका इंटर विद्यालय, जहानाबाद। | 384 | 181 | 203 | |
| 10 | श्री रामकृष्ण प्लस टू स्कूल, पडुई, जहानाबाद। | 624 | 304 | 320 | |
| | कुल | 5328 | 2509 | 2819 | |

ज्ञापांक 215/नि० कक्ष, जहानाबाद, दिनांक 28-06-2026

प्रतिलिपि- जिला पदाधिकारी, जहानाबाद को आदेश पत्रांक 1489/गो० दिनांक 26.06.2026 के आलोक में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला नियंत्रण कक्ष, जहानाबाद

## प्रभारी मंत्री ने की विकास योजनाओं की समीक्षा, लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई के दिए निर्देश



**जहानाबाद।** बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री सह जहानाबाद के प्रभारी मंत्री मो. जमा खान ने रविवार को जिला अतिथि गृह के सभागार में जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ् वाई भूटिया, पुलिस अधीक्षक श्री कोटा किरण कुमार सहित सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जो भी अधिकारी अथवा कर्मी अपने कार्यों के प्रति उदासीनता बरतेंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई की सूचना उन्हें भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

समीक्षा के दौरान मनरेगा की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए बताया गया कि योजना के क्रियान्वयन में जहानाबाद जिला राज्य में दूसरे स्थान पर है। अगले माह से वृक्षारोपण अभियान शुरू किया जाएगा तथा जिले में 73 खेल मैदानों का निर्माण पूरा हो चुका है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में बताया गया कि नए सदर अस्पताल भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है और इसे दिसंबर 2026 तक हस्तांतरित किए जाने का लक्ष्य है। अस्पताल की सफाई व्यवस्था जीविका के माध्यम से संचालित की जा रही है। प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को सभी स्वास्थ्य केंद्रों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

शिक्षा विभाग की समीक्षा में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मध्याह्न भोजन) ने बताया कि सभी विद्यालयों में नियमित रूप से मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है तथा इसकी निगरानी के लिए व्हाट्सएप समूह के माध्यम से प्रतिदिन फोटो एवं प्रतिवेदन प्राप्त किए जाते हैं। मंत्री ने इसकी भौतिक जांच कराने का निर्देश दिया। आईसीडीएस की समीक्षा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषाहार उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई। प्रभारी मंत्री ने प्रत्येक प्रखंड में प्रतिमाह एक समीक्षा बैठक आयोजित कर सेविका एवं सहायिकाओं की समस्याओं के समाधान का निर्देश दिया।

बैठक में विद्युत विभाग को किसानों के लिए पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, जीविका के माध्यम से अधिक से अधिक महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने, पथ निर्माण विभाग को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निर्माण कार्य कराने तथा कृषि विभाग को किसानों को उचित मूल्य पर यूरिया उपलब्ध कराने एवं किसान पंजीकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में प्रभारी मंत्री ने अन्य विभागों की भी समीक्षा करते हुए जनहित से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया।

## भाजपा नेताओं ने सुना पीएम मोदी के मन की बात

**पटना।** भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ द्वारा रविवार को कैंप कार्यालय में पीएम मोदी के लोकप्रिय मासिक कार्यक्रम मन की बात के 135वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रो. (डॉ.) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने की। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक अमृतेष कुमार गुप्ता, मुख्य प्रवक्ता नरेश महतो, अंजनी कुमार गुप्ता, आनंद मिश्रा पाराशर, मधु प्रिया सहित प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, स्थानीय व्यवसायी एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. जगन्नाथ गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी का यह संबोधन बिहार के पर्यावरण, जल संरक्षण एवं कृषि विकास के लिए नई दिशा प्रदान करने वाला है। उन्होंने कहा कि नदियों, तालाबों एवं कुओं के संरक्षण, जलकुंभी एवं प्लास्टिक कचरे की सफाई में युवाओं की भागीदारी की पीएम द्वारा की गई सराहना अत्यंत प्रेरणादायक है। इससे बिहार में संचालित नमामि गंगे एवं स्थानीय स्वच्छता अभियानों को नई ऊर्जा मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।